जबलपुर

सोमवार, 19 मई 2025

- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-7
- वर्ष : 20, अंक : 19
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 38

न्यून. 27

आचार्य ने सीएम को दिया श्रीकल्कि धाम आने का न्यौता



भोपाल। श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम महाराज ने रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके आवास पर भेंट की। शुभाशीष और शुभकामनाओं के साथ श्रीकल्कि धाम आने का स्नेह आमंत्रण दिया।

### पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था तब ज्योति पाकिस्तान के हाई कमीशन के संपर्क में थी

# पहलगाम का सुरक्षा इनपुट उसी ने आईएसआई को दिया था, पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों की इस एंगल पर भी जांच

**अय्याशी की कीमत पर बताती रही भेद**

◆ भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान भी ज्योति पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हुई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को लेकर नए-नए खुलासे हो रहे हैं। रविवार को हिसार के एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था तब ज्योति पाकिस्तान के हाई कमीशन दानिश के संपर्क में थी। वो कई बार पाकिस्तान जा चुकी है, चीन भी गई है। फिलहाल उसे 5 दिन की रिमांड पर रखा गया है। पहलगाम आतंकी हमले से 3 महीने पहले श्रीनगर गई थी। इस दौरान पहलगाम में भी घूमने पहुंची थी। माना जा रहा है कि पहलगाम का सुरक्षा इनपुट उसी ने आईएसआई को दिया था। पुलिस तमाम एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों से संपर्क में बने हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान भी ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थी। ज्योति पर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धारा 3 और 5 के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता अधिनियम की धारा 152 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



**ऑपरेशन सिंदूर के बाद संदिग्धों की सूची में थी**

तीन बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति को पहलगाम आतंकी घटना और ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी आईबी ने संदिग्धों की सूची में शामिल किया था। देश की खुफिया सूचनाएं साझा करने का इनपुट मिलने के बाद से ज्योति के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट ट्रैस किए जा रहे थे।

**पिता बोले... मेरी बेटी बेकसूर**

ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि उनकी बेटी बेकसूर है। वह पाकिस्तान गई थी, लेकिन उसने कोई गलत काम नहीं किया। वह पाकिस्तान सरकार से वीजा लेकर गई थी। उनकी बेटी को फंसाया जा रहा है। उनके घर कभी कोई पाकिस्तानी नहीं आया। न ही कभी किसी पाकिस्तानी ने फोन किया।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला

लखनऊ – हैदराबाद

शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

**बोर्ड पर लिखा- ट्रांसफर के लिए संपर्क न करें**

इंदौर। मप्र में तबादला नीति लागू होने के बाद से विधायकों और सांसदों के यहां अनुशंसा पत्र के लोगों की भारी भीड़ लगनी शुरु हो गई। इसके चलते उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने अपने दफ्तर के बाहर एक बोर्ड लगा दिया है। जिसमें स्पष्ट लिखा है कि ट्रांसफर के लिए संपर्क न करें।



**स्कूल परिसर में शिक्षक ने की आत्महत्या**

दमोह। जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र के महुअट गांव के सरकारी स्कूल परिसर में एक शिक्षक माधव सिंह लोधी का शव रविवार सुबह में फंदे से लटका मिला। शिक्षक जिस स्कूल में पदस्थ थे वहीं उन्होंने फांसी लगा ली। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपर्द कर मामला जांच में लिया है।



**अभिनेता मिथुन को बीएमसी का नोटिस**

मुंबई। एक्टर और पॉलिटिशियन मिथुन चक्रवर्ती को हाल ही में बीएमसी (बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन) की तरफ से लीगल नोटिस जारी किया गया है। आरोप हैं कि मिथुन चक्रवर्ती ने मलाड स्थित प्लॉट पर अवैध निर्माण करवाया है।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम मार्ग पर भोज-नर्मदा द्वार का किया भूमि पूजन

# भोपाल के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर बनेंगे 9 द्वार, आंचलिक संस्कृति को उकेरा जाएगा



*9 द्वारों पर मां नर्मदा के तट पर विद्यमान प्रमुख तीर्थों सहित सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ उकेरे जाएंगे*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को जानने का सजीव अवसर प्रदान करना आवश्यक है। सांस्कृतिक द्वार इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल प्रदेश की राजधानी है। यहां प्रदेश के विभिन्न अंचलों की संस्कृति और इतिहास को अभिव्यक्ति प्रदान की जाएगी। भोपाल के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर निर्मित होने वाले 9 द्वारों पर मां नर्मदा के तट पर विद्यमान प्रमुख तीर्थों सहित सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ उकेरे जाएंगे। उज्जैन में निर्मित महामृत्युंजय द्वार, विभिन्न काल में उज्जैन के इतिहास और प्रमुख घटनाओं को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल में नर्मदापुरम मार्ग पर समरधा में निर्मित होने वाले भोज-नर्मदा द्वार के भूमि-पूजन अवसर पर जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे।

**भोपाल नगर निगम ने नीमच में स्थापित किया 10 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र भोपाल की जल प्रदाय व्यवस्था में होगा बिजली का उपयोग**



◆ **उज्जैन में निर्मित महामृत्युंजय द्वार, विभिन्न काल में उज्जैन के इतिहास और प्रमुख घटनाओं को अभिव्यक्त करता है**

**5 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा भोज-नर्मदा द्वार**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आत्मनिर्भर नगर निगम व नगर पालिका के सपने को साकार करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भोपाल नगर निगम द्वारा, नीमच में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना, आत्मनिर्भता की ओर एक प्रभावी कदम है। भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय ने बताया कि 5 करोड़ रुपए की लागत से भोज-नर्मदा द्वार का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि भोपाल नगर निगम ने नीमच में स्थापित किए जा रहे सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग भोपाल की जल प्रदाय व्यवस्था के संचालन में किया जाएगा।

**पीएम मोदी कर सकते हैं इंदौर मेट्रो का शुभारंभ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को ही इंदौर में करीब 7 हजार करोड़ रुपए की लागत से तैयार इंदौर मेट्रो का शुभारंभ कर सकते हैं। हालांकि, उनका अभी अधिकृत कार्यक्रम नहीं आया है।

***इंदौर में 20 मई को होगी कैबिनेट की बैठक***

*इस बार की इंदौर में 20 मई को होने वाली कैबिनेट की बैठक माता अहिल्या की 300 वीं जन्मशताब्दी को समर्पित होगी। यह बैठक प्रशासनिक दृष्टि से जितनी अहम है, उतनी ही सांस्कृतिक और विकासात्मक दृष्टि से भी इंदौर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कैबिनेट बैठक के साथ-साथ प्रस्तावित विशेष कार्यक्रमों और शहर के प्रमुख स्थलों के दौरे की रूपरेखा भी तैयार की जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 19 मई की रात समस्त मंत्रिमंडल के साथ इंदौर पहुंचेंगे। वे इस दौरान अपनी कैबिनेट के साथ लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में माता अहिल्या पर आधारित नाट्य मंचन भी देखेंगे। इसके अलावा सर्राफा बाजार चौपाटी भी जाएंगे। इसके अगले दिन होने वाली कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री इंदौर में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इनमें विशेष रूप से वे प्रोजेक्ट शामिल होंगे, जिन्होंने शहर को देश में नंबर वन बनाया है। उसमें हुकुमचंद मिल हो इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट हो,स्वच्छता और डिजिटलाइजेशन हो वह भी सम्मिलित है।*

### हैदराबाद में चारमीनार के पास भीषण आग



# गुलजार हाउस में आठ बच्चों समेत 17 की जिदंगी का बुझ गया चिराग

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना में ऐतिहासिक चारमीनार के पास गुलजार हाउस की एक इमारत में रविवार को भीषण आग लग गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में आठ मासूम बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के वक्त इमारत में 21 लोग थे। यहां एक निजी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 17 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया था।

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तेलंगाना के हैदराबाद में आग लगने की घटना में हुई जानमाल की हानि से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख जी. किशन रेड्डी और तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर गुलजार हाउस पहुंचे। अग्निशमन विभाग को सुबह करीब 6.30 बजे एक फोन आया। इसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान कई लोग बेहोश पाए गए।

- सुबह करीब 6 बजे लगी थी आग, 3 घंटे में पाया काबू
- आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं, पहला कारण शॉर्ट सर्किट
- पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

**एक ही परिवार के 17 सदस्य फंस गए थे**

आग लगने की घटना में एक परिवार के 17 सदस्य फंस गए थे। अग्निशमन विभाग तुरंत यहां पहुंच गया। मुख्यमंत्री परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं। पोन्नम प्रभाकर और हम सभी यहां बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं। घटनास्थल पर मौजूद एआईएमआईएम के एक विधायक ने बताया कि करीब 20 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है।

### भतीजे को फिर सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

## आकाश आनंद बने बसपा के मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर

एजेंसी ⏭ लखनऊ

बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मायावती ने आकाश आनंद को बसपा का मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया है। रविवार को दिल्ली में हुई बसपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में बसपा प्रमुख मायावती ने इसकी घोषणा कर दी। आकाश आनंद को तीन नेशनल कोआर्डिनेटर रिपोर्ट भी करेंगे। आकाश आनंद आगामी चुनाव में प्रचार-प्रसार की कमान भी संभालेंगे।

- वे आगामी चुनाव में प्रचार-प्रसार की कमान भी संभालेंगे



### एक बच्चा भोपाल से नानी के घर आया था

## छत पर खेल रहे थे 3 बच्चे हाईटेंशन लाइन से झुलस गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूरनपुरा गली नंबर चार में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन बच्चे झुलस गए। तीनों एक साथ खेल रहे थे। छत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी थी। तीनों बच्चों के परिजन किराए से रहते हैं। घटना शाम करीब 4.30 बजे की है। हादसे के बाद तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के दौरान निकली चिंगारी और आवाज सुनकर परिजन बच्चों को देखने पहुंचे तब तक तीनों झुलस चुके थे। गली नंबर 4 निवासी जय पिता प्रमोद अहिरवार 10 साल 20 प्रतिशत झुलसा है। वहीं, हर्ष पिता अनिल राठौर उम्र 12 साल 80 प्रतिशत झुलस गया। हर्ष के पिता जूते-चप्पल बेचने का काम करते हैं।

- एक बच्चा 80% दूसरा 60 और तीसरा 20% झुलसा

### हलाली डेम पर पिकनिक मनाने भोपाल से आए थे युवा

## डेम से मछली पकड़ी-पकाई, फिर स्लूज पर चले गए, दो युवकों की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल से हलाली डेम पर पिकनिक मनाने आए 6 युवाओं में से 2 की डेम में डूबने से मौत हो गई। सभी ने डेम पर पहले मछली पकड़ी फिर किनारे पर ही खाना बनाया। वापस आने की तैयारी थी। तभी सभी युवा स्लूज पर पहुंच गए। इसी दौरान फिरोज खान पिता कमर खान ( 24) निवासी तुलसी नगर हिनोतिया और शहजाद खान पिता मरहूब खान (34) निवास नया कबाड़खाना, भोपाल पानी में डूब गए।

◆ *तैरना आए बिना भोपाल के दो और लोग तालाब व डेम में उतरे, दोनों ने जान गंवाई*



**भोपाल में तालाब में डूबने से कारोबारी की मौत**

भोपाल। शीतलदास की बगिया में डूबने से बाइक पार्टस कारोबारी की मौत हो गई। हादसा रविवार की सुबह साढ़े नौ बजे का है। गोताखोरों की मदद से शव को करीब 11 बजे तलाशा जा सका। श्यामला हिल्स पुलिस के मुताबिक राजेश जैन (51) निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी डीआईजी बंगला बाइक पार्ट्स बेचने का काम करते थे। उनकी दुकान बैरसिया रोड पर थी। इन दिनों ईदगाह हिल्स के एक स्वीमिंग पूल में तैराकी सीखने जा रहे थे।

### इस पुरस्कार की शुरुआत 2010 में हुई थी

## 'संसद रत्न' से सम्मानित होंगे 17 सांसद इनमें सुप्रिया-निशिकांत, रवि किशन भी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार सांसदों के गैर सरकारी विधेयक लाने, संसद में सवाल पूछने, बहसों में हिस्सा लेने समेत कई अन्य कार्यों के आधार पर तय किया जाता है। यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी कमेटी ने किया, जिसकी अध्यक्षता हंसराज अहीर, (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष) ने की। चार सांसदों को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और सतत योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। ये हैं-भर्तृहरि महताब (भाजपा) , सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), एनके प्रेमचंद्रन (आरएसपी) और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना) बाकी 13 सांसदों को भी उनके विशिष्ट संसदीय कार्यों के लिए चुना गया है। इनमें स्मिता वाघ (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट), नरेश गणपत म्हास्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), रवि किशन (भाजपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), बिद्युत बारन महतो (भाजपा), पीपी चौधरी (भाजपा), मदन राठौर (भाजपा), सीएनअन्नादुरे (डीएमके) व दिलीप सैकिया (भाजपा) इस वर्ष दो संसदीय स्थायी समितियों को भी संसद रत्न पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इनमें भर्तृहरि महताब व अध्यक्षः चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) शामिल हैं। संसद रत्न पुरस्कार की शुरुआत 2010 में हुई थी ।

- यह पुरस्कार परफॉरमेंस बेस होते हैं



### आधे प्रदेश में गर्मी-उमस, आधे में आंधी-बारिश से गिरा पारा

आज भी दो दर्जन से अधिक जिलों में तेज हवाएं, बारिश का असर

## सुबह से शाम तक दर्जन भर जिलों में फिर बदला मौसम, आंधी-बारिश से कुछ राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को आधे प्रदेश में धूप और गर्मी का असर बढ़ा, जबकि आधे में सुबह से शाम तक आंधी, बारिश और बादलों से पारा गिर गया।

इससे इन शहरों में चिलचिलाती गर्मी से मामूली राहत रही। कुल मिलाकर पूरे प्रदेश में दिन का पारा अभी औसत सामान्य से दो डिग्री तक कम रहने से रविवार को लू का असर नहीं रहा। भोपाल में पारा 1.7 डिग्री गिरकर 39.1 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2.4 डिग्री कम है। प्रदेश में सबसे गर्म खजुराहो का पारा 43.8 डिग्री रहा, यह सामान्य के करीब है।

**दर्जनभर जिले 42 से 44 डिग्री के बीच**



प्रदेश में गर्मी के बढ़ते-घटते क्रम में करीब एक दर्जन जिलों में दिन का पारा 42 से 44 डिग्री के बीच रहने से गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया। ग्वालियर 43.7, गुना 43.4, सीधी 43.4, शिवपुरी और टीकमगढ़ 43 और सागर, रीवा और सतना में 43 डिग्री के करीब पारा रहा है।

**दोपहर से देर शाम के बीच यहां बारिश, आंधी**

रविवार को दोपहर बाद सिंगरौली, बैतूल, उज्जैन, आगर में आंधी के साथ बौछारें पड़ीं। पांढुर्णा, डिंडोरी, बड़वानी, धार, बुरहानपुर, खरगोन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर में भी आंधी के साथ कहीं कहीं हल्की बारिश हुई है। सागर, रीवा, मऊगंज, सीधी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, शिवपुरी और अनूपपुर में भी मौसम में बदलाव रहने से शाम से कुछ राहत रही। सोमवार को शिवपुरी, ग्वालियर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी के साथ ही भोपाल, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, आगर, मदंसौर, गुना, अशोकनगर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में आंधी और कहीं कहीं बारिश होगी।

मेट्रोपॉलिटन विशेष

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की सार्थक पहल

# भोपाल-इंदौर के मेट्रोपॉलिटन रीजन बनने से निवेश के द्वार नए खुलेंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा




भोपाल/इंदौर: मध्य प्रदेश अब विकास के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। राज्य सरकार ने भोपाल और इंदौर के आसपास के विस्तृत क्षेत्रों को एकीकृत कर एक महत्वाकांक्षी मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना की नींव रखी है। इस अधिनियम के अन्तर्गत इंदौर – उज्जैन– देवास धार को मिलाकर एक तथा भोपाल – सीहोर – रायसेन – विदिशा – ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर दूसरा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाया जा रहा है। लगभग 9,600 हेक्टेयर में फैली यह परियोजना इन दोनों प्रमुख शहरों और उनके आसपास के पांच–पांच जिलों में आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयां देगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इन क्षेत्रों को देश के प्रमुख निवेश केंद्रों के रूप में स्थापित करना है, जहां आधुनिक अधोसंरचना के साथ–साथ आम जन–जीवन की उच्च गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाएगी।

राज्य सरकार की आगामी कैबिनेट बैठक में इस परियोजना को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद विकास कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। इस परियोजना की सफलता में नई लैंड पूलिंग नीति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह नीति भूमि मालिकों को विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनने का अवसर प्रदान करती है। अपनी जमीन के बदले, वे विकसित भूमि का एक हिस्सा (30% से 50% तक) प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें पारंपरिक भूमि अधिग्रहण की तुलना में बेहतर प्रतिफल मिलेगा। किसानों और भूमि मालिकों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, क्योंकि उन्हें विकसित भूखंड बुनियादी सुविधाओं के साथ मिलेंगे, जिससे उनकी संपत्ति का मूल्य कई गुना बढ़ जाएगा।

इस व्यापक विकास योजना में सड़कों, परिवहन नेटवर्क, जलापूर्ति, सीवरेज और बिजली आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भोपाल और इंदौर में पहले से ही चल रही मेट्रो परियोजनाओं को और गति मिलेगी, जिससे इन शहरों के भीतर और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसके अतिरिक्त, नए आर्थिक गलियारों का निर्माण भी योजना का हिस्सा है, जो इन मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों को राज्य के अन्य हिस्सों से जोड़ेगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा।

74वें संविधान संशोधन की मंशा के अनुरूप राज्य शासन द्वारा मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं बनाएगी और उनके कार्यान्वयन का मार्गदर्शन करेगी। इसके अलावा, मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र डेवलपमेंट अथॉरिटी का गठन भी किया जाएगा, जो इन योजनाओं को लागू करने और विकास कार्यों का समन्वय करने के लिए जिम्मेदार होगी। मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र डेवलपमेंट अथॉरिटी प्लान तैयार करने, उसके पुनर्विलोकन तथा रूपांतरण में मेट्रोपॉलिटन प्लैनिंग कमिटी की सहायता करेगी तथा प्लान के क्रियान्वयन और उसका चरणबद्ध विकास करेगी।

इस परियोजना से न केवल अधोसंरचना का विकास होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। रियल एस्टेट, विनिर्माण, सेवा और अन्य संबंधित उद्योगों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। मध्य प्रदेश सरकार का यह दूरदर्शी कदम भोपाल और इंदौर को न केवल रहने और काम करने के लिए बेहतर स्थान बनाएगा, बल्कि यह राज्य की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह परियोजना एक सुनियोजित शहरी विकास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसमें सभी हितधारकों के हितों का ध्यान रखा गया है। आने वाले वर्षों में, यह पहल मध्य प्रदेश को विकास के एक नए शिखर पर ले जाएगी, जहां भोपाल और इंदौर देश के अग्रणी मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों के रूप में अपनी पहचान बनाएंगे। मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में संसाधनों के युक्ति युक्त उपयोग की रूपरेखा तैयार कर उनका समुचित उपयोग किया जा सकेगा ।

## अब विकास में मप्र के किसानों की होगी भागीदारी और समृद्धि का नया केंद्र होगा

भोपाल/इंदौर: मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना में लैंड पूलिंग नीति एक महत्वपूर्ण और प्रगतिशील कदम है। यह नीति न केवल विकास की गति को तेज करेगी, बल्कि उन किसानों और भूमि मालिकों को भी विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाएगी जिनकी जमीनें इस परियोजना के अंतर्गत आएंगी। पारंपरिक भूमि अधिग्रहण के विपरीत, यह नीति प्रभावित भूमि मालिकों को उनकी जमीन के बदले विकसित भूमि का एक निश्चित हिस्सा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ और भविष्य की समृद्धि की राह मिलती है। इस नीति के तहत, भूमि मालिक अपनी जमीन को विकास के लिए सरकार के साथ साझा करते हैं। इसके एवज में, उन्हें विकसित आवासीय, वाणिज्यिक या औद्योगिक भूखंडों का एक हिस्सा मिलता है, जिसकी मात्रा उनकी मूल जमीन के आकार और स्थान के आधार पर 30% से 50% तक हो सकती है। यह व्यवस्था किसानों के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित होगी। सबसे पहले, उन्हें उनकी जमीन का उचित और बेहतर मुआवजा मिलेगा, जो अक्सर पारंपरिक अधिग्रहण प्रक्रियाओं में कम होता है। दूसरे, विकसित भूखंडों में आधुनिक बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़कें, बिजली, पानी और सीवरेज पहले से ही उपलब्ध होंगी, जिससे उनकी संपत्ति का मूल्य कई गुना बढ़ जाएगा। लैंड पूलिंग नीति का एक और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह किसानों को अपनी जमीन से भावनात्मक रूप से अलग होने के बजाय, विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनने का अवसर देती है। वे न केवल अपनी जमीन के विकास को देख सकेंगे, बल्कि भविष्य में उस विकसित संपत्ति के मालिक भी बने रहेंगे। यह प्रक्रिया उन्हें एक स्थायी और सुरक्षित भविष्य प्रदान करेगी।

मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास प्राधिकरण (Metropolitan Region Development Authority) विभिन्न जनहित के कार्यों, टाउनशिप के विकास और अधोसंरचना के विकास कार्यों के लिए लैंड बैंक बनाकर उसका प्रबंधन करेगी। इससे लैंड पूलिंग नीति को लागू करने और किसानों को लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी।

## प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होने से भोपाल और इंदौर के क्षेत्रों की बनेगी नई पहचान

भोपाल/इंदौर: भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना सिर्फ आवासीय, वाणिज्यिक या औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार नहीं है, बल्कि यह एक आधुनिक और सुदृढ़ अधोसंरचना के निर्माण की नींव भी है। इस परियोजना के तहत, इन दोनों क्षेत्रों में सड़कों, परिवहन नेटवर्क, जलापूर्ति, सीवरेज और बिजली आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण आधारभूत ढांचे को उन्नत और विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि यहां रहने वाले लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलें और व्यापार के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार हो।

बृहद स्तर की अधोसंरचना की वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजना जैसे हाइवे, रेलवे, रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, एयरपोर्ट वॉटरवे संबंधी प्रस्ताव इस योजना में शामिल हैं, जिससे आवागमन सुगम हो सकेगा । परिवहन के क्षेत्र में, सबसे महत्वपूर्ण पहलू भोपाल और इंदौर में चल रही मेट्रो रेल परियोजनाओं का विस्तार है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहरों के भीतर और आसपास के क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही आसान और तेज हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, नए सड़कों और फ्लाईओवर का निर्माण भी योजना में शामिल है, जिससे यातायात जाम की समस्या से निजात मिलेगी और कनेक्टिविटी बेहतर होगी। राज्य के अन्य हिस्सों से इन मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए नए आर्थिक गलियारों का विकास भी किया जा रहा है।

जलापूर्ति और सीवरेज प्रबंधन भी इस परियोजना का एक अभिन्न अंग है। जल ग्रहण क्षेत्र का प्रबंध, जल आपूर्ति, जल संचय, भूजल का रिचार्ज, बाढ़; नियंत्रण और जल प्रदूषण को रोकथाम करने के संबंध में प्रस्ताव शामिल होंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले सभी लोगों को पर्याप्त और स्वच्छ पानी मिले, और आधुनिक सीवरेज प्रणाली से पर्यावरण की सुरक्षा भी हो सके। स्टॉर्म वॉटर, ड्रेनेज, सीवरेज, वेस्ट डिस्पोजल आदि के उन्नयन और विकास के प्रस्ताव भी शामिल होंगे। बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए नए सबस्टेशन और ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे उद्योगों और घरों को निर्बाध बिजली मिल सके।

इसके अलावा, परियोजना में हरित अधोसंरचना के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य के स्थल, ऐतिहासिक और आर्कियोलॉजिकल महत्व के स्थल तथा पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास के प्रस्ताव शामिल होंगे। पार्कों, खुले स्थानों और वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि शहरी क्षेत्रों में हरियाली बनी रहे और पर्यावरण संतुलित रहे। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पहले से चल रहे कार्यों को भी इस नई पहल के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे प्रौद्योगिकी का उपयोग करके शहरी सेवाओं को और अधिक कुशल बनाया जा सके।

यह आधुनिक बुनियादी ढांचा न केवल यहां रहने वाले लोगों के जीवन को सुगम बनाएगा, बल्कि यह निवेशकों को भी आकर्षित करेगा। बेहतर कनेक्टिविटी और विश्व स्तरीय सुविधाओं की उपलब्धता से व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना वास्तव में एक ऐसे भविष्य की ओर कदम है जहां आधुनिकता और सुविधा हर नागरिक तक पहुंचेगी।

## मेट्रोपॉलिटन रीजन बनने से युवाओं को भोपाल और इंदौर में ही मिलेगा रोजगार



भोपाल/इंदौर: भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना न केवल अधोसंरचना को मजबूत करेगी, बल्कि यह क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि और रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन करेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत होने वाले व्यापक विकास कार्यों से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।

मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट एवं इन्वेस्टमेंट प्लान में समग्र औद्योगिक विकास की नीति बना कर औद्योगिक हब विकसित किये जा सकेंगे जिससे भोपाल के आस पास वर्तमान में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र जैसे मंडीदीप, अचारपुरा आदि के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नये औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कर सकेंगे। ऐसे ही इंदौर–उज्जैन के आस पास वर्तमान में स्थापित पीतमपुर औद्योगिक क्षेत्र के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नये औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कर सकेंगे। नियोजित एवम समन्वित औद्योगिक विकास से राज्य में नए निवेश एवं रोजगार सृजन के अवसर उत्पन्न होंगे। आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों के विकास से रियल एस्टेट और निर्माण उद्योग में तेजी आएगी। नए घरों, दुकानों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के निर्माण से बड़ी संख्या में कुशल और अकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अतिरिक्त, इन नए क्षेत्रों में व्यापार और सेवाओं से जुड़े अन्य व्यवसायों के भी फलने–फूलने की उम्मीद है, जिससे और अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अनुकूल नीतियां बना रही है, जिससे नए कारखाने और उत्पादन इकाइयां स्थापित होंगी। इससे न केवल औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी और प्रबंधकीय पदों पर भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सहायक उद्योगों और सेवा प्रदाताओं के लिए भी विकास की अपार संभावनाएं होंगी।

परियोजना के तहत अधोसंरचना के विकास से भी रोजगार सृजन होगा। सड़कों, मेट्रो लाइनों, बिजली संयंत्रों और जल प्रबंधन प्रणालियों के निर्माण और रखरखाव के लिए बड़ी संख्या में इंजीनियरों, तकनीशियनों और अन्य कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। यह न केवल तात्कालिक रोजगार प्रदान करेगा, बल्कि इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक करियर के अवसर भी पैदा करेगा।

इसके अलावा, पर्यटन और आतिथ्य उद्योग भी इस विकास से लाभान्वित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाओं के कारण अधिक पर्यटक इन क्षेत्रों की ओर आकर्षित होंगे, जिससे होटल, रेस्तरां, परिवहन और अन्य संबंधित व्यवसायों में रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना एक बहुआयामी पहल है जिसका उद्देश्य न केवल शहरी विकास करना है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए आर्थिक समृद्धि और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करना भी है। यह परियोजना निश्चित रूप से मध्य प्रदेश के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी, जिससे हजारों नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगी।

## नई परिवहन नीति के चलते बेहतर आवागमन के साधनों के कारण व्यापार को लगेंगे रफ्तार के पंख



भोपाल/इंदौर: भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना में परिवहन और यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण घटक है। योजना में यातायात संबंधी नीति बनाकर परिवहन संबंधी प्रस्तावों को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य इन क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाना और यातायात व्यवस्था को अधिक कुशल बनाना है।

परियोजना में बृहद स्तर की अधोसंरचना की वर्तमान और प्रस्तावित परियोजनाएं शामिल हैं, जैसे कि हाइवे, रेलवे, रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, एयरपोर्ट और वॉटरवे।

इन परियोजनाओं का विकास मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों के भीतर और बाहर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे लोगों और वस्तुओं की आवाजाही आसान हो जाएगी, जिससे व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के लिए लोक परिवहन और संचार के संबंध में भी प्रस्ताव शामिल हैं।

इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को आधुनिक बनाना और उसे अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाना है।

बसों, मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन विकल्पों का एकीकरण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अधिक विकल्प प्रदान करेगा। सबसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों में से एक प्रत्येक मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के लिए एक एकीकृत मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (Integrated Metropolitan Transport Authority) की स्थापना है। यह प्राधिकरण मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट संबंधी प्रस्तावों के संबंध में सुझाव देगा, जिससे इंटीग्रेटेड यातायात का विकास हो सकेगा। यह प्राधिकरण विभिन्न विभागों द्वारा अपनाए गए यातायात और परिवहन उपायों के प्रभावी समन्वय और कार्यान्वयन को भी सुनिश्चित करेगा।

एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली का उद्देश्य यातायात की भीड़ को कम करना, प्रदूषण को कम करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ाना है।

प्रौद्योगिकी का उपयोग करके, यातायात प्रवाह का वास्तविक समय निरिक्षण, निगरानी और प्रबंधण किया जा सकता है, जिससे लोगों के लिए यात्रा का समय कम हो जाएगा और सामान्य जन–जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना में परिवहन और यातायात प्रबंधन पर यह जोर दर्शाता है कि सरकार इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुविधा और दक्षता को प्राथमिकता दे रही है।

एक सुव्यवस्थित परिवहन प्रणाली न केवल लोगों के दैनिक जीवन को आसान बनाएगी, बल्कि यह इन क्षेत्रों को निवेश और विकास के लिए और अधिक आकर्षक भी बनाएगी।

## रायसेन में कोच निर्माण का निर्माण, मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में राजधानी भोपाल से सटा रायसेन जिला अब देश भर में अपनी अलग पहचान बनाने जा रहा है। रायसेन का उमरिया गांव मेट्रो और रेल निर्माण का नया हब बनने जा रहा है। हाल ही में बेंगलुरु में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उमरिया में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड कंपनी के नई इकाई के लिए 60.63 हेक्टेयर भूमि आवंटन की मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कंपनी के चेयरमैन शांतनु रॉय को भूमि आवंटन पत्र सौंपा।

अब कंपनी मध्य प्रदेश में रोलिंग स्टॉक और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी। भोपाल के बाद रायसेन दूसरा जिला होगा, जहां मेट्रो के कोच बनाए जाएंगे। बीते दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरु में बीईएमएल के मैन्युफैक्चरिंग यूनिट पहुंचे थे यहां मुख्यमंत्री ने कंपनी द्वारा तैयार किए गए 2100 वें मेट्रो कोच को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रायसेन में स्थापित होने वाली इकाई से प्रदेश में औद्योगिक इको सिस्टम बनेगा, इसके साथ ही युवाओं, एमएसएमई और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। रायसेन के उमरिया में कंपनी के इस प्लांट को स्थापित करने में 1800 करोड़ की लागत आएगी।

इस प्लांट के बाद रायसेन देश के उन चुनिंदा शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा, जहां कोच निर्माण होता है. देश में अभी चेन्नई, तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली, पंजाब में पटियाला, कपूरथला, उत्तर प्रदेश के रायबरेली, वाराणसी, नई दिल्ली भेल, पश्चिम बंगाल के चितरंजन, बिहार के मधेपुरा और भोपाल में सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना मौजूद है।

## मेट्रोपॉलिटन के विकास में तकनीकी का समावेश होने के होंगे कई फायदे

भोपाल/इंदौर: भोपाल और इंदौर पहले से ही स्मार्ट सिटी मिशन के तहत आधुनिक तकनीकों को अपनाकर शहरी जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना इस विजन को और आगे बढ़ाएगी। स्मार्ट यातायात प्रबंधन, एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर, ई–गवर्नेंस और नागरिकों के लिए ऑनलाइन सेवाओं जैसी स्मार्ट सिटी पहलें अब पूरे मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में विस्तारित की जाएंगी।

मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में आर्थिक विकास की नीति निर्धारण कर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का समग्र विकास हो सकेगा। इससे सार्वजनिक सेवाओं की दक्षता बढ़ेगी, नागरिकों के लिए जीवन आसान होगा और शहरों का प्रबंधन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। प्रौद्योगिकी का यह समावेश विकास को अधिक टिकाऊ और नागरिक–केंद्रित बनाएगा।

## विकसित प्लॉट का हिस्सा भी मिलेगा

लैंड पूलिंग नीति आपको विकास का सक्रिय हिस्सा बनने का अवसर देती है। अपनी जमीन देकर विकसित भूखंडों का हिस्सा पा सकेंगे। बेहतर मुआवजा और भविष्य की समृद्धि सुनिश्चित करें।

मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास प्राधिकरण विभिन्न जनहित के कार्यों, टाउनशिप के विकास और अधोसंरचना के विकास कार्यों के लिए लैंड बैंक बनाकर उसका प्रबंधन करेगी। अधिक जानकारी के लिए संबंधित सरकारी विभागों से संपर्क करें।

## विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर दिया विशेष ध्यान, वृक्ष भी सहेजेंगे

भोपाल/इंदौर: भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा गया है। विकास योजना में खनिज संसाधन आदि के संरक्षण और संवर्धन के प्रस्ताव शामिल होंगे ।

प्राकृतिक सौंदर्य के स्थल, ऐतिहासिक और आर्कियोलॉजिकल महत्व के स्थल तथा पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास के प्रस्ताव भी शामिल होंगे ।

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विकास पर्यावरण पर कम से कम नकारात्मक प्रभाव डाले और एक स्थायी भविष्य की नींव रखी जाए। मिट्टी के क्षरण को रोकने तथा वनों के संरक्षित विकास के प्रस्ताव शामिल होंगे। वृक्षारोपण अभियान और पर्यावरण के अनुकूल निर्माण तकनीकों को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि विकास के साथ–साथ पर्यावरण संतुलन भी बना रहे।

### नागरिकों को मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं, जरूरत के मुताबिक हो रहे है सभी विकास कार्य

भोपाल/इंदौर: भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना का अंतिम लक्ष्य यहां रहने वाले नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

बृहद स्तर की अधोसंरचना की वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजना जैसे हाइवे, रेलवे, रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, एयरपोर्ट वॉटरवे संबंधी प्रस्ताव होंगे जिससे आवागमन सुगम हो सकेगा। अधोसंरचना, पर्यटन, जल ग्रहण, जल आपूर्ति, सार्वजनिक सुविधाओं और सेवाओं, यातायात, सार्वजनिक परिवहन, औद्योगिक विकास, वन संरक्षण, वृहद अधोसंरचनाओं के विकास हेतु नीति निर्धारण कर संतुलित विकास किया जा सकेगा। यह परियोजना न केवल शहरों को आधुनिक बनाएगी बल्कि नागरिकों को एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करेगी।

### निवशकों को मिलेंगी कई सुविधाएं

भोपाल और इंदौर मेट्रोपॉलिटन विकास परियोजना निवेशकों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रस्तुत करती है। आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में आर्थिक विकास की नीति निर्धारण कर मेट्रोपोलिटन क्षेत्र का समग्र विकास हो सकेगा। सरकार द्वारा आकर्षक नीतियां और बुनियादी ढांचागत सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस विकास गाथा में भागीदार बनकर उच्च प्रतिफल प्राप्त करें।



मध्यप्रदेश सरकार पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का 300वां जयंती वर्ष पूरे हर्षोल्लास से मना रही है। सुशासन, स्वावलंबन, आत्म-निर्भरता और महिला कल्याण की मिसाल लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के पुण्य सम्मान में मध्यप्रदेश सरकार की मंत्रि-परिषद की बैठक 20 मई को इंदौर शहर के राजवाड़ा में होगी। यह पहली बार होगा, जब मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक राजवाड़ा जैसे ऐतिहासिक स्थल पर होगी।

डॉ. मोहन यादव , मुख्यमंत्री (म.प्र.)

D-16006/25

इम्पेक्ट फीचर्स

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत और ब्राजील के बीच कृषि, ऊर्जा, डिजिटल टेक्नोलॉजी, और कृषि-व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर बात की। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय इस सहयोग के सेतु बन सकते हैं और दोनों देशों को जोड़ सकते हैं

ब्राजील में प्रवासी भारतीयों को आमंत्रित करते हुए गडकरी बोले

# भारत में जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा में अपार संभावनाएं, स्थायी और समृद्ध भविष्य के निर्माण में करें निवेश

एजेंसी ⏭ साओ पाउलो

केंद्रीय सड़क परिवहन-राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ब्राजील के साओ पाउलो में प्रवासी भारतीयों को वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत का यह स्वरूप मजबूत आर्थिक विकास, तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास और मजबूत होती अंतरराष्ट्रीय साझेदारी से भरा हुआ है। उन्होंने भारत में विशेष रूप से जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा और फ्लेक्स-फ्यूल मोबिलिटी में व्यापक निवेश और नवाचार के अवसरों पर जोर दिया। भारत को अवसरों की भूमि कहते हुए, गडकरी ने वैश्विक भारतीय प्रवासियों को एक स्थायी और समृद्ध भविष्य के निर्माण में खोज, निवेश और भागीदारी के लिए भारत आमंत्रित किया।

**खास बातें**

- फ्लेक्स फ्यूल मोबिलिटी में करें नवाचार व निवेश
- विदेशों में बसे भारतीय भारत की सॉफ्ट पावर



**मोदी की पहलों पर दी जानकारी**

*पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति पर जोर देते हुए नितिन गडकरी ने पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय रसद नीति, भारतमाला और सागरमाला जैसी प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला। वह होसे, ये ऐसे कार्यक्रम हैं जो एक एकीकृत और भविष्य के लिए तैयार परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये न सिर्फ समावेशी विकास को बढ़ावा देते हैं बल्किर क्षेत्रीय संपर्क को भी मजबूत करते हैं।*

### वैश्विक भारतीयों से साझेदारी की अपील

नितिन गडकरी ने कहा कि यह समय है जब दुनिया भर के भारतीय मिलकर एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और हरित भारत के निर्माण में भागीदार बनें। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को भारत में व्यवसाय, स्टार्टअप, टेक्नोलॉजी और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, नवाचार और निवेश के लिए आमंत्रित किया। गडकरी ने कहा कि भारत सरकार जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा और फ्लेक्स-फ्यूल मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश और नीति समर्थन दे रही है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से अपील की कि वे इन क्षेत्रों में निवेश करें, क्योंकि ये न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी भविष्य के लिए स्थिर हैं।

### भारत तेजी से बदल रहा

*गडकरी ने समुदाय के गहरे सांस्कृतिक मूल्यों और नवाचार, कृषि-व्यवसाय, ऊर्जा और डिजिटल सहयोग के माध्यम से भारत-ब्राजील संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने भारत को 'अवसरों की भूमि' बताते हुए वैश्विक प्रवासी भारतीयों को एक टिकाऊ और समृद्ध भविष्य के निर्माण में संभावनाएं तलाशने, निवेश करने और साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। गडकरी ने कहा कि भारत विशेष रूप से सड़क, राजमार्ग, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में आज तेजी से बदल रहा है।*

### प्रवासी भारतीयों की भूमिका को सराहा

*केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भारत और ब्राजील के बीच कृषि, ऊर्जा, डिजिटल टेक्नोलॉजी, और कृषि-व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर बात की। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय इस सहयोग के सेतु बन सकते हैं और दोनों देशों को जोड़ सकते हैं। गडकरी ने भारतीय समुदाय के संस्कृति, परंपरा और पेशेवर योगदान की सराहना की और कहा कि विदेश में बसे भारतीय भारत की सॉफ्ट पावर हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय, जहां भी है, वह न केवल भारत का गौरव बढ़ा रहा है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में भी योगदान दे रहा है।*

## खबर संक्षेप

### पाक गोलाबारी की आड़ में घुसपैठ की कोशिश

**पुंछ।** पुंछ जिले की मंडी तहसील में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा से सटे सावजियां सेक्टर के छंबर किनारी क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह कार्रवाई उस समय शुरू की गई जब क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने की सूचना मिली। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इस गोलाबारी से आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश की गई है।

### ब्राजील में बर्ड फ्लू का प्रकोप, आयात रोका

**साओ पाउलो।** ब्राजील में बर्ड फ्लू संक्रामक रोग के मामले सामने आने के बाद कई देशों ने वहां से मुर्गी और अंडे जैसी पोल्ट्री वस्तुओं के आयात पर रोक लगा दी है। इनमें मैक्सिको, चिली और उरुग्वे जैसे लैटिन अमेरिकी देश शामिल हैं। इससे पहले चीन और यूरोपीय संघ (ईयू) ने भी ब्राजील से पोल्ट्री आयात को रोक दिया था।

ब्राजील के कृषि और पशुपालन मंत्रालय ने जानकारी दी कि दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में एक वाणिज्यिक पोल्ट्री फार्म (जहां व्यापार के लिए मुर्गियां पाली जाती हैं) में बर्ड फ्लू के मामले की पुष्टि हुई है। यह पहला मौका है जब ब्राजील के किसी व्यावसायिक फार्म में बर्ड फ्लू मिला है।

### गुर्दा प्रत्यारोपण करा चुके शेरपा की एवरेस्ट फतह

**काठमांडू।** गुर्दा प्रत्यारोपण करा चुके पेम्बा शेरपा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एवरेस्ट (सागरमाथा) को सफलतापूर्वक फतह कर इतिहास रच दिया है। ऐसा करने वाले वह न सिर्फ पहले नेपाली बल्कि विश्व के पहले व्यक्ति बन गए हैं। वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे अनेक लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। पेम्बा ने 8,848 मीटर ऊंचे एवरेस्ट की चोटी पर झंडा फहराया।

नेपाल के सरकारी स्वास्थ्य संस्थान, 'शहीद धर्मभक्त राष्ट्रीय प्रत्यारोपण केंद्र' और 'अंगदान जीवनदान है।

### भारत ने सी-फूड निर्यात में जोरदार वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में इस वर्ष अप्रैल में 17.81 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई है, जो 0.58 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में देश ने 16.85 लाख मीट्रिक टन समुद्री उत्पादों का निर्यात किया, जो 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। मूल्य के संदर्भ में, निर्यात बढ़कर 7.2 बिलियन डॉलर हो गया।

देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में समुद्री उत्पादों के चौथे सबसे बड़े उत्पादक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

भारत में तीन बड़े हमलों का मास्टरमाइंड

# लश्कर आतंकी सैफुल्लाह पाकिस्तान में मारा गया



एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों की साजिश रचने के आरोपी लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह मारा गया है। सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध में मतली फलकारा चौक के पास अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी।

हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सैफुल्लाह खालिद ने भारत में तीन बड़े आतंकवादी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता था। इनमें रामपुर में 2001 में सीआरपीएफ कैंप पर हमला, बैंगलोर में 2005 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस पर हमला और नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय पर 2006 में हमला शामिल हैं। वह लश्कर के ऑपरेशनल कमांडर आजम चीमा उर्फ बाबाजी का सहयोगी था।

### नेपाल में नकली नाम से रहता था

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सैफुल्लाह खालिद विनोद कुमार के नकली नाम से नेपाल में कई वर्षों तक रहा। इस नाम से उसने फर्जी पहचान पत्र भी बनवाए थे। उसने एक स्थानीय महिला नगमा बानो से शादी भी की थी। माना जाता है कि नेपाल से वह लश्कर-ए-तैयबा के लिए गतिविधियों का समन्वय करता था। वह लश्कर के मॉड्यूल पर काम कर रहा था। भर्ती और लॉजिस्टिक सपोर्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। हालांकि, इसके बावजूद वह खुद को लो प्रोफाइल रखे हुए था। सैफुल्लाह भारत में आतंकियों की घुसपैठ और आर्थिक मदद जुटाने जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहा था।

### हाल में ही पाकिस्तान हुआ था शिफ्ट

हाल ही में, खालिद ने अपना ठिकाना बदल लिया था। वह पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बदीन जिले के मतली में शिफ्ट हो गया था। वहां, वह लश्कर-ए-तैयबा और उसके मुखौटे संगठन जमात-उद-दावा के लिए काम करता रहा, जिसका मुख्य ध्यान आतंकी अभियानों के लिए भर्ती और धन संग्रह पर था। हालांकि, अज्ञात हमलावरों ने उसे वहां भी ढूंढ निकाला और मौत के घाट उतार दिया।

भारत की पाकिस्तान पर एक और कूटनीतिक जीत

# आईएमएफ से आसानी से नहीं मिलेगा पैसा ऋण के लिए सामने रखी 11 और नई शर्तें

आईएमएफ की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच में अगर तनाव बढ़ता है तो पड़ोसी देश के राजकोष, विदेशी व्यापार और सुधारों पर नकारात्मक असर होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में पाकिस्तान के कई आंतकी प्रशिक्षण शिविरों और उनके ठिकानों को भारत ने निशाना बनाकर आतंकियों की नाक में दम कर दी थी। भारत का लगातार यह प्रयास रहा है कि पाकिस्तान को विश्व की कई वित्तपोषित एजेंसियों से विकास के नाम पर ऋण न मिल सके क्योंकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री सहित अन्य कई नेता यह स्वीकार कर चुके हैं कि उनका देश लंबे समय से आतंकवादियों की पनाहगार रहा है।

उन्होंने अपने देश में आंतक और उनके आकाओं को पाला पोसा है। हालांकि, इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को 7 अरब डॉलर का ऋण देने के प्रस्ताव को अनुमति दे दी है। लेकिन लगातार भारत की ओर से यह चिंता जाहिर किये जाने की आईएमएफ से मिले हुए ऋण को पाकिस्तान विकास के बजाए आतंकियों के वित्त पोषण में लगाकर विनाश को बढ़ावा दे सकता है।

- आईएमएफ की चिंता, पाक ऋण को रक्षा संसाधन बढ़ाने में खर्च करेगा
- पाक ने 17.6 लाख करोड़ के बजट में से 1.07 लाख करोड़ विकास पर खर्च



यूएन की रिपोर्ट में खुलासा

### पाकिस्तान में भुखमरी से प्रभावित होंगे एक करोड़ लोग

संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान में गंभीर खाद्य असुरक्षा (भुखमरी) बनी रही। रिपोर्ट में बताया गया कि करीब 1.1 करोड़ लोगों को इस असुरक्षा का सामना करना पड़ सकता है। एफएओ की 'खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट-2025' के मुताबिक, पाकिस्तान के 68 ग्रामीण जिले की 22 फीसदी आबादी को गंभीर खाद्य संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसमें खासकर बाढ़ प्रभावित बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा भी शामिल हैं। इसमें से 17 लाख लोग आपात स्थिति में हैं। जब 2024 में भूखमरी की स्थिति का सर्वेक्षण किया गया था, तब 3.67 करोड़ लोगों को इसमें शामिल किया गया था।

### व्यापार सुधारों पर नकारात्मक असर होगा

*शनिवार को जारी आईएमएफ की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच में अगर तनाव बढ़ता है तो पड़ोसी देश के राजकोष, विदेशी व्यापार और सुधारों पर नकारात्मक असर होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो हफ्तों में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, लेकिन अभी तक बाजार की प्रतिक्रिया मामूली रही है और शेयर बाजार ने अपने हालिया मुनाफे को बरकरार रखा है।*

### पाक ने रक्षा बजट बढ़ाया

आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि अगले वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान का रक्षा बजट 2.414 लाख करोड़ रुपए हो सकता है, जो 25,200 करोड़ रुपए या 12 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ के अनुमान की तुलना में, सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक आवंटित करने का संकेत दिया है, जो भारत के साथ संघर्ष के बाद 18 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

### आईएमएफ की शर्तें बढ़कर 50 हुईं

भारत के इस दबाव के बाद आईएमएफ महज 7 अरब डॉलर के कर्ज के लिए पाकिस्तान पर 11 और शर्तें लगा दी हैं, जिससे कुल शर्तों की संख्या 50 हो गई है। इसके साथ ही उसने भारत के साथ तनाव को एक बड़ा जोखिम बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईएमएफ ने जो नई शर्तें लगाई गई हैं उनमें 17.6 लाख करोड़ रुपए के नए बजट को मंजूरी देना, बिजली बिलों पर डेट सर्विसिंग सरचार्ज बढ़ाना और तीन साल से अधिक पुरानी कारों के आयात पर प्रतिबंध हटाना शामिल है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले दो हफ्तों में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव काफी बढ़ गया है।

### पाक को 6.6 लाख करोड़ का राजकोषीय घाटा

*आईएमएफ ने जून 2025 के अंत तक कार्यक्रम लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आईएमएफ स्टाफ एग्रीमेंट के अनुरूप वित्त वर्ष 2026 के बजट की संसदीय मंजूरी हासिल करने की एक नई शर्त भी लगाई है। आईएमएफ ने बताया कि पाकिस्तान के 17.6 लाख करोड़ रुपए के बजट में से सिर्फ 1.07 लाख करोड़ रुपए विकास पर खर्च किए जाने हैं।*

यूट्यूबर ज्योति के बारे में नया खुलासा

# पाक सीएम मरियम का लिया था इंटरव्यू, नवाज बधाई देती दिखीं



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाली यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद से रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब एक और चौंका देने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल, ज्योति ने पाकिस्तान में पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज का इंटरव्यू भी लिया था। ये इंटरव्यू गुरुद्वार करतारपुर साहिब कॉरिडोर में किया गया था। जांच में पता चला है कि ये वीडियो पिछले साल अप्रैल का है।

### बिना टेंशन लिया इंटरव्यू

चौंकाने वाली बात यह है कि ज्योति इस पूरे इंटरव्यू के दौरान बिंदास दिख रही थी। उसे न तो किसी तरह की टेंशन थी और न ही किसी बात की फिक्र। इस वीडियो में ज्योति वहां मौजूद पाकिस्तानियों से भी बात करती दिख रही है। वीडियो में ज्योति कहती है कि वह दूसरी बार पाकिस्तान आई है और यहां आकर उसे बहुत अच्छा लग रहा है।

रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला

# 273 विस्फोटक और धोखा देने वाले ड्रोन छोड़े, एक महिला की मौत, तीन घायल



एजेंसी ⏭ कीव

साल 2022 में पूर्ण पैमाने पर युद्ध शुरू होने के बाद से रूस ने रविवार को यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने कुल 273 ड्रोन से हमला किया, जिनमें विस्फोटक और धोखा देने वाले ड्रोन शामिल थे। इनमें से 88 इंटरसेप्ट किया गया और 128 को नष्ट किया गया। इन ड्रोन से यूक्रेन के कीव, निप्रोपेट्रोस्क और डोनेत्स्क क्षेत्रों को निशाना बनाया गया था। इस बार रूस ने यूक्रेन पर जितने ड्रोन छोड़े, वह अब तक के सबसे बड़े हमले से भी ज्यादा हैं।

### रूस ने भी यूक्रेन के ड्रोन मार गिराए

*कीव क्षेत्र के गवर्नर माईकोला कालयस्निक ने कहा कि उनके क्षेत्र में एक महिला (28 वर्षीय) की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें एक चार साल बच्चा भी शामिल है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रविवार की रात सात और रविवार की सुबह 14 अन्य यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।*

## पीएसएलवी-सी61 का रविवार को 101वां प्रक्षेपण किया गया था

इसरो प्रमुख नारायणन बोले 'हम वापसी करेंगे'

# इसरो का ईओएस-09 मिशन हुआ फेल, तीसरे चरण में चूका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार सुबह 5.59 मिनट बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पोलर सैटेलाइट लॉन्चिंग व्हीकल (पीएसएलवी-सी61) के जरिए अपना 101वां सैटेलाइट ईओएस-09 (अर्थ ऑब्जर्वेटरी सैटेलाइट) लॉन्च किया, लेकिन ये लॉन्चिंग सफल नहीं हो सकी।

पहले और दूसरे फेज में सफल होने के बाद तीसरे फेज में ईओएस-09 में गड़बड़ी का पता चला। इसरो की आधिकारिक एक्स पोस्ट में इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने बताया गया कि रविवार को 101वां प्रक्षेपण प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। तीसरे चरण में तकनीकी खामी पेश आई जिसके कारण मिशन को पूरा नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि हम विश्लेषण के बाद वापसी करेंगे।




ईओएस-09 को सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया जाना था, लेकिन तकनीकी खामियों के चलते सैटेलाइट को उसकी निर्धारित कक्षा में नहीं पहुंचाया जा सका।

### धरती की हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीर लेने में सक्षम

ईओएस-09 एक एडवांस पृथ्वी ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है, जिसमें सी-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह सैटेलाइट किसी भी मौसम और दिन-रात में धरती की सतह की हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीर लेने में सक्षम है। यह कृषि, वन क्षेत्र प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और रक्षा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसे रिमोट सेंसिंग डेटा देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह घुसपैठ या संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### कई सफल लॉन्च पूरे किए थे

*इसरो के मुताबिक, यह पीएसएलवी रॉकेट की कुल 63वीं उड़ान और पीएसएलवी-एक्सएल वर्जन की 27वीं उड़ान थी। इस मिशन से पहले इसरो के पीएसएलवी ने अब तक कई सफल लॉन्च पूरे किए थे। ईओएस-09 में लंबी अवधि का फ्यूल भी था, जिससे मिशन समाप्त होने के बाद इसे सुरक्षित तरीके से अंतरिक्ष से हटाया जा सके।*





## मुख्यमंत्री ने बैरसिया में आयोजित तिरंगा यात्रा में की सहभागिता

वीर सैनिकों के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब, देशभक्ति के नारों से गूंजा बैरसिया

# भारतीय सेना ने रचा शौर्य पराक्रम का नया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्तमान युग में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से थल, वायु और नौसेना ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने मात्र 4 दिन के अल्प समय में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। इस अभियान ने दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता, एकजुटता और आधुनिक तकनीकी सामर्थ्य का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल जिले के बैरसिया में वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के मंसूबों को ध्वस्त किया गया है। आज कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकती। हम सभी इस तिरंगा यात्रा से भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए एकत्र हुए हैं। यह तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक निरंतर आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे शूरवीरों ने पाकिस्तान को आधी रात में ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान के साथ दुनिया के 200 देश में से सिर्फ दो देश साथ आए- एक तुर्किए और दूसरा अजरबैजान। अब देश की जनता तुर्किए का बहिष्कार कर रही है और भविष्य में अजरबैजान के साथ भी ऐसा ही होगा।

### पूरा बैरसिया देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा मार्ग में उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। पूरा बैरसिया देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। इस यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### पाकिस्तान के आतंकियों का खात्मा किया

विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों का खात्मा किया है। आज की यह विशाल तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित की गई है। परमाणु शक्ति का डर दिखाने वाला पाकिस्तान 4 दिन में घुटनों पर आ गया। यह भारतीय सेना के पराक्रम और नेतृत्व का कमाल है। सभा में अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में आज मजबूत सरकारें हैं। जनता के कल्याण के सभी कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा भी मौजूद रहे।

# मानव और जीवों के अस्तित्व के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व है जल

जल नहीं होगा तो जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा, प्रकृति हमें वर्षा के माध्यम से पर्याप्त जल उपलब्ध कराती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मानव और जीवों के अस्तित्व के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व जल है। जल नहीं होगा तो जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा। प्रकृति हमें वर्षा के माध्यम से पर्याप्त जल उपलब्ध कराती है। वर्तमान समय में जल को संरक्षित करना मानव जीवन के लिए महती आवश्यकता बन गया है। हम सब को वर्षा के जल को संग्रहित कर न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित करना होगा। इसके लिए पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और नई जल संरचनाओं के निर्माण को प्राथमिकता देना होगी, जिससे जल का एक-एक बूंद संरक्षित हो सके। प्रदेश में इसी उद्देश्य से 30 अप्रैल से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया है, जो आगामी 30 जून तक जारी रहेगा।

### अभियान में खेत तालाब बनाए जा रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के तहत जहां एक ओर पुरानी बावडियों और तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, वहीं बड़े पैमाने पर किसानों के खेतों में /"खेत तालाब/" भी बनाए जा रहे हैं। वर्षा के जल को संग्रहित करने स्टॉपडेम सहित अन्य जल संरचनाओं का निर्माण भी हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान की विशेषता यह है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन-भागीदारी भी व्यापक रूप ले चुकी है।

### श्रमदान कर जन-भागीदारी को कर रहे हैं प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अभियान में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने विभिन्न जिलों में जाकर स्वयं भी श्रमदान कर रहे हैं। मंत्रि-परिषद के सदस्य, सांसद, विधायक, नगरीय एवं पंचायत प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद सहित अनेक स्वयं सेवी संस्थाएं भी अभियान का अभिन्न हिस्सा बन कर इसे जन आंदोलन बना रही हैं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की विशेषता

30 अप्रैल से क्षिप्रा के घाट से प्रारंभ हुआ अभियान 30 जून 2025 तक चलेगा। प्रत्येक गांव में तैयार जल दूत तैयार किए हैं। इसके साथ ही पुरानी बावडियों एवं जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। किसानों के लिए खेत तालाब बनाए जा रहे हैं। जल बांध, नहरों एवं जल संरचनाओं का सफाई और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। जन-भागीदारी को बढ़ाने के लिए जल-पंचायतों का आयोजन किया जाएगा। दीवार-लेखन सहित प्रचार की विभिन्न गतिविधियों से नागरिकों को जल संवर्धन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों और कॉलेजों में भी जन-जागरूकता की गतिविधिया संचालित हो रही हैं। जल संरक्षण के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिक श्रमदान भी कर रहे हैं। अभियान तहत बड़े पैमाने पर पौध-रोपण भी किया जाएगा। जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की योजना भी लागू की गई।

### जल संरचनाओं की सफाई, निर्माण और जीर्णोद्धार का अभियान जारी

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जन भागीदारी से अपने चरम पर है। जन-जीवन से जुड़े इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्रोतों तथा देवालयों में जल-संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बागली विकासखंड की ग्राम पंचायत बरझाई में जन सहयोग से बावड़ी एवं घाट का जीर्णोद्धार कर उनकी साफ-सफाई की गई। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं गहरीकरण से जल संग्रहण की क्षमता बढ़ेगी।

### अब नहीं सूखेगी भितरवार की बरसाती नदी

ग्वालियर जिले के विकास खंड भितरवार में जल गंगा संवर्धन अभियान में स्थानीय वर्षाती नदी के संरक्षण के लिए श्रमदान किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत कैथी और भेंगना के बीच बर्षाती नदी पर युवाओं ने श्रमदान किया। संचार युवा मंडल के पदाधिकारियों ने भी श्रमदान में सहभागिता की। इससे नदियों के संरक्षण के साथ जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

## हर ईंट में लोक कल्याण की सोच, सड़कें बनीं सामाजिक और आर्थिक समृद्धि की आधारशिला

# 5,500 किमी सड़कें बनीं, 6,400 करोड़ का निवेश अब तक 4,740 किमी मार्गों को फोरलेन में बदला

2024-25 में अधोसंरचना विकास का नया अध्याय



प्रदेश में 80,775 किलोमीटर का सशक्त सड़क नेटवर्क

हर गांव, हर शहर को जोड़ती हैं आधुनिक सड़कें

22 नई सड़क परियोजनाओं के लिए ऐतिहासिक समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अधोसंरचना विकास का स्वरूप अब केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिवर्तन की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। लोक निर्माण विभाग लोक निर्माण से लोक कल्याण के मूलमंत्र के साथ सुदृढ़, पारदर्शी और जनहितकारी अधोसंरचना का निर्माण किया जा रहा है। मप्र में 80,775 किमी लंबा सड़क नेटवर्क है। इसमें 9,315 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग, 11,389 किमी राज्य राजमार्ग, 25,639 किमी मुख्य जिला मार्ग और 34,432 किमी अन्य जिला मार्ग शामिल हैं। यह नेटवर्क प्रदेश के ग्रामीण, शहरी, औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।

### 10,463 करोड़ से 474 पुलों एवं फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जारी

पिछले एक वर्ष से अधिक लगभग 14 महीनों में 6,400 करोड़ रुपए की लागत से 5,500 किमी सड़कों का निर्माण एवं सशक्तिकरण, 345 करोड़ रुपए से 1,500 किमी का डामरीकरण तथा 2,000 करोड़ रुपए से 110 पुलों और एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में 22,500 करोड़ रुपए की लागत से 10,000 किमी सड़कों और 10,463 करोड़ रुपए से 474 पुलों एवं फ्लाईओवर पर निर्माण कार्य जारी है।

### शहरी विकास और बड़े प्रोजेक्ट्स पर फोकस

ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश में 6 प्रमुख कॉरिडोर परियोजनाएं नर्मदा प्रगतिपथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ कॉरिडोर, अटल प्रगति पथ, बुंदेलखंड कॉरिडोर और मध्य भारत विकास पथ प्रारंभ की गई हैं। ये पिछड़े क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ेंगी।

### राष्ट्रीय राजमार्गों का चौड़ीकरण और नया समझौता

प्रदेश के लगभग सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को 4 लेन में परिवर्तित करने की योजना में अब तक 4,740 किमी मार्गों को 4 लेन में बदला जा चुका है। शेष 3,050 किमी पर कार्य जारी है। मध्यप्रदेश शासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बीच 1 लाख करोड़ रुपए की लागत से 4,010 किमी लंबाई की 22 नई सड़क परियोजनाओं के लिए ऐतिहासिक समझौता हुआ है। इसमें इंदौर-भोपाल, भोपाल-जबलपुर हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, लखनऊ-रायपुर एक्सप्रेसवे, आगरा-ग्वालियर, उज्जैन-झालावाड़, सतना-चित्रकूट और रीवा-सीधी जैसे महत्त्वपूर्ण मार्ग शामिल हैं।

### मानव संसाधन विकास और नीति निर्माण

प्रदेश के 1,750 इंजीनियरों का कौशल विश्लेषण कर उनके लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। साथ ही दीर्घकालिक रोड नेटवर्क मास्टर प्लान एवं रोड सेक्टर पॉलिसी का निर्माण भी प्रगति पर है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वृक्षों को काटने की बजाय स्थानांतरित किया जा रहा है।

## भाजपा को अपने नेताओं पर लगाम कसनी चाहिए लगाम नहीं कस पा रहे हैं तो ट्रेनिंग कराएं: सिंघार

**भोपाल।** मंत्री विजय शाह और जगदीश देवड़ा के सेना को लेकर दिए अपमानजनक बयानों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विजय शाह के लापता होने और अपमानजनक बयानों को लेकर एक बार फिर मुख्यमंत्री और भाजपा पर निशाना साधा है। सिंघार ने कहा कि प्रदेश सरकार अगर लापता विजय शाह को नहीं पकड़ पा रही तो ये काम सेना को दिया जाए, वो इसे बखूबी कर देगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को बखूबी पता होगा कि उनके मंत्री कहां पर हैं लेकिन अपरोक्ष तौर पर उन्हें बचाने की कोशिश हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चाहे विजय शाह हों या फिर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा दोनों ने महिला और सेना का अपमान किया है लेकिन भाजपा नेतृत्व चुप है। सीधे तौर पर ये उनकी मौन स्वीकृति बताता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कानूनी कार्रवाई सिर्फ निर्दोष जनता पर करती है अपने बेलगाम नेताओं पर नहीं। गलत बयान देने वाले भाजपा के नेताओं को सजा नहीं सुरक्षा देती है ये सरकार। भाजपा को अपने नेताओं पर लगाम कसनी चाहिए और अगर लगाम नहीं कस पा रहे हैं तो उनकी ट्रेनिंग कराएं।

## सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र का मामला

# हार्वेस्टर से टकराई बाइक, तीन लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिशन चौक-पिहरीद मुख्य मार्ग पर एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा एक तेज रफ्तार हार्वेस्टर के सामने से बाइक के टकरा जाने के कारण हुआ। जानकारी के अनुसार, धान कटाई के बाद हार्वेस्टर में लगे कटर को नहीं हटाया गया था और वह भारी वाहन रिहायशी इलाके से गुजर रहा था।

इसी दौरान मिशन चौक से पिहरीद की ओर जा रहे तीन बाइक सवार युवक हार्वेस्टर की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवकों के अंग अलग हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान नागेश्वर पिता दाऊलाल एवं शेर सिंह पिता परदेशी (ग्राम सतगढ़



निवासी) के रूप में हुई है, जबकि तीसरे युवक की पहचान की प्रक्रिया जारी है। घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मिशन चौक पर चक्का जाम कर दिया और हार्वेस्टर मालिक से मुआवजे की मांग करने लगे। इसके साथ ही पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के बाद शव को सीधे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, अस्पताल नहीं लाया गया। इससे आक्रोश और भी बढ़ गया। छपोरा, जैजैपुर और सक्ती मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। मौके पर मालखरौदा पुलिस पहुंचकर स्थिति को संभाला।

किसानों को कृषि तकनीक से जोड़ने भारत सरकार की पहल

# आज से 12 जून तक चलेगा कृषि संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान वर्ष 2025 का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राज्य के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान खरीफ मौसम 2025 की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा खेतों में हो रहे नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने हेतु प्रारंभ किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य में अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2 से 3 चिन्हित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजित करेंगी। परिचर्चाओं के माध्यम से किसानों को धान की सीधी बुवाई, ड्रोन तकनीक का उपयोग, प्राकृतिक खेती, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित कृषि, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन आयोजनों में आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग व संबद्ध विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषक भाग लेंगे। अभियान के दौरान किसानों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनकी खेती संबंधी समस्याओं को समझा जाएगा तथा उनके द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों की जानकारी एकत्र की जाएगी। यह जानकारी भविष्य के अनुसंधान, तकनीकी विकास और योजनाओं के स्वरूप निर्धारण में सहायक होगी। इस अभियान की प्रगति एवं प्रभावशीलता की निगरानी आईसीएआर, एन आईबीएसएम रायपुर द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्यपालन विभाग भी समन्वयात्मक भूमिका में रहेंगे। छत्तीसगढ़ शासन का प्रयास है कि यह अभियान केवल जानकारी देने तक सीमित न रहकर किसानों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती करने हेतु प्रेरित करे, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो और कृषि कार्य अधिक लाभकारी सिद्ध हो।

## धमतरी एवं समीपस्थ क्षेत्रों से एक साल तक रहेंगे बाहर

# तीन बदमाशों को किया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने गुंडा, बदमाशों पर लगातार वैधानिक कार्रवाई की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर वर्ष 2025 में जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है।

थाना सिटी कोतवाली धमतरी क्षेत्रान्तर्गत के सौरभ सोनी, गौरव मानिकपुरी संतदास मानिकपुरी ये तीनों आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर छोटी-छोटी बातों पर जान से मारने की धमकी देना, लड़ाई-झगड़ा करना, चाकू-तलवार दिखाकर डराना जैसे आपराधिक कृत्य करते आ रहा है। जिले के तीन और बदमाशों को आगामी एक वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ



जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। जिला बदर किये गए बदमाशों का सौरभ सोनी निवासी आमातालाब रोड़, गौरव मानिकपुरी निवासी मोटर स्टैंड वार्ड और संतदास मानिकपुरी निवासी मकेश्वर वार्ड को किया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा इन तीनों बदमाशों को जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने और एक वर्ष से पहले सक्षम न्यायालय की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने के आदेश दिये गये हैं। आदेश का पालन नहीं करने पर उसे वैधानिक कार्रवाई कर/बलपूर्वक उपरोक्त जिले की सीमाओं से बाहर निकाल दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यदि इसके बाद भी वह इस आदेश का उल्लंघन करे तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने पूरे प्रदेश में लगाए 2 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविर

200 से अधिक लोगों ने कराई ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन की जांच

# वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे : भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे पर शनिवार को पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक लोगों ने ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की जांच कराई।

शिविर में प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने जांच कराई। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख, प्रदेश सह संयोजक डॉ. रोहित श्रीवास्तव, डॉ. दिलीप बरगलिया डॉ. सोनल जैन, डॉ. ओसीनो पाण्डे, डॉ. सोमित बाथम, डॉ. अनिल पचौरी, बृजेश श्रीवास्तव, लक्ष्मण प्रजापति, सुबोध श्रीवास्तव ने जांच की।



### पूरे प्रदेश में हुआ स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

डॉ. अभिजीत देशमुख ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा वर्ल्ड हाइपरटेंश- डे पर शनिवार को पूरे प्रदेश में 2000 से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में आने वाले व्यक्तियों के ब्लडप्रेशर, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई तथा डॉक्टर्स ने उन्हें उचित परामर्श भी दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ अभियान: डॉ. अभिजीत देशमुख

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ अभिजीत देशमुख ने बताया कि हमारे देश में हाइपरटेंशन से पीड़ति 100 में से 50 लोग ऐसे हैं, जिनको यह पता ही नहीं है कि वे ब्लडप्रेशर या हाइपरटेंशन के मरीज हैं। इस स्थिति से चिंतित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान चलाने के आह्वान पर पूरे देश में शुरू किया गया है, जिसके तहत एनसीडी क्लीनिक में आने वाले 18 साल के ऊपर के हर व्यक्ति चाहे वो पेशेंट हो या पेशेंट के साथ आया हो, के ब्लडप्रेशर की जांच की जाती है। इस अभियान के अच्छे परिणाम आ रहे हैं।



### उच्च रक्तचाप से बचाव के लिए प्रदेशवासी नियमित जांच को दें प्राथमिकता: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर प्रदेशवासियों से, अपने परिवार और समाज में हाई ब्लड प्रेशर के प्रति जागरुकता लाने के प्रयास करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप दिवस, सभी को नियमित जांच के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) से बचाव के लिए संयमित जीवनशैली, नियमित योग-व्यायाम, संतुलित आहार और प्रभावी कार्य-प्रबंधन आवश्यक है।

## डभरा थाना क्षेत्र का मामला, लाखों का माल जब्त

# शातिर चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए संपत्ति संबंधी अपराधों के तहत एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिसने विभिन्न थानों के क्षेत्र अंतर्गत सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी रकम चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का समस्त सामान बरामद कर लिया है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 2,87,700 रुपए है।

मामला डभरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों के शीघ्र निराकरण हेतु सख्त निर्देश जारी किए गए थे। इसी क्रम में साइबर सेल सक्ती तथा थाना डभरा, बाराद्वार एवं जैजैपुर की संयुक्त टीम ने कार्य करते हुए मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार



पर पूर्व में भी चोरी में लिप्त आरोपी दुधनाथ मिरी (30 वर्ष) निवासी-बड़े पाडरमुड़ा थाना मालखरौदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने थाना डभरा क्षेत्र के ग्राम कोमो, किरारी, टुंड्री, थाना बाराद्वार के ग्राम कड़ारी, एवं थाना जैजैपुर के ग्राम दाताउद व कोटेतरा में सूने मकानों से की गई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर पुलिस ने विधिवत कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**प्रभारी मंत्री के भाषण से छेड़छाड़:** भाजपा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

## देवड़ा की राष्ट्रवादी छवि को नुकसान पहुँचाने की कोशिश



**जबलपुर।** प्रभारी मंत्री एवं मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के भाषण से कथित छेड़छाड़ और उसके सोशल मीडिया पर प्रसार को लेकर जबलपुर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मामले में जबलपुर पुलिस अधीक्षक को एक आधिकारिक ज्ञापन सौंपकर मामले की गंभीर जांच कराने तथा दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामला 16 मई 2025 का है, जब श्री देवड़ा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र, जबलपुर में आयोजित सिविल डिफेंस वालेंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया था। भाजपा के अनुसार, इस कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के सम्मान में संपूर्ण राष्ट्र के नतमस्तक होने की बात कही थी। इस भाषण के कुछ अंशों को जानबूझकर संपादित और तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया, जिससे उनके बयान का अर्थ पूरी तरह से बदल गया। इस छेड़छाड़ किए गए वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर श्री देवड़ा की राष्ट्रवादी छवि को नुकसान पहुँचाने का प्रयास किया गया। भाजपा का आरोप है कि यह कृत्य न केवल एक वरिष्ठ मंत्री की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला है, बल्कि इससे जनमानस में भ्रम उत्पन्न करने का भी प्रयास किया गया है। इसी क्रम में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जबलपुर एसपी से मिलकर वीडियो की सत्यता की जांच, इसके प्रसार पर तत्काल रोक लगाने, और इसके पीछे मौजूद व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, महामंत्री पंकज दुबे, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, जय सचदेवा, रोहित जैन, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, चित्रकांत शर्मा, राहुल रजक एवं मनीष जैन 'कल्लू' सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के मीडिया दुष्प्रचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और यदि प्रशासन की ओर से शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।



### अधिवक्ताओं ने उपमुख्यमंत्री देवड़ा को सौंपा ज्ञापन

#### सुरक्षा और स्वास्थ्य बीमा जैसी मांगों पर की चर्चा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से जबलपुर में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उपमुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता समुदाय से जुड़ी सुरक्षा और कल्याणकारी मांगों को शीघ्र लागू करने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सुदीप सिंह सैनी, सदस्य, जिला अधिवक्ता संघ कार्यकारिणी ने किया। उनके साथ अधिवक्ता अंकित यादव, आनंद मोहन चौधरी, रूप सिंह परमार, परमिंदर लंबा, सुनील जयसवाल, प्रतीक सैनी, स्वप्निल यादव, प्रवीण सेन तथा राहुल देव बर्मन भी उपस्थित थे। अधिवक्ताओं ने उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा का पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। भेंट के दौरान अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को मध्यप्रदेश में शीघ्र लागू किया जाए, ताकि अधिवक्ताओं को कार्यस्थल पर सुरक्षा प्राप्त हो। राज्य सरकार द्वारा 5 लाख तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा अधिवक्ताओं को उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें और उनके परिवार को चिकित्सा सुविधा में राहत मिल सके। इन मांगों पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।




## प्लेटफॉर्म नंबर 4 और 5 बने यार्ड

**यात्रियों और व्यवसायियों को भारी परेशानी**

**जबलपुर।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 बीते कुछ महीनों से ट्रेन संचालन के बजाय स्थायी यार्ड में तब्दील हो चुके हैं। यहां अब यात्री ट्रेनों का ठहराव नहीं हो रहा, बल्कि ट्रेनों के खाली रैक खड़े किए जा रहे हैं। इस वजह से न सिर्फ यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि इन प्लेटफार्मों पर केटरिंग स्टॉल संचालित करने वाले व्यवसायियों को भी भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। जानकारी के अनुसार, अमरावती, दयोदय, सोमनाथ जैसी यात्री ट्रेनों के खाली रैक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 पर खड़े कर दिए जाते हैं। इससे ये प्लेटफॉर्म पूरी तरह ब्लॉक हो जाते हैं और यात्री ट्रेनों की आवाजाही रुक जाती है। स्टेशन की सामान्य गतिविधियां ठप पड़ जाती हैं, और अवांछित तत्वों द्वारा प्लेटफॉर्म पर डेरा जमा लिया जाता है। प्लेटफार्म के निष्क्रिय हो जाने से वहां के केटरिंग स्टॉल पर ग्राहक न के बराबर पहुंच रहे हैं। जिन व्यवसायियों ने रेलवे को लाखों रुपये की केटरिंग फीस चुकाई है, वे अब अपने रोजमर्रा के खर्च भी नहीं निकाल पा रहे। स्टॉल संचालकों का कहना है कि पिछले तीन महीनों से चल रही इस स्थिति के चलते वे गंभीर वित्तीय संकट में हैं। स्टेशन सूत्रों के अनुसार, कुछ समय पहले ऐसी ही स्थिति प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 पर भी बनी थी। उस समय भी केटरिंग व्यवसायियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। अब वही हालात प्लेटफार्म 4 और 5 पर देखे जा रहे हैं, जिससे स्टॉल संचालक और यात्री दोनों में नाराजगी बढ़ रही है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल...

स्थानीय व्यवसायियों और यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन इस गंभीर समस्या से वाकिफ होने के बावजूद कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है। यात्रियों को सुविधा देने की बजाय प्लेटफार्मों को यार्ड में बदलना रेलवे की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है।व्यवसायियों और यात्रियों ने मांग की है कि रेलवे प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 को फिर से नियमित यात्री ट्रेनों के संचालन के लिए खोले और खाली रैक खड़े करने के लिए वैकल्पिक यार्ड की व्यवस्था करे, ताकि स्टेशन की सामान्य गतिविधियां पुनः बहाल हो सकें और व्यवसायियों को राहत मिल सके।

## हर शिकायत पर गंभीरता बरतें टीआई

### एडीजीपी डीसी सागर और कप्तान ने ली बैठक

हरिभूमि, जबलपुर ।




अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर द्वारा पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में जिल के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि थाने आने वाले शिकायतकर्ताओं की थाना प्रभारी स्वयं सुनवाई करते हुये विधिसम्मत कार्यवाही करें, सीएम हेल्प लाईन व जनसुनवाई की शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण करें निकाल करें। गम्भीर मामलों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर शीघ्र करें गिरफ्तारी। इस दौरान एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी समर वर्मा, एएसपी (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, एएसपी क्राइम व ट्रेफिक सोनाली दुबे, नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी उपस्थित रहे। एडीजीपी सागर ने अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं, बच्चों, वृद्धों और समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशील रहते हुये इनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तत्काल राहत पहुंचाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिये। फरार आरोपियों पर ईनाम जारी करें और शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी करें।

### सुअरमार बम के साथ युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** थाना अधारताल पुलिस ने सुअरमार बम के साथ घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 26 वर्षीय राहुल कोल उर्फ गोलू निवासी दुर्गा नगर, ग्वारीघाट के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी सुअरमार बम बरामद किया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि अधारताल तालाब के पास एक युवक सुअरमार बम लेकर संदिग्ध हालत में घूम रहा है और किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अधारताल पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल कोल उर्फ गोलू बताया। उसके हाथ में ली हुई सफेद पन्नी की तलाशी लेने पर उसमें से एक सुअरमार बम बरामद हुआ।

## जबलपुर मंडल के 16 स्टेशनों का हुआ कायाकल्प

### श्रीधाम व कटनी मुड़वारा स्टेशन उद्घाटन को तैयार

जबलपुर।

रेलवे बोर्ड की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के छोटे, लेकिन महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत जबलपुर रेल मंडल के 16 स्टेशनों को उन्नत किया जा रहा है। इनमें से दो प्रमुख स्टेशन, श्रीधाम और कटनी मुड़वारा, का पुनर्विकास कार्य पूरा हो चुका है और इन दोनों स्टेशनों के उद्घाटन की तैयारियां पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा शुरू कर दी गई हैं। यदि सभी प्रक्रियाएं सही ढंग से पूरी हो जाती हैं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को इन दोनों स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।इन दोनों स्टेशनों का विकास इस तरह से किया गया है कि वे आने वाले 50 वर्षों की जरूरतों को पूरा कर सकें। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, प्रवेश द्वार को नया रूप दिया गया है, साथ ही कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड की व्यवस्था, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण और विकास, सीसीटीवी कैमरा की स्थापना और आरामदायक स्टील बेंचों जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं।



### इन स्टेशनों को हो रहा विकास...

अमृत भारत योजना के तहत जबलपुर मंडल के जिन अन्य स्टेशनों का विकास हो रहा है, उनमें कटनी, मैहर, रीवा, सतना, सागर, नरसिंहपुर, पिपरिया, दमोह, गाडरवारा, सिहोरा रोड, श्रीधाम, करेली, ब्यौहारी और बरगवां स्टेशन शामिल हैं। इस पुनर्विकास योजना का उद्देश्य न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है, बल्कि इन क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी योगदान देना है। खासकर उन स्टेशनों पर जहां पहले आधारभूत सुविधाओं की कमी थी, अब यात्रियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित परिवेश मिलेगा।



## फिल्मी गाने पर बंदूक लहराने वाले युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नवीन चरगवां में 4 मई को आयोजित एक तिलकोत्सव कार्यक्रम में फिल्मी गाने की धुन पर मंच पर चढ़कर दो युवकों द्वारा दोनाली बंदूक लहराने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया और उनके पास से बंदूकें भी जब्त कर लीं। पुलिस ने इस मामले में 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 मई को ग्राम नवीन चरगवां में एक लगुन समारोह आयोजित किया गया था। इस समारोह के दौरान मंच पर विकास लोधी और नारायण लोधी नामक दो युवक जबरदस्ती युवतियों के साथ हाथ में दोनाली बंदूक लेकर नाचने लगे। दोनों युवकों का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे मामला तूल पकड़ लिया। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए बेलखेड़ा पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू की और पाया कि यह दोनों युवक ग्राम पावला के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया और उनके पास से बंदूकें जब्त कर लीं।

### बदमाशों के हमले में घायल सुमति की मौत

### परिजनों ने घेरा रांझी थाना

**जबलपुर।** सर्रापीपर नई बस्ती रांझी में पिछले दिनों पुरानी रंजिश के चलते बदमाशों के हमले में घायल हुए सुमित चौधरी की रविवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत होने की खबर जैसे ही परिजनों को लगी तो सभी रांझी थाना जा पहुंचे। जानकारी के मुताबिक रांझी सर्रापीपर नई बस्ती में 16- 17 मई की दरमियानी रात में तलवारबाजी की घटना में खून से लथपथ सुमित सहित 3 घायल युवक रांझी थाने पहुंचे थे। जिन्हें तत्काल रांझी अस्पताल भिजवाया गया। जहां से तीनों को मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया था। मेडिकल कालेज में उपचार करा रहे गुरुचरण महोबिया उम्र 35 निवासी सर्रापीपर नई बस्ती रांझी ने बताया कि वह बेलदारी का काम करता है। 16- 17 दरमियानी रात करीब 3 बजे मोहल्ले मे गालीगौज की आवाज आने पर घर के बाहर आकर देखा तो हेमंत तिवारी, अभिषेक फ्रांसिस, मॉर्टिन अन्ना एव मनोज तिवारी हाथ में तलवार, चाकू लिए खड़े थे।

## मॉर्निंग वॉक में निकली महिला से लूट का आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** धनवंतरी नगर में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से लूट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 19 अप्रेल को रूचि पटैल पति नीलेश कुमार साहू 39 वर्ष निवासी मकान नं.49 द्वारका परिसर धनवंतरी नगर थाना संजीवनीनगर जिला जबलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ज्ञानगंगा इंजीनियरिंग कालेज जबलपुर में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हूँ। मैं प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक के लिए सुबह 6.00 बजे अपने घर निकलती हूँ। सुबह 6.45 बजे प्रतिदिन की तरह सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए अपने घर से क्षितिज मॉडल स्कूल से टहलते हुए कमेटी हॉल एवं कमेटी हॉल से होते हुए दाहिने तरफ मुडक़र गुरुकुल स्कूल की तरफ जा रही थी तभी वहाँ रोड पर सामने की ओर से एक डीलक्स बाइक पर सबार दो लडक़े आए अचानक मेरे पास से गुजरते हुए डीलक्स बाइक में पीछे बैठे हुए लडक़ा ने गले का मंगलसूत्र खींचा तब मैने पीछे पलटकर देखा कि पीछे बैठा चैन खींचने वाला लडक़ा ने सफेद शर्ट एवं सफेद पेन्ट पहना हुआ था। आगे बैठा हुआ लडक़ा जो बाइक चला रहा था उसने ऑरेन्ज कलर की टीशर्ट पहना हुआ लडक़ा डीलक्स बाइक की रफ्तार तेज करके वहाँ से भाग गये। इसी प्रकार दीक्षा चडार पति दिलीप चडार 31 साल निवासी जैन मंदिर के बगल में धनवंतरीनगर का भी मंगलसूत्र एवं चैन बाइक सवारों ने लूटीं थी। फरार आरोपी की तलाश पतासाजी कर ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना खाना किया गया था तो तलाश पतासाजी कर अभिरक्षा में लेकर जबलपुर आये। फरार आरोपी क्रिस जाटव पिता चरन सिंह जाटव 18 वर्ष नि. ग्राम नीमगांव तह. महगाय थाना परासो जिला भिण्ड हाल भोलानगर थाना गोहलपुर जिला जबलपुर से पूछताछ की गई जो साथी साहिल बेन उर्फ भूलन बेन के साथ चुराई हुई एचएफ डिलक्स मोटर साइकिल से लूट की घटना घटित करना स्वीकार किया किया है। पूर्व में आरोपी साहिल से लूट का एक सोने का मंगल सूत्र एवं घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की एचएफ डिलक्स मोटर साइकिल जप्त की गयी है एवं आरोपी क्रिस जाटव से एक सोने की चेन एवं घटना वक्त पहने कपडे जप्त किया गया है। आरोपी क्रिस जाटव को ज्युडिशियल पर न्यायालय पेश किया गया है जो न्यायालय से ज्युडिशियल पर आरोपी को केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरुद्ध किया गया। पूर्व गिरफ्तार आरोपी साहिल बेन उर्फ भूलन बेन पिता अशोक बेन उम्र 19 साल निवासी भोला नगर को गिरफ्तार किया जा चुका है। क्रिस जाटव पिता चरन सिंह जाटव 18 वर्ष निवासी ग्राम नीमगांव तह. महगांव थाना परासों जिला भिण्ड हाल भोलानगर थाना गोहलपुर जिला को गिरफ्तार किया गया। बाइक, सोने की चेन, कपड़े जब्त किए गए।

## गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

### 3 किलो से ज्यादा गांजा बरामद

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच और थाना बेलबाग पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो 144 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत करीब 63,000 बताई जा रही है। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि दंगल मैदान पानी की टंकी के पास एक युवक सफेद टी-शर्ट और नीली जींस पहने, काले रंग का बैग लेकर गांजा बेचने के इरादे से ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोह. मआज गनी (उम्र 22 वर्ष), निवासी रायपुर (छत्तीसगढ़) बताया। तलाशी के दौरान उसके बैग से टेप से लिपटे दो पैकेट में रखा हुआ गांजा मिला, जिसका वजन कुल 3 किलो 144 ग्राम था। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और यह जांच की जा रही है कि उसे यह मादक पदार्थ कहां से और किसके माध्यम से मिला।

### कांबिंग गश्त के दौरान 375 वारंट तामील

## अपराधों पर लगाम कसने पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जबलपुर।

शहर में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए जबलपुर पुलिस द्वारा विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस व्यापक कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक श सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) ने किया। गश्त अभियान गत रात 10 बजे शुरू होकर 18 मई की रात 2:30 बजे तक चला। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शहर व देहात के सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय बदमाशों, गुंडों और फरार अपराधियों के खिलाफ दबिश दी गई, और उनके आपराधिक रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। कांबिंग गश्त में शहर और ग्रामीण थाना क्षेत्रों से जुड़े कुल 592 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए, जिन्हें 81 टीमों में बांटा गया था। हर टीम की कमान संबंधित थाना प्रभारी या उप निरीक्षक/सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के हाथ में थी। गश्त के दौरान विभिन्न मामलों में वर्षों से फरार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 123 गैर-म्यादी वारंट, 158 गिरफ्तारी वारंट, 94 जमानती वारंट सहित कुल 375 वारंट तामील किए, जो कि लंबे समय से लंबित थे।



काम्बिंग गश्त में में वरिष्ठ अधिकारियों की सीधी निगरानी रही, जिनमें आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जोन-2), सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सोनाली दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात/अपराध) शामिल थे. गश्त में सभी नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी), एसडीओपी और थाना प्रभारियों ने अपनी टीमें लेकर अभियान में भाग लिया।

### रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुसाफिरखाना में जांच

गश्त के दौरान पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुसाफिरखाना सहित संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की कड़ी जांच-पड़ताल की। देर रात घूमने वाले लोगों से पूछताछ की गई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई।

### कानून व्यवस्था के प्रति पुलिस की सख्ती

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने बताया कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। लगातार कांबिंग गश्त, वारंट तामीली और संदिग्धों की जांच से अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने साफ किया कि शहर में किसी भी तरह के आपराधिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

## विधायक अजय विश्नोई ने बच्चों को किया सम्मानित, सम्मान पाकर खिल उठे चेहरे

# संस्कार ही जीवन की असल पूंजी



हरिभूमि न्यूज पाटन।

भाजपा जिला ग्रामीण के तत्वाधान में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के जनप्रिय विधायक अजय बिश्नोई द्वारा बारहवीं की प्रदेश की प्रावीण्य सूची मे नौवा स्थान प्राप्त कृष्णबहादुर राजपूत, जिले मे प्रथम वेदान्शी ठाकुर ,दसवीं मे जिले मे प्रथम स्थान साक्षी विश्वकर्मा व मेधावी छात्र प्रोत्साहन सम्मान के पात्र 39 बच्चों को सम्मान पत्र व साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया अंत उपस्थित अतिथियों ने साल,श्रीफल और सम्मान पत्र भेंटसंस्था प्राचार्य सी एस ठाकुर को लगातार अच्छा परिणाम देने के लिये सम्मानित किया 1 विधायक अजय विश्नोई ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की साथ ही संस्कारों को जीवन की असल पूंजी बताया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह,ठाकुर उदयभान सिंह, ठाकुर राकेश सिंह, एड देवेंद्र यादव, राजकुमार सिंह, देव कुमार यादव, गजेंद्र सिंह, राघवेंद्र यादव, प्रशांत यादव,आदित्य नामदेव,सत्यम झरिया, रामशरण लोधी,दीपक विश्वकर्मा, कमल सिंह,राजेश दुबे, हर्ष, मनोज दुबे, पवन बर्मन आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य सी. एस. ठाकुर,उपप्राचार्य सुजीत सिंह, शिक्षक जसपाल सिंह, अनिल पटेल, हेमंत शर्मा, नीरज पटेल, धनंजय प्यासी, महेंद्र चौबे, देवीदीन पटेल,सीताराम ठाकुर, शशांत चौधरी, विवेक भारद्वाज, अर्चना बर्मन, शालिनी ठाकुर, पूजा झरिया, स्नेहा शर्मा, आकांक्षा सिंघई, रजनी ठाकुर, आयुषी ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।



# रानी दुर्गावती संग्रहालय में छाया चित्र प्रदर्शनी 22 तक निःशुल्क

**जबलपुर।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय म.प्र भोपाल के तत्वावधान में आज 18 मई 2025 विश्व संग्रहालय दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में 'कृषि संस्कृति में बलराम विषय पर छायाचित्र प्रदर्शनी का उदघाटन कुलगुरू रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय श्री राजेश वर्मा द्वारा प्रातः 11:00 बजे कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर में किया गया। उपसंचालक, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय ने बताया कि छायाचित्र प्रदर्शनी आज से 22 मई तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक आम दर्शको के लिये निःशुल्क रहेगी। इस अवसर पर लगभग 150 गणमान्य नागरिकों, छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

## बिजली ऑउटसोर्स को तीन माह बाद भी नहीं मिला 11 माह का एरियर

**जबलपुर।** हाईकोर्ट बेंच इंदौर एवं श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर द्वारा म.प्र. के आउटसोर्स श्रमिकों को वेतन पुनरीक्षण पश्चात बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का 11 माह का एरियर दिये जाने के निर्देश तीन माह पूर्व ही जारी हो चुके हैं, जिसके मुताबिक प्रत्येक अकुशल आउटसोर्स श्रमिक को 18766 रुपये, अर्द्धकुशल को 21615, कुशल को 25729 एवं उच्च कुशल को 29601 रुपये बोनस अंतर सहित एरियर दिया जाना चाहिए था, पर खेद की बात है कि पूर्व-पश्चिम-मध्य क्षेत्र बिजली कम्पनी में म.प्र. के 55 जिलों में से 47 जिलों के करीब 40 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को करीब 150 करोड़ रुपये का मिनिमम वेजेस एरियर अब तक मानव बल ठेकेदारों द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। इस मामले में बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग सहित श्रमायुक्त इन्दौर एवं अध्यक्ष मानव अधिकार आयोग को लिखित शिकायत की है। श्री भार्गव ने कहा कि जिन चंद 8 जिलों में आधा-अधूरा मिनिमम वेजेस मिला है, उनमें मध्य क्षेत्र में भोपाल सिटी व श्योपुर, पश्चिम क्षेत्र में इंदौर ग्रामीण, बड़वानी और मंदसौर पूर्व क्षेत्र में छिन्दवाड़ा, छतरपुर व जबलपुर शक्ति भवन मुख्यालय शामिल हैं। इन इलाकों को छोड़कर शेष सभी 47 जिलों के आउटसोर्स बोनस अंतर सहित एरियर राशि पाने से वंचित हैं।

## शाम-ए-गजल एवं भूले-बिसरे गीत का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि जबलपुर।

दत्त मंदिर, गोल बाजार में मधुर गीतों की प्रस्तुति का आयोजन योगेश उपाध्याय एवं मयंक श्रीवास्तव द्वारा किया गया, कार्यक्रम का मंच संचालन संजय पाटकर द्वारा किया गया। संगीत प्रेमियों में राज भट्ट, राज पटेल, राजेंद्र पांडे, रिंकू पाजी, रूमा बैनर्जी,रूमा भट्टाचार्य, स्वाति अवस्थी, जूली राठौर, अंजना सक्सैना, आरती चौबल के गायन ने संगीत प्रेमियों को बांधकर रखा। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से देखा गया, कि सभी उम्र के लोग उपस्थित थे, इन सभी ने मिलकर सभी पुराने गानों को, लेखकों को, कवियों एवं संगीतकारों को याद किया, इस तरह का कार्यक्रम यह विगत दो वर्षों से करते आ रहे हैं।

## राज्य स्तरीय ओपन स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग व इनक्लाइन बेंच प्रेस चयन ट्रायल 25 को

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एसोसियेशन एवं नेताजी सुभाष क्लब के तत्वावधान में 25 मई को मप्र स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस ओपन चयन ट्रायल प्रतियोगिता ओम सांई बारात घर, सैनिक सोसायटी, मदन महल जबलपुर में आयोजित की जाएगी। मप्र स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग संघ सचिव सावित्री यादव ने बताया कि इस ओपन चयन ट्रायल में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर एवं डिसेबिल्ड महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। खिलाड़ियों को 22 मई तक अपना आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ी नागपुर में 07 से 09 जून तक आयोजित वेस्ट जोन नेशन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। जबलपुर के खिलाड़ियों का वजन गोल्ड जिम कटंगा में शाम 6 से 8 बजे तक लिया जाएगा। इस चयन ट्रायल में प्रदेश के किसी भी जिम के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं।

### अभाविप के गुरुकुल 2.0 व्यक्तित्व विकास शिविर का दूसरा दिवस

## कोई भी भाषा कठिन नहीं होती बस हमारे अंदर उसे सीखने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए

हरिभूमि जबलपुर।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जबलपुर महानगर द्वारा आयोजित त्रि दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर गुरुकुल 2.0 द विनिंग मंत्र ' के दूसरे दिवस में धर्म शास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अनिमेष झा का एक सत्र रखा गया । जिसमें अनिमेष झा ने बताया कि किस प्रकार से हमारे ऊपर पश्चिम की सभ्यता थोपी गई और उसका प्रभाव हमारे शिक्षा में पड़ा । वहीं छात्रों को ज्ञानवर्धन के साथ उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हम अपने कर्तव्यों पहचाने साथ ही समाज में जिम्मेदार नागरिक बने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें । वहीं दूसरे सत्र में छात्रों के मार्गदर्शन हेतु मॉरल इंग्लिश अकेडमी के संचालक कमलकांत शर्मा ने अंग्रेजी विषय में छात्रों का मार्गदर्शन किया । जिसमें उन्होंने ने बताया कि हम किस प्रकार से किसी भाषा को भार न मानकर हंसते खेलते सीख सकते हैं । शर्मा ने बताया कि कोई भी भाषा कठिन नहीं होती बस हमारे अंदर उसे सीखने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए ।

वहीं डॉ कामिनी ने लीडरशिप व टीम वर्क के ऊपर तीसरा सत्र लिया। डॉ कामिनी ने बताया कि हम टीम वर्क का पहला उदाहरण अपने घर में मां के रूप देखते हैं । साथ ही हमें अपनी क्षमताओं को पहचानने की आवश्यकता है । लीडरशिप व टीमवर्क को ड्रीमवर्क में बदलने की आवश्यकता है,जिससे हमें अपने लक्ष्य को निर्धारित करने की आवश्यकता है। सत्र में प्रमुख रूप से महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर, महानगर सह मंत्री शोभित मिश्रा, तनीश पांडेय, प्रशुल तिवारी, अनमोल सोनकर, प्रयांशु नमदेव, तृषा पांडेय, अरमान पांडेय, मानिया पांडेय, हर्ष सेन,विरंद रजक, वेद तिवारी, पार्थ एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

**डॉ पुष्पराज पटेल और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कावेरी शॉ पटेल ने 103 मरीजों का किया निशुल्क उपचार**

## बीपी, ब्लड शुगर, ईसीजी की नि:शुल्क जांच कर दिया परामर्श



**जबलपुर।** माया श्री क्लिनिक डॉ प्रतीक जैन पंजाब बैंक के सामने भिटौनी, शहपुरा में डॉ.प्रतीक जैन की क्लिनिक में गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ पुष्पराज पटेल और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कावेरी शॉ पटेल ने उपस्थित 103 मरीजों का निशुल्क उपचार किया। इस अवसर पर डॉक्टर पुष्पराज पटेल और डॉ कावेरी शॉ पटेल के द्वारा बीपी, ब्लड शुगर, ईसीजी की जांच और परामर्श निशुल्क किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रतीक जैन, डॉ.गिरीश शिवहरे, डॉ.ईमरान खान, डॉ.तमन्ना और डॉ.खुशबु अंकित साहू, जितेंद्र राजपूत उपस्थित रहे ।

## संडे ऑन साईकिल फिट इंडिया ड्राइव 'साइक्लोन' का किया आयोजन

**जबलपुर।** संडे ऑन साईकिल फिट इंडिया ड्राइव के तहत स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया एसटीसी ने जीएसटी डिपार्टमेंट के साथ मिलकर साइक्लोन का भव्य आयोजन किया गया । सर्वप्रथम एस. आर. रवि कुमार, असिस्टेंट कमिश्नर ने प्रभात दंडोतिया, एडिशनल कमिश्नर, दुर्गेश नंदिनी केंद्र प्रभारी, एसटीसी जबलपुर, अधिवक्ता एस.आर. शिशिर नेमा, प्रेसिडेंट, टेक्स बार एसोसिएशन, कुलदीप सिंह बरार, इंटरनेशनल बास्केटबॉल कोच को पौधा देकर सभी को सम्मानित किया। प्रभात दंडोतिया, एडिशनल कमिश्नर ने प्रतिभागियों को झंडी दिखाई एवं प्रतिभागियों को रवाना किया। रैली जीएसटी/इनकम टेक्स कार्यालय से शुरू हुई तथा दूसरा पुल से होते हुए रेलवे स्टेशन रोड़, साउथ सिविल लाइन, सिविल लाइन पुलिस स्टेशन, माता मरियम होते हुए एम्पायर टॉकीज से वापस जीएसटी/इनकम टेक्स कार्यालय में समाप्त हुई।

### जयंती व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

## शंकराचार्य ने चारों दिशाओं में मठों की स्थापना की : गोपाल सिंह

**सिहोरा।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा में जन अभियान परिषद द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती पखवाड़ा पर विकासखण्ड स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन गोपाल सिंह जिला प्रमुख कुटुंब प्रबोधनी के मुख्य आतिथ्य,समन्वयक आशीष जैन की उपस्थिति में किया गया है। अतिथियों ने आदि गुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समन्वयक ने आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमो के बारे में जानकारी देने के साथ बताया गया की आदि गुरु ने संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि शंकराचार्य जी के द्वारा चारो दिशाओं में मठो की स्थापना कि गयी। जिसका उद्देश्य भारत का प्रत्येक नागरिक सम्पूर्ण भारत मे भ्रमण कर आस्था के केंद्रों के दर्शन कर अपने धर्म और संस्कृति का प्रचार प्रसार कर सके उन्होंने परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की भी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता प्रवीण गौतम ने किया इस अवसर पर रजनीश उपाध्याय,सुरभि कोरी,लक्ष्मीकांत परोहा,सचिन नामदे,नवांकुर संस्था से सौरभ पांडेय,सुषमा कर्चुली एंव छात्र छात्राए उपस्थित रहे। आभार व्यक्त सौरभ पांडे ने किया ।

## पेंशनर्स को मिले दो प्रतिशत मंहगाई भत्ता

**सिहोरा।** वरिष्ठ नागरिक पेशनर्स एसोसिएशन के द्वारा कर्मचारियों के समान जुलाई 2024 से महगाई भत्तें एरियर्स का भुगतान एवं जनवरी 2025 से दो प्रतिशत महगाई भत्ते के आदेश जारी करने की मांग की गई है। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा छत्तीसगढ से स्वीकृत लेने के बहाने पेंशन कर्मचारियों को 8 माह बाद मार्च 2025 से आदेश किये गये है। नियम 200 धारा 49 के आड में पेंशन कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है। मांग करने वाले पेसनर्स ऐसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष गंगाराम गुप्ता, जी.डी.सुहाने, विनोद कुमार श्रीवास्तव,अश्वनी गर्ग, दिनेश तिवारी, सुधीर नौगरिया, मुन्नालाल गौतम, जगदीश गुप्ता, सरमन लाल विश्वकर्मा, अनिल दाहिया।

### राग से बैराग की और उत्तम तप कल्याणक में आचार्य महाराजजी ने 90 दीक्षा दी

**पनागर।** संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर जी महाराज के मंगल सानिध्य एवं 108 आचार्य भगवन समयसागर जी महाराज, ससंघ सानिध्य में उत्तम तप कल्याणक आज हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया सभी क्रियाएं विधि विधान से चार्य वाणी भूषण बा. ब्र. विनय भैया जी (बण्डा), सहप्रतिष्ठाचार्य ब्रा नरेश भैया जी , ने विधि विधान से सभी कार्यक्रम कराई। प्रातः 5:30 बजे से पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमह पूजन, प्रभु का अवतार जन्म कल्याणक पूजन, शान्तिहवन, आचार्य श्री जी की पूजन की गई आपनेजनसमूह को आशीर्वचन दिया पाणिग्रहण संस्कार विधि (बासत) संपन्न हुआ राज्याभिषेक, भेंट समर्पण, महामंडलेश्वर नियुक्ति, सेनापति नियुक्ति, षटकर्म उपदेश, दंडनीति, ब्राह्मीसुन्दरी को शिक्षा, नीलांजना नृत्य, लोकांतिक देव आगमन, युवराज भरत व बाहुबली राजतिलक, दीक्षाभिषेक, दीक्षा वनगमन, दीक्षाकल्याणक संस्कार विधि भी संपन्न हुई आचार्य गुरु ने आदिनाथ को दीक्षा प्रदान की साथ ही विभिन्न मंदिरों में भगवान की स्थापित होने वाली लगभग 89 प्रतिमाओं को भी दीक्षा आचार्य गुरुवर ने प्रदान दी गई रात्रि: संगीतमय महाआरती का सौभाग्य सुदर्शन सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ शास्त्र प्रवचन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम मैं एक नाटक की प्रस्तुति की गई बाहुबली भरत महाराज का राज्यदरबार की भी प्रस्तुति की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय मेहरा समाज सम्मेलन आयोजित किये जाने बैठक सम्पन्न




**जबलपुर।** मेहरा समाज के सभी उपवर्गों का "मेहरा सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह" दिनांक 08 जून 2025 को मानस भवन जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। तत्संबंध में विशेष बैठक (संगोष्ठी) का आयोजन 18/05/2025 को जमना प्रसाद मेहरा (वरिष्ठ समाजसेवी) की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन इंजीनियर भूपेन्द्र मेहरा (राष्ट्रीय सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक) ने किया। बैठक में मेहरा समाज के विभिन्न उपवर्ग (झारिया, डेहरिया, मेहर, गढ़वाल, शाहपुरिया, पठारिया, महोबिया, नुन्हारिया के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं सामाजिकजन अधिक से अधिक संख्या में विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों से सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों द्वारा अपने-अपने विचार व सुझाव रखते हुए सम्मेलन की सम्पूर्ण तैयारी के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारी सौंपी गई। चर्चा उपरांत सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि मेहरा समाज के आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मेहरा समाज सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोगों को आमंत्रित किया जाए और अधिक से अधिक विवाह हेतु जोड़े तैयार करने सभी संगठनों के पदाधिकारियों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी जाए। बैठक में सर्वसम्मति से अमित मेहरा (अध्यक्ष-अजॉक्स) को अखिल भारतीय मेहरा (झारिया) समाज विकास संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मनोनीत किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सी.एल. झारिया (अध्यक्ष जिला जबलपुर), एड. कंचन सिंह मेहरा, तेजीलाल झारिया, आर.डी. मेहरा, रामदीन पठारिया, बेनी प्रसाद झारिया, लालीबाई झारिया, डॉ. बलराम झारिया, विपतराम झारिया, राजकुमार मेहरा, बालकृष्ण झारिया, रामेश्वर मेहरा, राजेश मेहरा, संतोष मेहरा, हरी मेहरा (पत्रकार) इत्यादि की उपस्थिति सराहनीय रही।

**श्रीमती हीराबाई ओझा-** रेतनाका गौरीघाट रोड निवासी श्री शिव शंकर ओझा की धर्मपत्नी श्रीमती हीराबाई ओझा (98) का निधन हो गया है अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मीनाक्षी यादव-** उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री प्रवेंद्र यादव की धर्मपत्नी श्रीमती मीनाक्षी यादव का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करिया पाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री आनंद कुमार सालवार-** प्रेस्टीज होम साउथ सिविल लाइन निवासी श्री आनंद कुमार सालवार (73) का निधन हो गया है अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती लोधी-** नई बस्ती सुभाष नगर रांझी निवासी श्री रघुवेंद्र सिंह लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती मालती लोधी (65) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोनाबाई चौधरी-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री शंभू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोनाबाई चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुधा मिश्रा-** घमापुर चौक निवासी श्री सदानंद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा मिश्रा (66) का देहांत हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नन्ही बाई बेन-** भानतलैया मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री छोटेलाल बेन की




धर्मपत्नी श्रीमती नन्ही बाई बेन (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया ।

**श्रीमती विजयलक्ष्मी गुप्ता-** सरस्वती कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री प्रेम शंकर गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती विजयलक्ष्मी गुप्ता (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरी,घाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई दहिया-** बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास सेठ गोविंद दास वार्ड निवासी श्री श्याम लाल दहिया की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई दाहिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई रैकवार-** लटकारी का पड़ाव निवाडगंज निवासी श्री कोमल प्रसाद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई रैकवार (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई चौहान-** सेठ गोविंददास वार्ड वाल्मीक मोहल्ला निवासी श्री रोशन लाल चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई चौहान का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विक्रम माहुले-** घमापुर चौक के पास निवासी श्री विक्रम माहुले (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ ।

**श्री ईश्वर सिंह ठाकुर-** नरबद तेली का बड़ा शीतलामाई सरकारी कुआं रोड निवासी श्री ईश्वर सिंह ठाकुर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जानकी बाई विनोदिया-** साउथ सिविल लाइन साईं मंदिर के पास निवासी श्री रूपचंद विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई विनोदिया (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती द्रोपती बाई झरिया-** धोबीघाट वॉटर वर्क्स रोड कजरवारा निवासी श्री मटरू लाल झरिया की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई झरिया (85) का निधन हो गया।अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बुद्धिमति गुप्ता-** मदनमहल निवासी श्री कौशल किशोर गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती बुद्धिमति गुप्ता (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री देवदत्त यादव-** चंदन कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री देवदत्त यादव (90) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

**खबर संक्षेप**

### रिजर्व बैंक ने डॉयचे, यस बैंक पर जुर्माना लगाया



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए डॉयचे बैंक एजी, इंडिया और यस बैंक पर जुर्माना लगाया है। डॉयचे बैंक एजी, इंडिया पर बैंकों में बड़े कर्ज को लेकर केंद्रीय रिपॉजिटरी बनाने से जुड़े कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी में एचएमआईएल




**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) घरेलू बाजार में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल करने के लिए नए उत्पादों की पेशकश, ग्रामीण बाजार, संस्थागत बिक्री और पूर्व स्वामित्व वाली कार खंडों में बिक्री बढ़ाने पर जोर दे रही है। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने यह बात कही।

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन में आया सुधार



**नई दिल्ली।** मंडियों में कम आवक और मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन, हल्की मांग के बीच पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे दाम पर बिक रहे मूंगफली तेल-तिलहन और नगण्य उपलब्धता के बीच हल्की मांग के कारण बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ।


### धानुका एग्रीटेक लिमिटेड का मुनाफा 28 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** धानुका एग्रीटेक लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में 28 प्रतिशत बढ़कर 75.50 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 59.01 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। 2024-25 की चौथी तिमाही में कुल आय 18.13 प्रतिशत बढ़कर 453.17 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 383.59 करोड़ रुपये थी।

### यूरेका फोर्ब्स का मुनाफा दोगुना बढ़कर 49.5 करोड़

**नई दिल्ली।** यूरेका फोर्ब्स लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 49.48 करोड़ रुपये हो गया। अब निजी इक्विटी कंपनी एडवेंट इंटरनेशनल के नियंत्रण में आने वाली कंपनी ने कहा कि एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 21.38 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### एनारॉक की आमदनी 33 फीसदी बढ़कर 755 करोड़




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक समूह की आय पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 33 प्रतिशत बढ़कर 755 करोड़ रुपये हो गया। चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की बेहतर मांग के चलते आमदनी बढ़ी है। मुंबई स्थित एनारॉक ने 2023-24 में 566 करोड़ रुपये की आय हासिल की थी। एनारॉक की स्थापना अनुज पुरी ने अप्रैल 2017 में की थी। इससे पहले वह एक वैश्विक संपत्ति परामर्श फर्म में 10 वर्षों तक 'कंट्री प्रमुख' के रूप में काम कर चुके हैं।

# टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहन पर बड़ा दांव लगाने की तैयारी

**कंपनी चालू वित्त वर्ष में कई नए मॉडल उतारेगी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स का लक्ष्य घरेलू यात्री वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को मुख्यधारा में लाने का है। अपनी इस योजना के तहत कंपनी ईवी श्रृंखला को मजबूत करने और साथ ही मौजूदा मॉडल के लिए मूल्य को बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

- टाटा मौजूदा मॉडल के लिए मूल्य को बढ़ाने का प्रयास कर रही

मुंबई की यह प्रमुख वाहन कंपनी चालू वित्त वर्ष में हैरियर.ईवी और उसके बाद सिएरा.ईवी उतारने की तैयारी कर रही है। साथ ही कंपनी अपने मौजूदा मॉडल में भी कई तरह के सुधार करने की योजना बना रही है। टाटा मोटर्स ने 2024-25 में करीब 65,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। यह आंकड़ा 2023-24 की तुलना में 10 प्रतिशत कम है।

#### कंपनी लागत में कमी लाने पर काम कर रही

टाटा मोटर्स ने कहा कि वह प्रमुख बाजारों में अपने बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने की भी योजना बना रही है। इसके तहत बड़े आकार के फॉर्मेट स्टोर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा कंपनी कठिन माहौल में प्रतिस्पर्धात्मकता और लाभप्रदता सुनिश्चित करने के लिए लागत में कमी की दिशा में भी काम कर रही है।



#### लक्ष्य हैच और एसयूवी उत्पाद में सुधार लाने पर

आंतरिक दहन इंजन यानी परंपरागत वाहन खंड पर, कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य हैच और एसयूवी में उत्पाद में सुधार के साथ अपने सबसे मजबूत और सबसे नए पोर्टफोलियो का लाभ उठाना है। कंपनी का लक्ष्य व्यापक विपणन अभियान और ब्रांड जुड़ाव के माध्यम से ब्रांड के विचार को बढ़ाना है, ताकि ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाया जा सके।

#### कंपनी ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने जा रही

तिमाही नतीजों के बाद निवेशक प्रस्तुतीकरण में कंपनी ने कहा, 'हम नए मॉडल के साथ ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने जा रहे हैं। साथ ही मौजूदा मॉडल के लिए भी मूल्य बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। कंपनी का इरादा इलेक्ट्रिक वाहनों को मुख्यधारा में लाने है। इसके लिए कंपनी बाजार विकास और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी।

*कंपनी का ध्यान ट्रक में एसी की सुविधा देने पर*

*वाणिज्यिक वाहन कारोबार के बारे में कंपनी ने कहा कि उसे बेड़े के उपयोग में सुधार और बेहद वृहद आर्थिक संकेतकों के साथ एक स्थिर धारणा की उम्मीद है।'हम वैश्विक बाधाओं के बावजूद निरंतर वद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।'*

### खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े महंगाई की स्थिति नहीं दर्शाते

# मुद्रास्फीति के आंकड़े वास्तविक स्थिति बयां नहीं करते, व्यय सर्वेक्षण संशोधन जरूरी: अर्थशास्त्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। लेकिन परिवार के शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मदों में बढ़ते खर्च को देखते हुए यह माना जा रहा है कि यह आंकड़ा महंगाई की स्थिति का सही बयां नहीं करता।

#### भारांश व वस्तुओं में बदलाव जरूरी

जाने-माने अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रो. एन आर भानुमूर्ति ने कहा, ''यह माना जा रहा है कि खुदरा उपभोक्ताओं की खपत वस्तुओं की संरचना में बदलाव हुआ है। ऐसे में इसे जीवनयापन की लागत को दर्शाने के लिए भारांश और वस्तुओं में बदलाव की जरूरत है। अभी हम 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण का इस्तेमाल कर रहे हैं और इसे जल्द-से-जल्द संशोधित करने की जरूरत है।''

*अर्थशास्त्रियों का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति के मौजूदा आंकड़े महंगाई की वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाते और कीमत वृद्धि की सही तस्वीर प्राप्त करने के लिए मौजूदा 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण में जल्द-से-जल्द संशोधन करने की जरूरत है।*

- सही तस्वीर पाने 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण में संशोधन जरूरी
- पिछले सप्ताह फलों व सब्जियों की कीमतें छह साल के निचले स्तर पर थी



*अमीर खाद्य वस्तुओं पर कम खर्च करते हैं*

*इसका कारण मध्यम वर्ग, औद्योगिक श्रमिक या किसान अथवा कृषि श्रमिकों की खपत वाली वस्तुओं का प्रतिरूप अलग-अलग होता है। गरीब लोगों के लिए खाने के सामान का महत्व ज्यादा है। अमीर खाद्य वस्तुओं पर कम खर्च है।*

*नए सर्वेक्षण में खाद्य वस्तुओं का भारांश होगा कम : भानुमूर्ति ने कहा, ''ऐसी उम्मीद है कि नये सर्वेक्षण में 2011-12 के मुकाबले खाद्य वस्तुओं का भारांश कम हो सकता है। इसी तरह कुछ नई वस्तुएं भी हैं जो औसत उपभोक्ताओं की खपत में शामिल हो सकती हैं।''*

#### उद्योगपति व कारोबारी को महंगाई से लाभ होता है

आमदनी भी उतनी बढ़े तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अतः यह देखना पड़ता है कि किस-किस तबके पर क्या असर हुआ है। कुमार ने कहा, मुद्रास्फीति की दर सबके लिए एक नहीं है। यह निर्भर करता है कि आपकी खपत का स्तर क्या है। जो उद्योगपति हैं, कारोबारी हैं, उन्हें महंगाई से लाभ होता है क्योंकि उनका मुनाफा बढ़ता है। लेकिन आम लोगों को नुकसान होता है।

#### अब खपत प्रतिरूप बदला है

लोग अब होटल, रेस्तरां में बाहर ज्यादा खाने लगे हैं...। स्कूल फीस, स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ा है। इसीलिए खपत प्रतिरूप बदल रहा है और उसका भारांश भी बढ़ रहा है। इसमें समय-समय पर संशोधन होना चाहिए था। लेकिन अबतक नहीं हुआ है। उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के तहत यह पता लगाया जाता है कि परिवार किस प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च करते हैं।

#### हर पांच साल में होता है सर्वेक्षण

वर्तमान में 2011-12 के सर्वेक्षण के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का आकलन किया जाता है। यह सर्वेक्षण हर पांच साल में होता है। परिवारों के खपत व्यय पर पिछला सर्वेक्षण 2022-23 और 2023-24 (अगस्त-जुलाई) में किया गया और इसके आधार पर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के लिए आधार वर्ष मौजूदा 2012 से संशोधित कर 2024 करने पर काम कर रहा है।

# क्रूज पर्यटन में महाशक्ति बन सकता है भारत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- समुद्री और नदी क्रूज पर्यटन का हो सकता है विस्तार

भारत में समुद्री और नदी क्रूज पर्यटन के क्षेत्र में महाशक्ति बनने की क्षमता है, हालांकि हवाई किराये में उतार-चढ़ाव और गुणवत्तापूर्ण होटलों की सीमित उपलब्धता जैसी बुनियादी संरचनागत कमियां घरेलू बाजार के लिए चुनौतियां पेश करती हैं।

थॉमस कुक इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) महेश अय्यर ने यह बात कही है। अय्यर ने बातचीत में कहा कि क्रूज अवकाश एक अत्यधिक व्यवहार्य यात्रा विकल्प के रूप में उभरा है, क्योंकि इनमें कई वीजा की जटिलताएं समाप्त हो गई हैं, तथा गंतव्यों के बीच निर्बाध यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसमें एक ही साथ आवास, भोजन, मनोरंजन और दर्शनीय स्थलों की यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। अय्यर ने कहा, "क्रूज़ भारत मिशन और मैरीटाइम इंडिया विज़न-2030 जैसी सरकारी पहल के साथ, हम इस क्षेत्र में सकारात्मक वृद्धि और विस्तार की उम्मीद करते हैं। इसके अलावा, देश के यात्रा और पर्यटन क्षेत्र के लिए बाधाओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनौतियों में बुनियादी ढांचे की कमी शामिल है, जैसे गुणवत्तापूर्ण होटलों की सीमित उपलब्धता, विशेष रूप से 3-सितारा प्लस श्रेणी में, जो कई क्षेत्रों में, विशेष रूप से कुछ उत्तरी हिल स्टेशनों में बाधा बनी हुई है।

# कंपनियों के परिणाम से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से कंपनियों के बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह और वैश्विक रुख से तय होगी।

वैश्विक व्यापार करार से जुड़े घटनाक्रम और वैश्विक बाजारों की स्थिति पर भी सभी की निगाह रहेगी। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''चूंकि भारत-पाकिस्तान तनाव अब शांत हो गया है और सभी प्रमुख भू-राजनीतिक घटनाएं पीछे छूट गई हैं, ऐसे में निवेशकों का ध्यान कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों पर रहेगा।'' सिंघानिया ने कहा, ''इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की उम्मीदें बढ़ रही हैं, जिससे बाजार धारणा को और समर्थन मिल सकता है।' उन्होंने कहा कि घरेलू घटनाक्रम और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़े भी निवेशकों के प्रवाह और बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत, अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क कटौती करने को तैयार है और अमेरिकी तथा भारत के बीच एक व्यापार समझौता जल्द ही होने वाला है।



- एफआईआई व वैश्विक रुख की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका

#### इन कंपनियों के नतीजे आने हैं

इस सप्ताह जिन प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं उनमें पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज, आईटीसी और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल हैं।

#### घटनाक्रम पर होगी सभी की निगाहे

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह कोई बड़ा वैश्विक या घरेलू घटनाक्रम नहीं है, ऐसे में बाजार का ध्यान तिमाही नतीजों तथा आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर रहेगा। वैश्विक व्यापार करार से जुड़े घटनाक्रमों पर भी सभी की निगाह रहेगी।''

# बड़ी सीमेंट कंपनियों की बिक्री चौथी तिमाही में बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बड़ी सीमेंट कंपनियों की मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में बिक्री की मात्रा बढ़ी है। इन कंपनियों का मानना है कि बेहतर बिक्री और स्थिर मांग के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में भी उनका अच्छा प्रदर्शन जारी रहने की उम्मीद है।

- आगे भी रफ्तार जारी रहने की उम्मीद

अल्ट्राटेक, अंबुजा सीमेंट्स, एसीसी, श्री सीमेंट्स और डालमिया भारत जैसी प्रमुख सूचीबद्ध सीमेंट कंपनियों ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सरकारी खर्च और ग्रामीण मांग में सुधार के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग सात से 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य बरकरार रखा है। हालांकि, ये कंपनियां भू-राजनीतिक तनाव और बदलते व्यापार परिदृश्य को लेकर सतर्क हैं। सीमेंट निर्माताओं ने मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 3.5 से 10 प्रतिशत तक बिक्री वृद्धि और क्षमता उपयोग में वृद्धि की सूचना दी।इन कंपनियों को आय के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा।



#### परिचालन मार्जिन में होगा सुधार

रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि 2025-26 में सीमेंट कंपनियों के परिचालन मार्जिन में सुधार होगा। कंपनियों को सीमेंट की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी और कच्चे माल की लागत स्थिर रहने का लाभ मिलेगा।

#### सीमेंट की औसत कीमत 340 रुपए प्रति बोरी

भारत में मार्च, 2025 में सीमेंट की औसत कीमत 350 रुपये प्रति बोरी (50 किलोग्राम) थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में सीमेंट की औसत कीमत सात प्रतिशत घटकर 340 रुपये प्रति बोरी रह गई। इक्रा की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में औसत कीमत 365 रुपये प्रति बोरी थी।

### बोराना वीव्स का आईपीओ 20 मई को खुलेगा




**नई दिल्ली।** कपड़ा बनाने वाली कंपनी बोराना वीव्स ने कहा कि उसने अपने 145 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 205-216 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि निर्गम 20 मई को आवेदन के लिए पूंजी बाजार में आएगा, जबकि एंकर यानी बड़े निवेशकों के लिए बोली 19 मई को एक दिन के लिए खुलेगी। निर्गम 22 मई को बंद होगा। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर, कंपनी को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) से लगभग 144.89 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

# भारत इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन का सबसे बड़ा बाज़ार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत लगातार दूसरे साल इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। बीते साल भारत में इलेक्ट्रिक तिपहिया की बिक्री लगभग 20 प्रतिशत बढ़कर लगभग सात लाख इकाई पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।पेरिस स्थित ऊर्जा नियामक ने अपने 'वैश्विक ईवी परिदृश्य-2025' में कहा कि भारत वैश्विक इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन बाजार में सबसे अधिक वृद्धि को आगे बढ़ा रहा है। वैश्विक तिपहिया वाहन बाजार में पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन की बिक्री 2024 में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 10 लाख वाहन को पार कर गई। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन की बिक्री सभी तिपहिया वाहन बिक्री का लगभग एक-चौथाई है, जो 2023 में 20 प्रतिशत से अधिक था। यह बाजार अत्यधिक संकेन्द्रित है। इसमें चीन और भारत, दोनों की मिलाकर इलेक्ट्रिक और पारंपरिक तिपहिया वाहन की कुल बिक्री में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।



- लगातार दूसरे साल दुनिया का सबसे बड़ा बाजार

### सेबी ने कार्वी के निवेशकों को दावे दाखिल करने को कहा




**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने भुगतान में चूक करने वाली कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड (केएसबीएल) के निवेशकों से दो जून की समयसीमा से पहले अपने दावे दाखिल करने को कहा। केएसबीएल को 23 नवंबर, 2020 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने चूककर्ता घोषित कर दिया था। इसके बाद निवेशकों को भुगतान से चूक करने वाले ब्रोकर के खिलाफ दावे पेश करने के लिए कहा गया था, जिसकी अंतिम तारीख दो जून, 2025 है। सेबी ने अपने बयान कहा, 'कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. के खिलाफ निवेशकों के दावे पेश करने की समयसीमा नजदीक आ रही है, इसलिए निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त समयसीमा पर ध्यान दें और अगर उन्होंने पहले से दावा दाखिल नहीं किया है, तो समयसीमा से पहले अपने दावे दाखिल कर दें।'

### भारत के स्मार्टफोन निर्यात में 55 प्रतिशत का उछाल दर्ज

# स्मार्टफोन निर्यात ने पेट्रोलियम व हीरे को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले तीन साल में अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात पांच गुना हो गया है। वहीं इस दौरान जापान को निर्यात चार गुना हो गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस तरह आज स्मार्टफोन निर्यात ने देश से पेट्रोलियम उत्पादों और हीरे के निर्यात को पीछे छोड़ दिया है। आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात 55 प्रतिशत के उछाल के साथ 24.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में 15.57 अरब डॉलर और 2022-23 में 10.96 अरब डॉलर था।

- पिछले तीन साल में अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात पांच गुना

#### शीर्ष पांच देशों में रहा सबसे ज्यादा निर्यात

बीते वित्त वर्ष में अमेरिका, नीदरलैंड, इटली, जापान और चेक गणराज्य शीर्ष पांच देश रहे जहां स्मार्टफोन निर्यात में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज हुई है। अकेले अमेरिका को 2024-25 में स्मार्टफोन का निर्यात 10.6 अरब डॉलर का हो गया। अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 2022-23 में 2.16 अरब डॉलर और 2023-24 में 5.57 अरब डॉलर रहा था।



#### स्मार्टफोन सबसे ज्यादा निर्यात वाला उत्पाद बना

जापान को निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जापान को निर्यात 2022-23 के 12 करोड़ डॉलर से 2024-25 में 52 करोड़ डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, ''इस तेज उछाल के साथ स्मार्टफोन भारत का सबसे ज्यादा निर्यात वाला उत्पाद बन गया है। इसने पहली बार पेट्रोलियम उत्पादों और हीरे को पीछे छोड़ दिया है।''

*पिछले तीन वर्षों से क्षेत्र में भारी उछाल*

*अधिकारी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में इस क्षेत्र में भारी उछाल आया है, जिससे देश एक प्रमुख वैश्विक विनिर्माता और उपभोक्ता केंद्र में बदल गया है। उन्होंने कहा कि इस वृद्धि में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का खास योगदान रहा है।*

#### पीएलआई से स्थानीय उत्पादन को मिल रहा बढ़ावा

पीएलआई से जहां निवेश बढ़ा है वहीं स्थानीय उत्पादन को भी बढ़ावा मिला और भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखला से अधिक गहराई से जोड़ने में मदद मिली है। आंकड़ों के अनुसार, नीदरलैंड को निर्यात 2022-23 के 1.07 अरब डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 2.2 अरब डॉलर हो गया।

#### इटली को निर्यात बढ़ा

इसी तरह, इटली को निर्यात 72 करोड़ डॉलर से बढ़कर 1.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। चेक गणराज्य को भी निर्यात 65 करोड़ डॉलर से बढ़कर 1.17 अरब डॉलर हो गया।

### स्कॉच पर शुल्क रियायत से भारतीय डिस्टिलरी को मिलेगा अधिक बढ़ावा

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रीमियम व्हिस्की डिस्टिलरी कंपनियों को उम्मीद है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के तहत स्कॉच आयात पर शुल्क रियायतें उनके मार्जिन को बेहतर बनाने और वृद्धि को गति देने में मदद करेंगी। भारत निर्मित विदेशी शराब कंपनियों द्वारा मिश्रण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले थोक स्कॉच पर कम सीमा शुल्क से लागत कम होगी और प्रीमियम स्पिरिट भारतीय बाजार में अधिक किफायती हो जाएगी, जो व्हिस्की के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। इसी महीने घोषित व्यापार समझौते के तहत भारत, ब्रिटेन की व्हिस्की और जिन पर शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत करेगा और दसवें वर्ष तक इसे 40 प्रतिशत तक कम करेगा।

## चिंतन

# आतंकवाद के पोषक देश पाक की घेराबंदी जरूरी

पाकिस्तान की माली हालात किसी से छिपी नहीं है। कौन नहीं जानता कि बीते साल की अंतिम तिमाही के दौरान अगर कर्ज नहीं मिलता तो पाकिस्तान दिवालिया हो चुका होता। हालांकि अब उसके हालात में कुछ सुधार है, लेकिन ऐसा तो कतई नहीं है कि खजाना भर चुका है और वो जो चाहे कर सकता है। वर्तमान में भी पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज का शिकंजा इतना कड़ा है कि वो कभी भी फिर से दलदल में फंस सकता है। विदेशी कर्ज बढ़कर 7.3 लाख करोड़ हो चुका है जबकि देशी कर्ज का आंकड़ा 14.3 लाख करोड़ को पार कर गया है। वहां पैदा होने वाले हर बच्चे के सिर पर 86.5 हजार रुपये कर्ज है। इतना होने के बावजूद पाक हुकूमत है कि सुधरने का नाम नहीं ले रही। वो कर्ज लेकर आतंकियों के पोषण में लगी है। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद समेत न जाने कितने आतंकी समूह हैं जिन्हें पाक सरकार पाल-पोस रही है। लश्कर-ए-तैयबा ने 21 देशों में पहचाने गए भर्ती नेटवर्क के साथ अंतरराष्ट्रीय पहुंच बना रखी है। संगठन का टारगेट किसी भी तरह से भारत में अशांति पैदा करना है। इसका नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय आतंकी हाफ़िज़ मुहम्मद सईद करता है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद वह पाकिस्तान में सक्रिय है। बाकायदा उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है। इसी गुट में ज़फ़र इक़बाल, मुहम्मद याह्या मुजाहिद और ज़कीउर रहमान लखवी भी शामिल हैं। लखवी 2008 में मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड में से एक था। लेकिन पाक सरकार ने उसे खूब संरक्षण दिया। ऐसे ही पाक सरकार के नापाक इरादों के कारण जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी गुट फल फूल रहे हैं। हैरत की बात है कि पूरी दुनिया को पाक के आतंकी नेटर्वक की जानकारी होने के बावजूद इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने उसे कर्ज जारी कर दिया, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। अब आईएमएफ ने पाकिस्तान को भारत के साथ बढ़ते तनाव पर चेतावनी दी है। संगठन ने कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो पाकिस्तान के एक बिलियन डॉलर (करीब 8,542 करोड़) के बेलआउट प्रोग्राम की अगली किस्त रोकी जा सकती है। साथ ही, लोन की अगली किश्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई गई हैं। अब लोन के लिए पाकिस्तान पर कुल शर्तें 50 हो गई हैं। आईएमएफ ने कहा कि अगर तनाव जारी रहा या और बढ़ा, तो पाकिस्तान का रक्षा बजट लोन पर बोझ बन सकता है। ये पहले ही 12 फीदसी बढ़कर 2.414 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपया हो चुका है और पाक सरकार इसे 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपया करने पर अड़ी है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने 9 मई को पाकिस्तान को 1.4 बिलियन डॉलर (करीब 12 हजार करोड़) का नया लोन दिया था, लेकिन अब लोन की अगली किश्त के लिए नई शर्तों को जोड़ा गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आईएमएफ अपने इस फैसले पर सख्ती से अमल करेगा। इसके अलावा आतंकी फंडिंग पर निगाह रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था एफएटीएफ भी उसे ग्रे से काली सूची में डालेगा। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान की घेरेबंदी जारी रहे। अगर वह आतंक का रास्ता न छोड़े तो उसे एफएटीएफ की काली सूची में अवश्य डाला जाए। जैसे भारत की आपत्ति के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सख्ती दिखाई है, उसी तरह एफएटीएफ को भी सचेत किया जाना चाहिए ताकि वो पाक को ईरान और उत्तर कोरिया की तरह अलग-थलग करे। अगर ऐसा हुआ तो पाकिस्तान खुद ही अपने बोझ से टूटकर बिखर जाएगा।

# शशि थरूर पर हंगामा क्यों है बरपा



कूटनीति
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

> मोदी सरकार का निर्णय है कि ऑपरेशन सिंदूर और भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे। इस विशेष पहल को लेकर पॉलिटिक्स इसलिए हो रही है क्योंकि भारत के प्रधान मंत्री ने जिन सात लोगों को विशेष नेतृत्व करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी, उसमें शशि थरूर का नाम कैसे सम्मिलित हो गया। यद्यपि सर्वविदित है कि शशि थरूर अच्छे डिप्लोमेट हैं। वह भारत के विदेश राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह विश्व की डिप्लोमेटिक स्थिति को भली प्रकार समझते हैं और अपनी बात भारत के पक्ष में रखने के लिए सबसे सशक्त व्यक्तित्व हैं।

भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने विश्व के विविध देशों में भारतीय प्रतिनिधियों को भेजकर यह सन्देश देने का बीड़ा उठाया है कि हम पाकिस्तान के गलत इरादे को अब कामयाब नहीं होने देंगे। पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधि, युद्ध परस्त नीति एवं हिंसक सत्ता को इस प्रकार विश्व स्तर पर उजागर करने का यह इनिशिएटिव पूरे भारत में प्रशंसा बटोर रहा है। सरकार का निर्णय है कि ऑपरेशन सिंदूर और भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे।

यह प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहिष्णु बनाने के देश के मजबूत संदेश को आगे बढ़ाएंगे। विभिन्न दलों के संसद सदस्य, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और प्रतिष्ठित राजनयिक में बतौर टीम लीडर जो नाम उभरकर आया है, उसमें सम्मिलित हैं शशि थरूर, कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद, भाजपा, संजय कुमार झा, जदयू, बैजयंत पांडा, भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके, सुप्रिया सुले, एनसीपी, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिव सेना। सरकार की इस पहल की प्रशंसा होनी भी चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार से तुर्किये और चीन की छांव पाकर पाकिस्तान भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और उस पर कार्रवाई भारत करे तो युद्ध करने को तैयार है, वह निंदनीय भी है और उसकी नीति को उजागर करना भी ज़रूरी है। इस विशेष पहल को लेकर पॉलिटिक्स इसलिए हो रही है क्योंकि भारत के प्रधान मंत्री ने जिन सात लोगों को विशेष नेतृत्व करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी, उसमें शशि थरूर का नाम कैसे सम्मिलित हो गया। यद्यपि पूरे भारत और विश्व को विदित है कि शशि थरूर अच्छे डिप्लोमेट हैं। वह भारत के विदेश राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह विश्व की डिप्लोमेटिक स्थिति को भली प्रकार समझते हैं और अपनी बात भारत के पक्ष में रखने के लिए सबसे सशक्त व्यक्तित्व हैं। उन्होंने असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया है। भारत की विदेश नीति के लिए वह केवल सशक्त हस्ताक्षर नहीं हैं अपितु उन्हें एक अच्छे वक्ता, लेखक के रूप में जाना जाता है तो वह भारतीय संस्कृति व सभ्यता के सशक्त संरक्षक भी हैं, यह भी देश को समझना चाहिए। इसलिए नरेंद्र मोदी ने शशि थरूर को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को लीड करने की जो जिम्मेदारी दी है, वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। इस चयन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें इस बात का भान है कि कौन सा व्यक्ति अमेरिका में जाकर भारत का मजबूती से पक्ष रख सकता है और वहां भारत का झंडा ऊंचा करके आ सकता है। विगत दो-तीन सप्ताह में भारत और अमेरिका के संबंध बहुत स्थिर नहीं रहे। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद इतनी बार बयां बदले और इतने तरीके से रंग बदले कि भारत ही नहीं पूरा विश्व कन्फ्यूज है कि ट्रंप कहना क्या चाहते हैं और वास्तविकता है क्या? उन्होंने अपने अंतिम इंटरव्यू फॉक्स न्यूज में यह कह दिया कि सीज फायर तो हमने ही करवाई है लेकिन भारत उन्हें श्रेय नहीं देना चाहता। उसके पहले उन्होंने न जाने कितनी जगह जाकर भारत



के बारे में जो मन में आया खूब उसे प्रचारित व प्रसारित किया। वह गुस्से में आकर यह भी कहने लगे कि एप्पल के प्रोजेक्ट को हम खींच रहे हैं। व्यापक पैमाने पर जब यह ख़बरें गयी तो विश्व में यह सन्देश गया कि भारतीय डिप्लोमेसी ट्रेड डील को भी शायद गंवा देगी। ऐसी स्थिति में यदि नरेंद्र मोदी ने शशि थरूर को अमेरिकी भूमि पर जाकर भारतीय पक्ष को रखने की जिम्मेदारी दी है तो यह उनकी अपनी सूझबूझ है। इस पर कांग्रेस सरकार का पलटवार है और भारत में शशि थरूर पर भी प्रश्नों की बौछार है लेकिन शशि थरूर एक सुलझे हुए ऐसे व्यक्तित्व हैं जो यह जानते हैं कि उनके लिए नेशन फर्स्ट का अर्थ क्या है और उन्हें इस स्थिति में क्या करना चाहिए। शशि थरूर ने जो यह कहा कि हमें सरकार ने यदि जिम्मेदारी दी है तो मैं अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा और हमारे लिए नेशन फर्स्ट है उसके बाद हम पॉलिटिकल पार्टी को कुछ समझते हैं। निःसंदेह किसी भी आम भारतीय नागरिक का यही बयान होना चाहिए जहां देश की बात आ जाए। अब कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट यह है कि शशि थरूर का नाम उसने नहीं भेजा था। उनके नाम को कहां से आगे लाया गया और जिस नाम को भेजा गया उन्हें क्यों सरकार ने तरजीह नहीं दी। कांग्रेस का संकट यह है कि कि उसके तो ब्रांड अंबेसडर शर्मा व गोगोई थे फिर शशि थरूर का नाम क्यों आगे लाया गया? शशि थरूर को भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने क्यों अमेरिका में डेलिगेशन को लीड करने की जिम्मेदारी दी? लेकिन कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि शशि थरूर अमेरिकी सरकार के सामने मजबूती से अपनी बात को रख सकते हैं तो वह भारत की ज़रूरत हैं। उसे रिएक्ट नहीं करना चाहिए। यदि सही राजनीति आती तो कांग्रेस को एक पत्र लिखकर यह कहना चाहिए था कि मोदी जी आपने बहुत अच्छा निर्णय लिया। शशि थरूर ही सही ज़वाब दे सकते हैं अमेरिकी ट्रंप सरकार को और वही सही से पाकिस्तान की नकारात्मक कार्रवाइयों को सही से लच्छेदार भाषा में उजागर भी कर सकते हैं। लेकिन यह बड़े दिल को प्रत्यारोपित करके कांग्रेस से करवाया नहीं जा सकता। यदि नेहरू या इंदिरा होते तो ज़रूर शशि थरूर के नाम को आगे बढ़ने पर ख़ुशी ज़ाहिर करते। भारत वास्तव में अब जिस ओर बढ़ गया है उसके परिणाम आने वाले एक साल बाद दिखेंगे। सरकार का यह मानना है कि हम विश्व में पाकिस्तान को एक्सपोज करेंगे और भारत के बारे में अच्छी छवि गढ़ेंगे। यह ठीक है लेकिन यह एक बार डेलिगेशन के चले जाने से बहुत फर्क पड़ने वाला नहीं है। यह एक निरंतर गतिविधि का हिस्सा बनना चाहिए और कायदे से नरेंद्र मोदी सरकार को अब यह चाहिए कि वह इस अभियान को लगातार बनाए रखे। यह इसलिए भी ज़रूरी है क्योंकि डेलीगेशन एक आंधी की भांति हो सकता है। कुछ समय के लिए अपनी हवा का असर डाल दे लेकिन हमेशा वह कैसे बना रहा सकता है, इस पर विचार होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार को इस डेलीगेशन के माध्यम से केवल पाकिस्तान को टार्गेट नहीं करना चाहिए अपितु उसे संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदयता व वीटो पॉवर के लिए भी भारतीय दृष्टि स्पष्ट करनी चाहिए। अपने शांति व सौहार्द की नीति के साथ उसे यह भी विश्वास जीतने की कोशिश करनी चाहिए कि जिन देशों में भारतीय शिष्टमंडल जाए, वह यह भी कहे कि यदि भारत को वीटो पॉवर मिलती है तो वह सहयोगी देशों में भी अमन व शांति के स्थाई विकास के लिए कार्य कर सकेगा। जो भी हो, दृष्टि व दूरदर्शिता से ही भारत अपने लक्ष्य को उपलब्धियों में बदल सकता है। शशि थरूर इसमें सरकार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी बन सकते हैं। सकारात्मक होकर सोचें तो हंगामा करने की जगह सहयोग व प्रसन्नता को अभिव्यक्त करके देखें, निश्चय ही वह अपने देश की प्रसन्नता की बात होगी।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## बयानबाज़ी

डा. चन्द्र त्रिखा



# विकृत मानसिकता वाले नेताओं पर लगे अंकुश

कभी-कभी लगता है कि हमारे आसपास ऐसे राजनेताओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है जो अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। मध्यप्रदेश के एक मंत्री और उत्तरप्रदेश के एक वरिष्ठ राजनेता के बयान ऐसा साफ संकेत दे रहे हैं कि राजनेताओं के एक वर्ग ने भाषा की मर्यादा व गरिमा को तार-तार करने का बीड़ा उठा लिया है। मीडिया के समक्ष भी ढेरों महत्वपूर्ण विषय थे, 'कवरेज' और विश्लेषण के लिए, मगर चंद असंतुलित मानसिकता वाले नेताओं ने मीडिया की उस 'स्पेस' पर भी डाका डाल लिया। मध्यप्रदेश के एक चर्चित मंत्री को तत्काल नकेल डालने के प्रयास केंद्र की ओर से होते तो शायद उत्तरप्रदेश व बिहार के कुछ नेताओं को बेलगाम ज़हरीले बोल बोलने का साहस न होता। हाईकोर्ट के जिस न्यायधीश ने बड़बोले मंत्री के खिलाफ 'एफआईआर' दर्ज करने का आदेश दिया, उसे अपने आदेश में यह भी जोड़ना पड़ा कि 'हो सकता है कि कल मैं न रहूं, आगामी चार घंटों में ही आदेश का पालन हो'। ऐसी गंभीर टिप्पणी के बाद भी जिस तरह की गोलमोल 'एफआईआर' दर्ज हुई, उससे पता चलता है कि हम किस तरह के माहौल में जी रहे हैं। कभी-कभी लगता है कि हमारा पूरा परिवेश मंटो की एक कहानी 'टोबा टेक सिंह' के पात्रों सरीखा बर्ताव करने लगा है। हमारा देश अपनी राष्ट्रीय अखण्डता की रक्षा व मर्यादा के लिए पूरी गंभीरता से जूझ रहा है, प्रधानमंत्री के साथ-साथ हमारे विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और गृहमंत्री एक महत्वपूर्ण बिन्दु पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, इधर, कुछ मर्यादाविहीन राजनेता राष्ट्रीय गरिमा पर खरोंचे डालने में लगे हैं। ऐसे मामलों में कोई भी छूट संभव नहीं। मीडिया को भी ऐसी बाज़ारू-सियासत की 'कवरेज' की सीमाएं तय करनी होंगी। एक सुखद पहलू यह है कि अतीत में शशि थरूर व ओवैसी सरीखे कतिपय मुस्लिम नेता भले ही अपने बयानों में कुछ गैर-ज़िम्मेदाराना टिप्पणियां देते रहे हों, मगर इस बार पहलगाम-प्रकरण के मध्य उन्होंने भी इस बात को पूरी गंभीरता से महसूस किया कि बड़बोलेपन की 'रौ' में यदि उनकी तरफ से कोई गैर-जिम्मेदाराना बयानबाज़ी होती है तो उनकी अपनी ही छवि विकृत होगी। विकृत मानसिकता वाले तत्वों के विरुद्ध तात्कालिक अंकुश की ज़रूरत है और विशेष रूप से जब ऐसी मानसिकता वाले लोग उच्च पदों पर आसीन हों। यह मानसिकता भी उतनी ही ज्यादा खतरनाक है, जितना कि आतंकवाद। दोनों के साथ राष्ट्र की गरिमा व सुरक्षा जुड़ी हुई है। इस प्रकरण का एक दुखद पहलू यह भी है कि मध्यप्रदेश के जिस मंत्री के विवादित व बेलगाम बोल से हंगामा आरंभ हुआ था, आठ बार चुनाव जीत चुके हैं। इतनी लम्बी सियासी पारी के बावजूद वह अपनी वाणी को लगाम नहीं दे पाए। अब उनका नया वक्तव्य भी चौकाने वाला है। सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते तो मामला इतना नहीं बढ़ता। आज के नेताओं की आदत सी बन गई है कि एक गलती या झूठ छिपाने के लिए वे गलतियों और झूठ का अंबार लगा देते हैं। क्या यह सत्ता का अहंकार है? संसद में गलती एक बार अटल बिहारी वाजपेयी से भी हुई थी, उन्होंने तत्काल सुधार करते हुए कहा था कि चमड़े की जुबान है, फिसल जाती है। बेशक, अच्छा नेता वही होता है जो गलतियां नहीं करता और अगर गलती हो जाए तो तत्काल सुधारता है। जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उनके अच्छे-बुरे बोल व गलत-सही कारनामे इतिहास में दर्ज हो रहे हैं। पहले केवल शब्द वायरल होते हैं, पर अब शब्द के साथ वीडियो भी वायरल होता है। बेकाबू व मर्यादाहीन बयानबाज़ी वस्तुतः हमारी आज की राजनीति की एक कटु सच्चाई बन चुकी है। सिर्फ चर्चा में बने रहने के लिए यह जरूरी माना जाता है कि उल्टे सीधे बयान दाग दिए जाएं। छपास का यह रोग भी एक खतरनाक वायरस से कम नहीं है। मगर इसका 'एंटी वायरस' केवल पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के पास ही है। यदि तात्कालिक चेतावनी या कार्यवाही हो जाती तो बात इतनी न बिगड़ती। मगर भाषा की मर्यादा के हनन पर कोई एफआईआर भी तो दर्ज नहीं हो पाती। सिलसिला अभी भी जारी है और यह विकृत मानसिकता, राष्ट्रीय दलों के राष्ट्रीय नेतृत्व व मीडिया के कर्णधारों से भी अंकुश की मोहताज है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## दो अनमोल हीरे



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊँट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊँट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुँचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियाँ के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### बेतुकी बयानबाजी न करें सियासी नेता

कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को कामयाब बनाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मिशन के तहत आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया। कर्नल सोफिया कुरैशी को सारे देश ने सराहा और उनके हौसले व जज्बे को सलाम किया। लेकिन मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने सोफिया कुरैशी को लेकर जो बयान दिया, वो बहुत निंदनीय है। इस बयान को लिखने में भी हमें अच्छा नहीं लग रहा है। हालांकि इस मंत्री के बयान से इनकी पार्टी का हाईकमान भी नाराज दिख रहा है और हाइकोर्ट ने भी इसके लिए सख्ती दिखाई और मंत्री को गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया है। कुछ राजनेता देश के लिए कुछ खास तो करते नहीं, लेकिन ऐसी गलत बयानबाजी कर देते हैं जिससे देश के लिए कुछ करने वाले लोगों का हौसला कम होता है व उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

– प्रकाश लकड़ा, कांकेर

## करंट अफेयर

# ब्रिटिश पर्वतारोही ने 19वीं बार फतह किया एवरेस्ट



ब्रिटिश पर्वतारोही गाइड ने रविवार को 19वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की और उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर सबसे अधिक बार चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। ब्रिटिश पर्वतारोही, माउंट एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा बार चढ़ाई करने वाले ऐसे व्यक्ति हैं, जो शेरपा नहीं हैं। 'हिमालयन गाइड्स नेपाल' के ईश्वरी पौडेल ने बताया कि दक्षिण–पश्चिम इंग्लैंड के रहने वाले 51 वर्षीय केंटन कूल ने रविवार को कई अन्य पर्वतारोहियों के साथ 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ाई की और उनका स्वास्थ्य अच्छा है तथा वे शिखर से नीचे उतर रहे हैं। 'हिमालयन गाइड्स नेपाल' ने अभियान में जरूरी सामान मुहैया कराया था। कूल ने पहली बार 2004 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वे लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। वह 2014 में एवरेस्ट पर चढ़ने में असमर्थ रहे थे क्योंकि 16 शेरपा गाइडों के हिमस्खलन में मारे जाने के बाद अभियान को रद्द कर दिया गया था। वर्ष 2015 में जब भूकंप के कारण हिमस्खलन हुआ था, तब 19 लोगों की मौत हो गयी थी। कोरोनावायरस महामारी के कारण 2020 में सत्र को रद्द कर दिया गया था। सैकड़ों पर्वतारोही और उनके गाइड वसंत मौसम में चढ़ाई के दौरान पहाड़ पर हैं, जिनमें से कई पहले ही सफल हो चुके हैं।

## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं



पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

## ट्रेंड

### शानदार उपलब्धि



दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। यह उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून का नतीजा है। भारत को खुशी और गर्व है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सार्थक व उपयोगी बातचीत



सागरमाथा संवाद के लिए नेपाल की यात्रा में 'जलवायु परिवर्तन, पर्वत और मानवता का भविष्य' पर सार्थक और उपयोगी बातचीत हुई। भारत अपने पर्वतों और अपने पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को उलट देता है। हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### गहरी संवेदना व्यक्त



हैदराबाद में हुए भीषण अग्निकांड में कई लोगों की मृत्यु और अनेक के घायल होने का समाचार दुखद है। इस शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### यमुना की सफाई हो



नदी जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार यमुना पर सिर्फ़ सियासत करेगी या नदी की सफाई की जगह केवल फंड का सफ़ाया? यमुना नदी ताजमहल के पीछे बहती है, जहाँ दुनिया भर से टूरिस्ट आते हैं। दूषित नदी सरकार की छवि को भी दूषित कर रही है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## भाजपा की बी-टीम होने के आरोप पर विपक्ष पर भड़के ओवैसी

# सब बकवास... ये सभी जोकर झूठे, डेटा निकालकर देखिए

पहलगाम आतंकी हमले के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी सबसे ज्यादा चर्चित हैं। उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर तीखे बयान दिए हैं और सरकार के सख्त फैसलों का खुलकर समर्थन किया है। इसके साथ ही भाजपा की बी-टीम करने पर उन्हें जमकर फटकार लगाई है।

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

पहलगाम आतंकी हमले के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी सबसे ज्यादा चर्चित हैं। उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर तीखे बयान दिए हैं और सरकार के सख्त फैसलों का खुलकर समर्थन किया है। इससे पहले उन्हें भाजपा की 'बी-टीम' कहा जाता था और विपक्षी दलों की ओर से ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम पर वोट काटने वाली पार्टी होने के आरोप लगाए जाते हैं। इन सभी आरोपों पर ओवैसी ने विपक्ष को जमकर फटकार लगाई है। ओवैसी भाजपा की बी टीम होने के आरोपों पर कहा कि ये सब बकवास है। कभी इन तमाम जोकरों को मेरे सामने बैठाइए, डेटा पर बात करते हैं, क्योंकि ये लोग झूठे हैं।

### ओवैसी ने विपक्ष के सभी आरोपों पर जमकर फटकार लगाई

#### विपक्ष फेल, भाजपा ने हिंदू वोटर्स को एकजुट किया

उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है क्योंकि विपक्ष फेल साबित हुआ है और उसने हिंदू वोटों को एकजुट कर लिया है। उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि वे मोदी विरोधी वोटों में सेंध लगाते हैं। ओवैसी ने कहा कि अगर मैं 2024 के संसदीय चुनावों में हैदराबाद, औरंगाबाद, किशनगंज और कुछ अन्य सीटों पर चुनाव लड़ता हूं और भाजपा को 240 सीटें मिलती हैं तो क्या मैं जिम्मेदार हूं? उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आ रही है, क्योंकि विपक्ष विफल है। उसने लगभग 50 फीसदी हिंदू वोटों को अपने पक्ष में कर लिया है।



#### विपक्ष उनकी पार्टी से नफरत कर रहा

उन्होंने कहा कि विपक्ष की उनकी पार्टी के प्रति नफरत के अलावा और कुछ नहीं है, क्योंकि यह पार्टी मुख्य रूप से मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करती है। कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों ने हैदराबाद के अपने गढ़ से बाहर हमारी पार्टी को बढ़ाने के हमारी की कोशिशों की खिल्ली उड़ाई है और कहा है कि वह वोटों का एक बड़ा हिस्सा, जिनमें से अधिकतर मुस्लिम हैं, काटकर भाजपा को फायदा पहुंचा रहे हैं। ओवैसी ने विपक्षी दलों पर मुस्लिम वोटों को हल्के में लेने और उनकी वास्तविक चिंताओं पर ध्यान न देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि मुसलमानों में राजनीतिक आवाज, राजनीतिक नेतृत्व की झलक मिले।

#### भारत के सवाल पर सेना के साथ खड़े होंगे

उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि भारत के संस्थापकों ने देश को एक सहभागी लोकतंत्र के रूप में देखा था, तो अब मुसलमानों की भागीदारी कहां है?ओवैसी ने कहा कि जब भारत की अखंडता और सुरक्षा का सवाल होगा तो हम आगे आएंगे और भारतीय सेना के साथ खड़े होंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 15 फीसदी आबादी के साथ देश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह होने के बावजूद, मुसलमानों की विधानसभाओं और संसद में सिर्फ 4 फीसदी भागीदारी है।

#### मुसलमान सिर्फ वोट बैंक नहीं

उन्होंने कहा राजनीतिक दल मुसलमानों को चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं देते और फिर लोग मुसलमानों को वोट नहीं देते। उन्होंने चेतावनी दी कि भारत इतने बड़े समुदाय को हाशिए पर और कमजोर रखकर 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को मुसलमानों को वोट बैंक के रूप में देखना बंद कर देना चाहिए।

#### डॉ. भागवत के बयानों को पाखंड बताया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की ओर से मुसलमानों पर दिए गए बयानों को लेकर ओवैसी ने नाराजगी जताई है। ओवैसी ने भागवत के बयानों को पाखंड से भरा बताया। उन्होंने ये भी साफ किया कि ऐसी बयानबाजी बेमतलब है। बीते साल भागवत ने कहा था कि मंदिर मस्जिद के रोजाना नए विवाद खड़े कर कोई नेता बनना चाहता है तो ऐसा नहीं होना चाहिए। हमें दुनिया को दिखाना है कि हम एक साथ रह सकते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### धनखड़ और देवेगौड़ा को शुभकामनाएं




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, धनखड़ को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मैं राष्ट्र सेवा की कामना करती हूं।

### डूंगरपुर जिले में सड़क हादसे में 4 की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले में शनिवार देर रात सड़क हादसे में 4लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। यह दुर्घटना साबला थाना क्षेत्र में हुई। बताया गया कि शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार की जीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई जीप में सवार लोग घायल लोगों को एम्बुलेंस में बैठा रहे थे लेकिन तभी ट्रक उन्हें टक्कर मार दी।

### मुंबई में नौकरी के नाम पर 16.8 लाख की ठगी



**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लोगों से 16.8 लाख रुपए ठगने के आरोप में एक 'प्लेसमेंट एजेंसी' के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एजेंसी ने नौवहन से जुड़ी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर यह राशि वसूली थी। एजेंसी ने भरोसा दिलाने फर्जी रोजगार समझौते और बॉण्ड भी सौंपे थे।

### 'आईएसआई के बुलावे पर पाक गए थे गोगोई'



**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा वे आईएसआई के बुलावे पर पाक गए थे। उन्होंने पाक की संस्था के साथ मिलकर काम किया। हमारे पास सारे सबूत हैं। हम 10 सितंबर तक सारे सबूत पेश करेंगे। वे पर्यटन के उद्देश्य से नहीं गए थे।

---

## अहमदाबाद में शाह ने 'सहकारी महासम्मेलन' में किया ऐलान

इन समितियों को 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों से जोड़ा जा रहा

# 2029 तक देशभर की हर पंचायत में 2 लाख पैक्स की स्थापना की जाएगी

### 'विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका' पर किया गया आयोजन



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित 'सहकारी महासम्मेलन' कहा कि केंद्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही नए पैक्स के पंजीकरण के लिए नीति लाएगी। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का है, इसके तहत 2लाख नई पैक्स और डेयरी शुरू की जाएंगी। साथ ही इन समितियों को 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, यह बात भी सुनिश्चित की जाएगी कि पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से कमजोर न हों।

वित्तीय रूप से बनाएंगे **सक्षम**

#### सहकारिता क्षेत्र को और मजबूत किया जाएगा

उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही आर्थिक संकट का सामना कर रही पैक्स के निपटारे और नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पंजीकरण के लिए जल्द ही एक नीति बनाएगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि जब तक बदलाव का लाभ पैक्स और किसानों तक नहीं पहुंचेंगे, तब तक सहकारिता क्षेत्र मजबूत नहीं हो सकता।



#### केंद्र ने सहकारिता को पुनर्जीवित किया

शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर यहां 'विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका' पर आयोजित सहकारी महासम्मेलन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्ष 1900 में था। शाह ने कह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास हुआ। इसीलिए सहकारिता वर्ष की शुरुआत भारत में करने का निर्णय लिया गया।

#### एक भी पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से बीमार नहीं रहेगा

केंद्र सरकार ने 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को पैक्स से जोड़ने का काम किया गया है। मुझे यकीन है कि आने वाले समय में एक भी पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से बीमार नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में आइसक्रीम, चीज, पनीर बनाने, दूध को ठंडा रखने और वसा मापने जैसे उपकरणों के निर्माण के लिए सहकारी स्वामित्व वाली कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार डेयरी क्षेत्र में चक्रिय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की योजना बना रही है, जिसमें मरने वाले पशुओं की खाल, हड्डियों और सींगों के उपयोग के लिए सहकारी समिति का गठन किया जाएगा।

#### शाह ने की तिरंगा यात्रा की अगुवाई

### अहमदाबाद में उमड़ा लोगों का हुजूम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूरे देश में सेनाओं के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। लोगों की भीड़ के बीच अमित शाह को राष्ट्र ध्वज को हाथ में लेकर जुलूस के आगे चलते देखा गया।



---

### सस्मित पात्रा भी डेलिगेशन में शामिल

## आतंकवाद के खिलाफ हम भारतीय रुख को बताएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार पूरी दुनिया को पाकिस्तान के आतंकी रिश्तों और 'ऑपरेशन सिंदूर' की जरूरत से रूबरू कराएगी। इसके लिए 7सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की पूरी सूची घोषित की गई है। जिसमें बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा को भी जगह दी गई है। उन्होंने कहा कि यह डेलिगेशन आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दुनिया के सामने स्पष्ट करेगा।

सस्मित पात्रा ने बताया कि कि सॉफ्ट पावर का यह संदेश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत द्वारा दुनिया भर में दिया जाने वाला संदेश, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई को और मजबूत करेगा। दूसरा बिंदु 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में है, जैसा कि रक्षा मंत्री ने कहा है कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता इस संदेश को और मजबूती देगी और वैश्विक स्तर पर यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थिति को स्पष्ट करेगा।

#### बीजेडी सरकार सेना के साथ

सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि मैं कांग्रेस और सरकार के बीच के मामलों में नहीं पड़ना चाहता, यह उनका आंतरिक मामला है। जहां तक मेरी पार्टी और मेरे नेता नवीन पटनायक और बीजू जनता दल का सवाल है, हमने पहले दिन से ही सशस्त्र बलों का समर्थन किया है। प्रतिनिधिमंडल में मेरी खुद की भागीदारी सहित इस अभियान में हमारे नेता नवीन पटनायक ने स्पष्ट रूप से कहा था। बीजेडी की राजनीतिक मामलों की समिति की एक बैठक हुई और सबसे पहला एजेंडा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके असाधारण काम के लिए हमारे सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त करना था। जहां तक बीजू जनता दल का सवाल है, हमारा स्पष्ट कहना है कि हम सरकार और सेना के साथ हैं। कांग्रेस और सरकार का सवाल है कि वे आपस में समझें, उस पर मुझे कुछ नहीं कहना है।

#### पाकिस्तान की करतूतें उजागर करेंगे

उन्होंने प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह बहुत गर्व की बात है। यूएई और तीन अफ्रीकी देशों में जाने का मुझे मौका मिल रहा है, इसमें दो संदेश स्पष्ट हैं। पहला, पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ जो आतंकवाद फैलाया जा रहा है, उसे दुनिया के सामने रखा जाएगा। दूसरा- 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत ने जिस प्रकार से आतंकवाद के खिलाफ एक जबरदस्त मुहिम चलाई है, उसके बारे में भी अवगत कराया जाएगा।

---

## बिहार की राजनीति में प्रशांत किशोर ने चला बड़ा दांव

# नीतीश के 'राम' पीके के समर्थन में उतरे, आरसीपी ने जन सुराज में किया अपनी पार्टी का विलय

एजेंसी ▶▶ पटना

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में मंत्री और मसीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे आरसीपी सिंह ने जन सुराज की सदस्यता रविवार को ग्रहण कर ली। उन्होंने इस पार्टी का विलय प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज में कर दिया। भाजपा में आने के पहले वे जदयू कोटे से केंद्र में मंत्री बने थे। माना जा रहा कि नीतीश की मर्जी के खिलाफ तब पपीएम मोदी का साथ देने के कारण जदयू ने उनसे नाता तोड़ लिया था। बाद में नीतीश खुद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापस आए तो सिंह का भाजपा में रहना बेकार साबित हो रहा था। वे बिल्कुल किनारे पड़े थे। प्रशांत किशोर ने इस मौके का फायदा उठाया और उन्हें अपने साथ बुला लिया।

### *जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे सिंह ने ली सदस्यता*

#### जदयू नेता भी हमारे साथ आएं




सिंह ने जेडीयू के नेताओं से अपील है कि जो लोग सीएम नीतीश कुमार की असली सोच से जुड़े थे, वह अब हमारे साथ आ जाएं, क्योंकि अब जदयू में राजनीति और जनसेवा जैसी कोई चीज नहीं बची।

**पिछले साल बनाई थी अपनी पार्टी**

पिछले साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर सिंहने अपनी नई पार्टी बनाई थी। इसका नाम उन्होंने 'आसा' रखा था। मतलब समझाते हुए आरसीपी सिंह ने कहा था कि मेरी नई पार्टी का नाम आसा है। इसका मतलब है आप सबकी पार्टी।

#### मांझी ने पीके को बताया कीटाणु-विषाणु, लोगों के पास एंटीवायरस मौजूद

केंद्रीय मंत्री और हम के संरक्षक जीतनराम मांझी ने सिंह पर हमला बोला है। उन्होंने पीके और सिंह को कीटाणु और विषाणु बताया है। मांझी ने कहा कि बिहार को विषाक्त करने कीटाणु- विषाणु एक साथ आए हैं। वे सोच रहे हैं कि वे जनता को बर्बाद कर देंगे, लेकिन उन्हें नहीं मालूम कि बिहार की जनता के पास एक ऐसा एंटीवायरस है, जिसका नाम एनडीए है।



## रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुले



**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में भगवान शिव को समर्पित पंचकेदारों में से एक रुद्रनाथ मंदिर के कपाट रविवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह शुभ मुहूर्त पर परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद भगवान रुद्रनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। चमोली जिले में 11,800 फीट की ऊंचाई पर चतुर्थ केदार के रूप में स्थित रुद्रनाथ मंदिर में भगवान शिव के 'एकानन' स्वरूप यानी मुख की पूजा होती है। 6माह तक रुद्रनाथ में भगवान की नियमित पूजा-अर्चना की जाएगी और इस दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु इस पवित्र स्थल के दर्शन कर सकेंगे।

---

### *अब अकबर की राजनीति में 'कूटनीतिक' वापसी*

# पत्रकार से राजनेता बने, कई उतार-चढ़ाव देखे और अब वैश्विक समुदाय के सामने रखेंगे भारत का पक्ष

### मोदी सरकार की वैश्विक कूटनीतिक रणनीति का हिस्सा बनकर उभरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पत्रकारिता और राजनीति के दिग्गज एमजे अकबर एक बार फिर चर्चा में हैं। कभी अपनी लेखनी से देश-दुनिया को प्रभावित करने वाले और कभी विवादों में फंसे अकबर अब मोदी सरकार की वैश्विक कूटनीतिक रणनीति का हिस्सा बनकर उभरे हैं। अकबर को सरकार ने सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक में शामिल किया है, जो आतंकवाद पर भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखेंगे।

#### पत्रकारिता का सुनहरा दौर



अकबर का नाम भारतीय पत्रकारिता में एक युग की तरह है। 1970 के दशक में उन्होंने संडे और एशिया जैसे प्रकाशनों में अपनी लेखनी से धूम मचाई। द टेलीग्राफ और एशियन एज जैसे अखबारों के संपादक रहे। उनकी किताबें, जैसे नेहरू: द मेकिंग ऑफ इंडिया और कश्मीर: बिहाइंड द वेल, इतिहास और राजनीति के गहन विश्लेषण के लिए जानी जाती हैं।

**1989 में राजनीति में आए**

1989 में अकबर ने बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद के रूप में राजनीति में कदम रखा, लेकिन 1991 में वे सीट हार गए। 2014 में भाजपा में शामिल होने के बाद उनकी राजनीतिक पारी ने नया मोड़ लिया।

---

### मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान

# राजस्थान में लू का बढ़ा कहर, श्रीगंगानगर गया सिहर

एजेंसी ▶▶ श्रीगंगानगर

राजस्थान इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। 18 मई को अधिकतम 46 डिग्री तापमान के साथ श्रीगंगानगर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। इस सीजन में यह अब तक का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी से राहत की संभावना कम है, हालांकि इस बार मानसून समय से पहले राजस्थान में दस्तक दे सकता है। राजस्थान का लगभग हर इलाका तपिश की चपेट में है। आसमान से अंगारे बरस रहे हैं और हवाएं गर्म लोहे की तरह झुलसा रही हैं। बीते सप्ताह आंधी और बारिश के बाद अब फिर से सूरज के तेवर तीखे हो गए हैं।




*इस सीजन का सबका ज्यादा तापमान 46 डिग्री किया गया दर्ज*

#### राजस्थान में हीटवेव अलर्ट जारी

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री दर्ज किया गया, जो मई माह का अब तक का सर्वाधिक तापमान है। विभाग ने पश्चिमी राजस्थान के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। चूरू में तापमान 45.4 डिग्री और फलोदी में 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



कई राज्यों में आंधी तूफान की भी चेतावनी

## कर्नाटक, गोवा, कोंकण केरल में होगी बारिश

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। कई इलाके ऐसे हैं, जहां पर भारी बारिश भी हो रही है। पश्चिमी तटीय इलाकों जैसे कर्नाटक, गोवा, कोंकण और केरल में 24 मई तक भारी से बहुत भारी बारिश होगी। पूर्वोत्तर भारत में 5-6 दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी बरसात और आंधी तूफान की चेतावनी जारी की गई है। जम्मू कश्मीर में भी बारिश के आसार हैं।

#### *पूर्वोत्तर भारत में 24 मई तक बारिश का अलर्ट*

पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश में 18-20 मई, असम, मेघालय में 18-24 मई, त्रिपुरा, नगालैंड में 18 मई, असम, मेघालय में 18-20 मई के बीच भारी बरसात का अलर्ट जारी किया गया है।तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल में भी वर्षा होगी।

## खबर संक्षेप

### मप्र आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारियों का नगरागमन पर भव्य स्वागत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने बताया कि प्रांताध्यक्ष उमंग सिंगार के निर्देशानुसार आदिवासी विकास परिषद के सभी जिलों में सदस्यता अभियान जारी है, जिसे लेकर प्रदेश में एक टीम गठित की गई जो हर जिले में जाकर परिषद के जिला अध्यक्ष पदाधिकारियों से बैठक कर सदस्यता संबंधी चर्चा की जा रही है। इसी तारतम्य में जबलपुर में प्रदेश से प्रदेश उपाध्यक्ष रत्नेश मरावी, प्रदेश सचिव विनोद इरपाचे, संगठन सचिव चमनलाल उइके का नगर आगमन हुआ। मप्र आदिवासी विकास परिषद जबलपुर के पदाधिकारियों एवं प्रदेश से आये पदाधिकारियों ने गोंडवाना चौक पर सबसे पहले राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष एवं विधि सलाहकार शैलेष धुर्वे एवं सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। तदोपरांत पदाधिकारियों की बैठक में सक्रिय सदस्य, प्राथमिक सदस्यता बनाने पर चर्चा हुई, साथ ही सदस्यता फार्म और बुकलेट दी गई। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह तेकाम, शैलेष धुर्वे, अरविन्द मार्को, घनश्याम यादव आदि उपस्थित रहे।

### सामाजिक संगठन के दबाव में न की जाए कार्यवाही : अजाक्स

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ अजाक्स के संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम एवं संभागीय महासचिव पवन कुमार बाविरया ने नगर निगम आयुक्त से मांग की है कि गबन मामले में आरोपियों के समर्थन में किसी सामाजिक संगठन के दबाव में कार्यवाही नहीं की जाए। संगठन न्यायसंगत कार्यवाही का समर्थन करता है।

### अनुशासन समिति की बैठकें आयोजित

# मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद में लगभग 400 अधिवक्ताओं को नामांकित किया

**जबलपुर, हरिभूमि।** म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति-ए, नामांकन समिति-सी, कार्यकारिणी समिति, अपील समिति, अनुशासन समिति-सी की बैठकें आयोजित की गई। नामांकन समिति-ए के चेयरमेन राजेश कुमार शुक्ला, परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के. सिंह सैनी एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही नामांकन समिति-सी की बैठक में अध्यक्ष प्रेम सिंह भदौरिया, परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता एवं सदस्य खिलाड़ी लाल गंगोरे द्वारा बैठक संपन्न की गई। नामांकन समिति-ए एवं सी के द्वारा अधिवक्ताओ के हितार्थ कार्य करते हुये नवीन नामांकन आवेदन फॉर्मों पर विचारोपरांत लगभग 400 आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन पर मोहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया



व 7 सनद पुर्नबहाली कर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान कार्यकारी सचिव श्रीमती गीता शुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रणव खरे, इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही परिषद की कार्यकारिणी समिति एवं अपील समिति तथा अनुशासन समिति-सी के द्वारा परिषद के महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। श्री सैनी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति-ए, सी एवं अन्य बैठकें आयोजित की गई जिसमें लगभग 400 अधिवक्ताओं के नामांकन किये गये। बैठक के दौरान परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता, वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, दिनेश नारायण पाठक, सदस्य शिवेन्द्र उपाध्याय, सदस्य राजेश कुमार शुक्ला, सदस्य प्रेम सिंह भदौरिया, जगन्नाथ त्रिपाठी, एवं खिलाड़ी लाल गंगोरे उपस्थित थे जिनके द्वारा सभी नये अधिवक्ताओ को बधाई देते हुये विधि जगत में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# भगवद् भक्ति से प्रभु ने गजेंद्र पर भी कृपा की: आचार्य दिनेश गर्ग

**जबलपुर।** गाड़ासरई अमरकंटक रोड में आयोजित कथा के चतुर्थ दिवस पर आचार्य दिनेश गर्ग ने गजेन्द्र मोक्ष का वर्णन करते हुए बताया कि वह वृत्तासुर आसुरी योनि में होने पर भी इंद्र देवता से युद्ध करते समय वज्र में भी भगवान के दर्शन करता है और प्रार्थना करता है कि प्रभु मैं आपका दास नहीं बनना चाहता आपके जो दास हैं मैं उनका दासानुदास बनना चाहता हूं, प्रभु मेरी यह प्रार्थना है कि इस संसार चक्र में मैं बार-बार आऊं लेकिन आपकी आराधना में हमेशा मेरा ध्यान बना रहे, जिस तरह एक सती साध्वी स्त्री पति के आने की बाट देखती रहती है उसी तरह मैं भी आपसे मिलने का भाव रखता हूं, भगवान की कृपा से मुझे भगवदभक्ति प्राप्त होती रहे आपसे यही बारंबार प्रार्थना करता हूं। तत्पश्चात आचार्य दिनेश गर्ग ने बताया भक्त प्रह्लाद पर भगवान की भक्ति में लगने पर भी कितने संकट आते लेकिन भक्त प्रह्लाद भक्ति पथ में अडिग रहे, प्रभु को खंभे से प्रकट होना पड़ा, हिरण्यकशिपु और श्री नृसिंह भगवान का युद्ध हुआ, भगवान नृसिंह ने उस दैत्य का उद्धार किया, भक्त प्रह्लाद ने सांसारिक सुख न मांगकर केवल भगवदभक्ति ही मांगी। कथाक्रम में आचार्य दिनेश गर्ग ने समुद्र मंथन और राजा बलि, भगवान वामन जी का भी अद्भुत प्रसंग श्रोताओं को श्रवण कराया। उन्होंने सूर्य वंश का वर्णन करते हुए कहा कि परमहंस शुकदेव जी कहते हैं कि सौ वर्षों तक भी सूर्य वंश का वर्णन किया जाये तो भी नहीं किया जा सकता, चंद्र वंश का वर्णन करते हुए आचार्य



गर्ग ने राजा रन्तिदेव के त्याग, तपस्या का विस्तार से वर्णन किया। भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य की कथा भी भावपूर्ण सुनाई, श्री कृष्ण के प्राकट्योत्सव में श्रद्धालु भक्तगणों ने आनंदमय होकर बधाई गीतों में नृत्य करते हुए आनंद मनाया। कथा के मुख्य श्रोता ममता शर्मा, रवि शुक्ला, साधना शुक्ला ने भागवत भगवान का पूजन किया। आचार्य धर्मेंद्र दुबे, पं. हिमांशु गर्ग, पं. अंकित मिश्रा ने पूजन कराया। कथा श्रवण करने का आग्रह राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र शुक्ला, रजनी शुक्ला, राघवेश, ऋषि शुक्ला ने किया है।

### प्रदेश में होने वाली अतिशेष प्रक्रिया को निरस्त किया जाए

# बीमारियों से ग्रस्त और सेवानिवृत्ति के क़रीब शिक्षकों को अतिशेष प्रक्रिया से मुक्त रखें

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन और प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की शिक्षा विभाग में अतिशेष के नाम पर पूरे प्रदेश में शिक्षकों को कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों से अलग करके दूसरे स्कूलों में पदस्थ किया जाना है, ऐसे में जो शिक्षक गंभीर बीमारियों से ग्रसित है जैसे कैंसर की बीमारी, हृदय रोग, शुगर की बीमारी, किडनी की बीमारी, डायलेसिस की बीमारी, किसी भी प्रकार की विकलांगता और जिन शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के एक से डेढ़ साल बचे है उन्हें अतिशेष प्रक्रिया से दूर रखा जाना चाहिए। वैसे भी ज्यादा शिक्षकों को अतिशेष करने से उन शालाओं की शैक्षणिक व्यवस्था डगमगा जाती है जिससे अध्यापन कार्य प्रभावित होता है और छात्र छात्राओं का नुक़सान होता है, क्योंकि अतिशेष की प्रक्रिया से शिक्षकों को हटाया जाना जितना आसान होता है उतना ही कठिन विषयवार शिक्षकों का मिलना होता है। अतः जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन मुख्यमंत्री से मांग करता है की गंभीर बीमारियों और सेवानिवृत्ति के क़रीब शिक्षकों को न केवल अतिशेष प्रक्रिया से मुक्त रखा जाना चाहिए बल्कि इस प्रक्रिया को निरस्त किया जाना चाहिए, ताकि जून माह से जब स्कूल प्रारंभ हो तो छात्र छात्राओं के अध्यापन कार्य में बाधा न पहुँचे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान, एनोस विक्टर, रिंकू पीटर, धनराज पिल्ले, आशीष कोरी, मक़सूद कादरी, सुनील झारिया, संतोष चौरसिया आदि ने मांग की है।

### ब्रांड एम्बेसडर अंकित सेन ने की अपील

# स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

**जबलपुर।**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की आईईसी टीम एवं स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर अंकित सेन के द्वारा शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया कि वे किस प्रकार कचरा पृथक्करण (सूखा और गीला कचरा अलग करना), होम कम्पोस्टिंग को अपनाकर, नालियों और सड़कों पर कचरा न फेंककर एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी में ही कचरा डालकर जबलपुर को स्वच्छ बना सकते हैं। टीम ने नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने की अपील की, साथ ही अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया।ब्रांड एम्बेसडर अंकित सेन ने क्षेत्रवासियों




को नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया और कहा कि 'हर नागरिक का सहयोग ही स्वच्छ जबलपुर की नींव है।' नगर निगम जबलपुर के अधिकारियों ने इस पहल को सराहा और बताया कि ऐसे जनजागरूकता अभियानों से स्वच्छ सर्वेक्षण में जबलपुर की रैंकिंग को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। नगर निगम का उद्देश्य केवल शहर को स्वच्छ बनाना ही नहीं, बल्कि एक स्थायी स्वच्छता संस्कृति विकसित करना भी है। यह अभियान आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा, ताकि हर नागरिक तक स्वच्छता का संदेश पहुँचे और जबलपुर को एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाया जा सके।

# प्रणीत वर्मा अभा कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा प्रणीत वर्मा को जबलपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 70 एमएम डाइनिंग हॉल में आयोजित वृहद कार्यक्रम में, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव ने उन्हें इस नवीन जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रणीत वर्मा वर्तमान में भाजपा के जबलपुर जिला मंत्री भी हैं तथा संगठन संचालन में उन्हें व्यापक अनुभव है। महासभा के युवाओं को अधिक संख्या में जोड़ने के अपने संकल्प के तहत यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है। इसी क्रम में रत्ना श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, शशि खरे, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी बधाईयां प्रेषित की।





# नाग कन्याओं ने श्रीकृष्ण से की कालिया नाग के प्राण रक्षा की प्रार्थना

**जबलपुर।** श्रीधाम जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक में श्रीमद्भागवत कथा दिव्य धाम कोनी से पधारे आत्मपुरोहित श्री दत्त महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा में बताया कि कालिया नाग को कंस ने यमुना में भेज दिया, जिसके जहर से यमुना का जल काला पड़ गया। इस जल को पीने से पशु, पक्षी और लोग मरने लगे। नंदगांव के लोग सोचने लगे कि अब गांव छोड़कर कहीं और बसना पड़ेगा, लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा होना मंजूर नहीं था। एक दिन खेल-खेल में श्री कृष्ण यमुना नदी में कूद पड़े और पहुंच गए कालिया नाग के सामने। कालिया का वध कृष्ण करने ही वाले थे कि नाग कन्याएं प्राण की रक्षा की प्रार्थना करने लगी। श्री कृष्ण ने कालिया को नंद गांव से दूर जाने के लिए कहकर माफ कर दिया। कालिया ने श्री कृष्ण के सामने सिर झुका दिया और श्री कृष्ण ने कालिया के फन पर खड़े होकर नटराज के रूप में नृत्य करना शुरू कर दिया। नंद गांव के लोगों ने जब इस दृश्य को देखा तो हैरान रह गए और उन्हें विश्वास होने लगा कि श्री कृष्ण ही महामानव हैं। इस अवसर पर डॉ. विजयकांत तिवारी कमिश्नर भारत स्काउट एंड गाइड्स, सोनल तिवारी समाजसेवी प्रदेश संरक्षक महिला प्रकोष्ठ, परसराम उपाध्याय गौ रक्षक गोचर विकास समिति अध्यक्ष, ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, विपिन मिश्रा, राजकुमार साहू, तेज कुमार मोड़, प्रबंधक मोहित तिवारी, नितिन चौबे, पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर, छन्नू राम पटेल, देवव्रत सोनी, मनोज गुलाबवानी, सुरेश विश्वकर्मा, पुजारी देवेंद्र त्रिपाठी, अमित दुबे, विशाल पंड्या, श्रवण दुबे, इंद्र कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# वामपंथियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के बयान का विरोध किया

**जबलपुर।**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जबलपुर ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बालाघाट में दिए गए बयान "लाल सलाम बोलने वालों को जीने का हक नहीं" पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया और सिविक सेंटर माढ़ोताल में एकत्रित होकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव अरविन्द श्रीवास्तव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री की धमकी को फासिस्टवादी कृत्य बताते हुए कहा कि जिस तरह से मोहन यादव के मंत्री सेना और देश की गौरव कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान कर रहे हैं, यह सब सुनियोजित कार्य है। आज सेना के कारण जहां हर भारतीय का सिर गर्व से उठा हुआ है, उस सेना को मोदी के चरणों में नतमस्तक होने का बयान राष्ट्रद्रोह है, सेना के गौरव, पराक्रम का




अपमान है, जिसे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। बताया गया विजय शाह और जगदीश देवड़ा के बयानों पर संघ परिवार और भाजपाइयों ने चुप्पी साध रखी है, जो इस बात का सूचक है कि विजय शाह और जगदीश देवड़ा प्यादे हैं और बाजी कोई और चल रहा है। लाल सलाम बोलकर क्रांतिकारी आजादी के लिए फांसी के फंदों पर झूल गए उस लाल सलाम से मोहन यादव को आपत्ति हो गई है, जिसके विरोध में भाकपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर लाल सलाम के नारे लगाकर मोहन यादव का विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पीके बोस, एसके मिश्रा, राजेन्द्र गुप्ता, मुस्तफा अंसारी, अमीरुद्दीन अंसारी, कामरेड शफीक, शिव चौधरी, कौशल चौधरी, कृष्णा चौधरी, रामरतन पारस आदि ने भाग लिया।

### विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिए कार्य करना आवश्यक

# संसाधन, शिक्षक गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे की कमी से छात्रों को नहीं मिल पा रहा सामान्य अवसर

### स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन की प्रेसवार्ता

**जबलपुर।** जबलपुर करमचंद चौक स्थित कॉफी हाउस में स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट अनीश रहमान और राष्ट्रीय सचिव यूनुस मुल्ला ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश सचिव अरशद गजाल ने वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य की चुनौतियों को रेखांकित किया, जिनमें डिजिटल डिवाइस के बारे में बताया कि कोविड के बाद ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते महत्व के बावजूद सभी छात्रों को लैपटॉप स्मार्टफोन और इंटरनेट की सुविधा न मिलने से ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थी इससे वंचित हो गए, शहरी और निजी स्कूलों की तुलना में सरकारी स्कूलों में संसाधनों, शिक्षकों की गुणवत्ता और बुनियादी



ढांचे की कमी बनी हुई है जिससे छात्रों को समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं अब आधुनिक भारत में यह होना चाहिए कि दूरदर्शन और रेडियो जैसे पारंपरिक माध्यम से शैक्षिक सामग्री का प्रसारण किया जाए, सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाए, शहरी और ग्रामीण स्कूलों के बीच संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाए, निजी शिक्षण संस्था की फीस को नियंत्रित किया जाए तथा शिक्षा क्षेत्र में गैर लाभकारी संस्था संसाधनों को प्रोत्साहित किया जाए, इन सभी मांगों को लेकर विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिए कार्य करना अनिवार्य है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नसीब अली, दानिश बेग, अरशद गजाल, शाहिद, मेहंदी हसन, जाहिद अंसारी, मरजुक मिनाम आदि लोग उपस्थित थे।

# नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी को करेगा डीए एरियर्स राशि की तृतीय किश्त, ग्रेच्युटी का भुगतान

### अजाक्स संघ ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया

**जबलपुर।** अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ, चालक संघ नगर निगम एवं शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक वेलफेयर एसोसियेशन द्वारा निगमायुक्त प्रीति यादव को ज्ञापन सौंपते हुए बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा आदेश पारित किया गया है जिसमें चार प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि का भुगतान चार किश्तों में किया जाना है, किन्तु आज दिनांक तक कर्मचारियों को एरियर्स राशि की तृतीय किश्त का भुगतान नहीं किया गया। संघ ने बताया कि नगर निगम से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान भी काफी समय से नहीं किया जा रहा है, नगर निगम द्वारा सोसायटी की राशि का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है एवं नगर निगम जबलपुर में कार्यरत



अधिकारी, कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस एवं जीपीएफ राशि की कटौती तो की जा रही है, किन्तु कर्मचारियों के खाते में उक्त काटी हुई राशि जमा नहीं की जा रही है। संघ द्वारा की जा रही मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरांत आयुक्त श्रीमती यादव ने संघ की मांगों को स्वीकार करते हुए वित्त अधिकारी को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की चार प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि की तृतीय किश्त का भुगतान आगामी माह के वेतन के साथ कराया जाए। साथ ही निगमायुक्त द्वारा उपादान राशि का भुगतान करने एक करोड़ रुपये ग्रेच्युटी की राशि प्रदान की गई एवं सोसायटी की राशि का भी भुगतान किया गया एवं एनपीएस एवं जीपीएफ खाते में सम्पूर्ण राशि शीघ्र जमा करने वित्त अधिकारी को आदेशित किया गया। आयुक्त द्वारा संघ की मांगों को स्वीकार करने हेतु संघ द्वारा निगमायुक्त को धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर अजाक्स के अध्यक्ष अमित मेहरा, प्रशांत गोंटिया, सुनील सिंगोटिया सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बरगी जिला जबलपुर**
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 20/1-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक:- 9/5/25
**आम इश्तहार**

ग्राम सगड़ा झपनी तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि कौशल्या प्रजापति/के. पी. प्रजापति ने ग्राम खुरसी प.ह.नं. 61 स्थित भूमि ख.नं. 224/1 रकवा 0.61 है. भूमि पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 22/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियां पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक - 9/5/25
पेशी दिनांक - 22/5/25

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बरगी (जबलपुर)**

कोरोनाकाल के बाद ग्रामीणों की लाइफ स्टाइल में भी बड़ा बदलाव हुआ है। अब ग्रामीण भी लग्जरी लाइफ की तरफ जा रहे हैं। राजधानी के कारोबारियों का साफ कहना है, अब गांव के लोग महंगे मोबाइल, एसी, फ्रीज, कार और बड़ी महंगी एलईडी के साथ सोने के जेवर और महंगे कपड़े खरीद रहे हैं। ऐसे में इन सेक्टर के बाजारों में 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा हो गया है।

# ग्रामीणों में भी लग्जरी लाइफ का क्रेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



ग्रामीण भी शौक के मामले में कम नहीं रहते, लेकिन ग्रामीण हमेशा से सोच समझ कर खर्च करते हैं, लेकिन कारोबारियों के मुताबिक बीते कुछ सालों से खासकर कोरोना काल के बाद से ग्रामीणों की खरीदी का पैटर्न भी बदल गया है। पहले गांव वाले ज्यादा महंगे सामान की तरफ ध्यान नहीं देते थे, लेकिन अब गांव वाले भी महंगे सामान खरीदने लगे हैं। ये भी अब लग्जरी लाइफ जीना चाह रहे हैं।

लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के राजेश वासवानी के मुताबिक कुछ साल पहले तक गांव वाले मोबाइल खरीदने आते थे तो उनकी मांग 10 हजार के अंदर वाले मोबाइल की रहती थी। बहुत कम गांव वाले 15 हजार तक का मोबाइल लेते थे, लेकिन अब तो वन प्लस के 70 हजार के मोबाइल के साथ एप्पल के डेढ़ लाख तक के मोबाइल ग्रामीण ले रहे हैं। यही नहीं, अब गांवों में एसी की डिमांड भी ज्यादा हो गई है। यही वजह है कि इस साल सवा लाख के आस-पास एसी बिके हैं। बीते तीन साल में एसी की बिक्री डबल हो गई है। आने वाले समय में मोबाइल और अन्य सामानों का कारोबार भी गांवों की डिमांड के कारण डबल हो सकता है। गांव वाले अब महंगी एलईडी एक लाख से ज्यादा वाली भी खरीद रहे हैं। इसी के साथ महंगे फ्रिज भी ले रहे हैं। पहले वाशिंग मशीन जैसे सामान गांव वाले नहीं खरीदते थे, लेकिन आज गांव वाले भी वाशिंग मशीन लेने लगे हैं।

## खरीद रहे महंगे मोबाइल, एसी, कार एलईडी, सोने के जेवर और कपड़े



**पैसों का भरपूर उपयोग:** कारोबारियों का कहना है कि प्रदेश में भारतमाला परियोजना के तहत किसानों की जमीन गई है तो उनको बहुत पैसा मिला है। इसी के साथ किसानों को धान की कीमत भी ज्यादा मिल रही है। किसानों के पास ज्यादा पैसे आ रहे हैं, इसका किसान भरपूर उपयोग भी कर रहे हैं। किसान खेती के लिए ट्रैक्टर तो लेते ही हैं लेकिन अब किसान अपने बच्चों को महंगी कारें, बाइक भी दिला रहे हैं।

### सोने और कपड़ों का क्रेज

सोने और चांदी के जेबर हमेशा से ही गांव वाले लेते रहे हैं। लेकिन अब महंगे डिजाइन वाले जेवरों की भी खरीदी गांव वाले कर रहे हैं। कपड़ों के मामले में भी गांव वालों का नजरिया बदला है। पड़री थोक कपड़ा बाजार के चंदर विधानी के मुताबिक पहले गांव वाले महंगे कपड़े नहीं लेते थे, लेकिन अब तो शादियों के समय भी महंगे कपड़े ले रहे हैं। दुल्हन के लिए 50 हजार से ज्यादा शादी का जोड़ा भी लिया जा रहा है। इसी तरह से त्योहारी सीजन में भी महंगे कपड़े आज कल गांव वाले ले रहे हैं।

### कारोबार बढ़ा

इलेक्ट्रॉनिक्स में गांव से ज्यादा डिमांड आने पर इसका कारोबार लगातार बढ़ रहा है। मोबाइल से लेकर अन्य सेक्टरों में 20 फीसदी से ज्यादा कारोबार बढ़ गया है। एसी की डिमांड तो गांवों में आसमान छू रही है।

- राजेश वासवानी,
संचालक, लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स

## आरबीआई जारी करेगा 20 रु. के नोट, गवर्नर संजय मल्होत्रा के होंगे साइन

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही 20 मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। ये नोट महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में होंगे और इनमें गवर्नर संजय मल्होत्रा के साइन होंगे। आरबीआई ने बताया कि इन नए नोटों का डिज़ाइन पहले से चल रहे 20 के महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के नोटों जैसा ही रहेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने साफ कर दिया है कि पहले जारी किए गए सभी 20 के नोट, चाहे उन पर किसी भी गवर्नर के हस्ताक्षर हों, पूरी तरह से वैध और लेनदेन में इस्तेमाल करने योग्य रहेंगे।आरबीआई के नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद जो नए नोट जारी किए जा रहे हैं, वे एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। यह सिर्फ प्रशासनिक बदलाव का संकेत है और इसका पुराने नोटों की वैधता या मूल्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा । इसलिए जनता को घबराने की जरूरत नहीं है।

ग्राहकों को उत्पाद बेचने से पहले यह बताएं कि यह उत्पाद तुर्की या अजरबैजान का ?

# व्यापारिक समुदाय करें तुर्की और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का बहिष्कार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष तेलकुलपाल सिंह पाली ने कहाकि हमने सरकार से आग्रह किया है, कि पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले दोनों देशों तुर्की और अजरबैजान से के साथ कारोबार पर रोक लगाई जाए।

उन्होंने व्यापारिक संगठनों से अपील की है कि भारती जनभावनाओं के साथ एक जुटता दिखाते हुए राष्ट्र सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए तुर्की और अजरबैजान की संस्थाओं के साथ अपने व्यापारिक लेन-देन को स्वेच्छा से तत्काल प्रभाव से बंद करें। उन्होंने कहाकि तुर्की से सबसे अधिक फलों का आयात होता है, जिसमें सेब, अंगूर, लीची, बेर और चेरी का आयात मुख्य है। अतः कारोबारियों को उनकी संस्थाओं से कारोबार नहीं करने का अनुरोध किया है।



### देशभक्त के नाते सभी व्यापारियों का बनता है फर्ज

मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 के अनुसार सरकार की ओर से कारोबार बंद करने का कोई आदेश नहीं आया है, लेकिन एक देशभक्त होने के नाते हम सभी व्यापारियों का फर्ज बनता है कि हम वहां से जुड़ी कारोबारी संस्थाओं से कारोबार नहीं करें। ड्राईफ्रूट्स में तुर्की से अंजीर, एप्रिकॉट, हैजलनट और किशमिश आते हैं। व्यापारियों से कहा है कि वे ग्राहकों को उत्पाद बेचने से पहले यह बताए कि यह उत्पाद तुर्की या अजरबैजान का है। दूसरा वे वहां के उत्पादों का प्रचार नहीं करें, इससे उत्पाद की बिक्री कम होगी।

### किसी प्रकार की व्यवसायिक साझेदारी से नहीं करें

*भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने कहाकि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्की और अजरबैजॉन के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों को पूर्ण बहिष्कार करें। उन्होंने कहाकि तुर्की और अजरबैजान जिन्होंने भारत की सद्भावना, सहायता और रणनीतिक समर्थन का लाभ उठाया और आज पाकिस्तान का साथ दे रहे हैं। अतः भारतीय निर्यातकों, आयतकों और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल को इन देशों की कंपनियों या संस्थानों के साथ किसी प्रकार की व्यवसायिक साझेदारी से नहीं करनी चाहिए।*

### तुर्की की कंपनियों और संस्थानों को करें हतोत्साहित

*व्यापारियों के संगठन कैट के पदाधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान को हाल ही में दिए गए समर्थन का हवाला देते हुए तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। कैट के अनुसार इस निर्णय में तुर्की और अजरबैजानी वस्तुओं का राष्ट्रव्यापी बहिष्कार शामिल है तथा भारत भर के व्यापारियों ने इन देशों से आयात रोक दिया है। भारतीय निर्यातकों, आयातकों और व्यापार प्रतिनिधिमंडलों को तुर्की और अजरबैजान स्थित कंपनियों या संस्थानों के साथ किसी भी तरह के संपर्क से हतोत्साहित किया जाएगा।*



## भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आयोजित किया ब्लड डोनेशन कैंप

भोपाल। व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित हुआ। इस अवसर पर भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तेलकुलपाल सिंह पाली, कमल पंजबानी, हरीश ज्ञानचंदानी, कृष्णगोपाल गट्टानी सहित भारी संख्या में लोगों ने ब्लड डोनेशन किया।

## बजाज आलियांज ने लांच किया सुपर फ्लेक्सिबल मार्केट

**पुणे ।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज आलियांज लाइफ स्मार्ट पेंशन की शुरुआत की है, जो यूनिट-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली व्यक्तिगत पेंशन योजना है, जो ग्राहकों को उनकी सेवानिवृत्ति योजना पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है। यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद आजीवन गारंटीकृत आय प्रदान करने में मदद करती है। यह ग्राहकों को वेस्टिंग पर कर-मुक्त संचित कोष का 60 फीसदी तक निकालने में सक्षम बनाती है, 15वें पॉलिसी वर्ष के अंत में लॉयल्टी एडिशन और वेस्टिंग बूस्टर के साथ दीर्घकालिक निवेशकों को पुरस्कृत करती है। बजाज आलियांज ने बजाज आलियांज लाइफ स्मार्ट पेंशन की शुरुआत की है, जो यूनिट-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली व्यक्तिगत पेंशन योजना है, जो ग्राहकों को उनकी सेवानिवृत्ति योजना पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है।

## रिलायंस जियो ने नेटवर्क और डाउनलोड स्पीड के क्षेत्र में नया मानक स्थापित किया

**भोपाल।** टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा मार्च 2025 में आयोजित स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट के अनुसार रिलायंस जियो ने इंदौर में 5जी डाउनलोड स्पीड के मामले में सभी प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। ट्राई के आंकड़ो के मुताबिक रिलायंस जियो ने इंदौर में औसतन 254.35 एमबीपीएस की डाउनलोड स्पीड प्रदान की है, जो अन्य टेलीकॉम ऑपरेटरों में सबसे ज्यादा है। जियो की नेटवर्क लेटेंसी बेहद कम है, जो वीडियो कॉल, वर्चुअल मीटिंग्स और ऑनलाइन गेमिंग जैसे रियल-टाइम एप्लिकेशनों के लिए महत्वपूर्ण है। जियो ने कॉल सेटअप सफलता दर, तेज़ कॉल कनेक्शन समय, नगण्य कॉल ड्रॉप्स और उच्च गुणवत्ता वाली वॉयस क्लैरिटी के मामले में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट नागपुर,मुंबई,अंबाला,चेन्नई, श्रीनगर, प्रयागराज और इंदौर शहर में किया गया था। इंदौर में ड्राइव टेस्ट 23 मार्च 2025 से 29 मार्च 2025 तक शहर के सभी प्रमुख क्षेत्रों, आवासीय क्षेत्रों, ट्रैफिक-भरी सड़कों और पैदल यात्री क्षेत्र में आयोजित किया गया था।

भारत ने व्यापार नीति में किया बदलाव

# बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स और प्रोसेस्ड फूड की एंट्री पर लगाया बैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक महत्वपूर्ण व्यापार नीति बदलाव के तहत भारत ने बांग्लादेश से भूमि बंदरगाहों के माध्यम से देश में रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी), प्रोसेस्ड फूड और अन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बांग्लादेश से भारत में रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड जैसे कुछ सामानों के आयात पर भूमि बंदरगाह प्रतिबंध लगाते हुए एक अधिसूचना जारी की। हालांकि, इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर गुजरने वाले बांग्लादेशी सामानों पर लागू नहीं होंगे, लेकिन नेपाल और भूटान के लिए आने वाले समान पर लागू होंगे।

### बांग्लादेश भी यार्न आयात कर चुका बैन



अधिसूचना में कहा गया कि बंदरगाह प्रतिबंध बांग्लादेश से मछली, एलपीजी, खाद्य तेल और क्रश्ड स्टोन के आयात पर लागू नहीं होते हैं। इससे पहले अप्रैल में बांग्लादेश सरकार ने राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड (एनबीआर) की अधिसूचना के माध्यम से भूमि बंदरगाहों के जरिए भारत से देश में यार्न के आयात पर प्रतिबंध लगाया था।

### चंगराबांधा और फुलबारी से भी अनुमति नहीं होगी

*अन्य प्रतिबंध फल या फल के स्वाद वाले और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों के आयात, प्रोसेस्ड फूड आइटम्स, कपास और सूती धागे का वेस्ट, प्लास्टिक और पीवीसी तैयार माल और लकड़ी के फर्नीचर पर हैं। इन वस्तुओं को असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में किसी भी लैंड कस्टम स्टेशन (एलसीएस) या इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) के माध्यम से अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही पश्चिम बंगाल में एलसीएस चंगराबांधा और फुलबारी से भी अनुमति नहीं होगी।*

एलुमिनियम और स्टील वैश्विक व्यापार युद्ध के केंद्र में

# भारत को बनाना है एलुमिनियम का वैश्विक केंद्रः वेदांता समूह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने वैश्विक व्यापार में हो रहे बड़े बदलावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि स्टील और एलुमिनियम जैसे रणनीतिक धातु अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध के मुख्य बिंदु बन चुके हैं। अमेरिका ने इन धातुओं के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाकर कनाडा और मैक्सिको जैसे अपने सहयोगी देशों को भी कोई रियायत नहीं दी है।



उन्होंने बताया कि ये दोनों धातुएं हर आधुनिक ढांचे की नींव हैं - हवाई अड्डों से लेकर रेलवे, घर, वाहन और मोबाइल तक। लेकिन आने वाले वर्षों में एलुमिनियम अपनी हल्की और 100फीसदी पुनर्चक्रण योग्य प्रकृति के चलते स्टील से भी अधिक प्रासंगिक बन जाएगा। सरकार द्वारा स्टील पर 12फीसदी सेफगार्ड ड्यूटी लगाए जाने की सराहना करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी तरह का निर्णय एलुमिनियम के लिए भी लिया जाएगा, ताकि घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से सुरक्षा मिल सके।

कोरोना का नया वैरिएंट बढ़ा रहा चिंता

# कई देशों में बढ़ते संक्रमण के बीच एक नई वैक्सीन को दी गई मंजूरी

**एजेंसीःनई दिल्ली।** दुनिया के कई हिस्सों विशेषकर एशियाई देशों (जैसे हांगकांग और सिंगापुर) में एक बार फिर से बढ़ते कोरोना के मामलों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता बढ़ा दी है। हालिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पिछले कुछ हफ्तों से यहां कोरोना के मामलों में तेज से वृद्धि हुई है। न सिर्फ कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं साथ ही कई स्थानों पर अस्पतालों में भर्ती रोगियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

विशेषज्ञों का कहना है कि समय के साथ लोगों में वैक्सीन से बनी प्रतिरक्षा में कमी आ रही है जिसके कारण वायरस का एक बार फिर से प्रभाव देखा जा रहा है। एहतियाती तौर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने प्रभावित हिस्सों में उच्च जोखिम वाले लोगों को कोरोना की बूस्टर वैक्सीन लेने की सलाह दी है, जिससे शरीर में अतिरिक्त सुरक्षा विकसित की जा सके।

**नुवैक्सोविड नाम की नई वैक्सीन**

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने नोवावैक्स के एक नए टीके को मंजूरी दे दी, हालांकि इसके साथ कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। ये टीके सिर्फ उन्हीं लोगों को दिए जा सकेंगे जो इसके लिए उपयुक्त होंगे। अनुमोदन पत्र के अनुसार, नुवैक्सोविड नामक वैक्सीन का उपयोग 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों और 12 से 64 वर्ष के बीच के उन लोगों के लिए किया जा सकेगा जिनमें कम से कम एक अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या (कोमोरबिडीटी) है।

### एलपी.8.1 वैरिएंट के कारण बढ़ रहा है संक्रमण

यूएस स्थित नेबरास्क मेडिसिन में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ मार्क.ई.रप बताते हैं, वर्तमान में अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में सबसे प्रमुख वैरिएंट एलपी.8.1 है, जिसके 70% मामले हैं। इसके बाद एक्सएफसी है जिसके 9% मामले हैं। ओमिक्रॉन का मूल वैरिएंट अब लगभग खत्म हो चुका है और फिलहाल इसके सब-वैरिएंट्स के ही मामले देखे जा रहे हैं।

**आवश्यकता है**

लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, डाटा एंट्री, सैलरी 18500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920930586

**आवश्यकता है**

तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50, फिल्ड आफिसर 5 (कार चलाना जानता हो), कम्प्यूटर आपरेटर (पूर्ण अनुभवी) चाहिए वेतन 9500 से 20000 पता- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ 8461881111, 8299144824

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें मों. 9340637789

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5871



**बाएँ से दाएँ**

1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5870 का हल



## सूडोकु नवताल - 5881

★★★★ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5880 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |




# 'ठग लाइफ' में कमल का जबरदस्त एक्शन

**मुंबई।** साउथ एक्टर कमल हासन की मच अवेटेड फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 2 मिनट के इस ट्रेलर में दिग्गज अभिनेता का दमदार एक्शन फैंस का ध्यान खींच रहा है। ट्रेलर में इमोशन्स, ड्रामा और धुंआधार एक्शन देखने को मिल रहा है। मणि रत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' के ट्रेलर में सबसे पहले कमल हासन को दिखाया जाता है। राजधानी दिल्ली के बैकग्राउंड में कहानी को दिखाया जा रहा है। ट्रेलर में सबसे पहले एक बच्चे से कमल हासन कहते हैं- 'जान तूने ही बचाई है मेरी, यमराज के चंगुल से बाहर निकाल लाया है मुझे।' इसके बाद वो बच्चे से कहते हैं कि अब से तू और मैं आखिरी तक एक साथ रहेंगे।

लाइफ Style

# हुमा

## फीस में फर्क को लेकर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अब तक 'महारानी' नाम की वेब सीरीज के तीन सीजन कर चुकी हैं, इसमें वह लीड रोल में नजर आती हैं। इस सीरीज में उनके काम को काफी सराहा गया। 'महारानी' सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज में भी शामिल है।

इतना सब होने के बावजूद भी हुमा कुरैशी को पुरुष कलाकारों के मुकाबले बहुत कम फीस मिलती है। इस अंतर पर वह सवाल उठाती हैं। हाल ही हुमा कुरैशी ने इंडिया टुडे से की गई बातचीत में बताया कि सीरीज 'महारानी' सबसे ज्यादा देखी जाने के बावजूद भी उन्हें पुरुष अभिनेताओं के मुकाबले कम फीस मिलती है। फिल्मों में तो ऐसा होता है, ओटीटी पर भी यही सीन है। वह बताती हैं कि ओटीटी पर काम करने वाले नामी एक्टर्स को लगभग 45 करोड़ रुपये फीस मिलती है लेकिन एक्ट्रेसेस को इतनी फीस नहीं मिलती है। इस फीस के अंतर पर हुमा सवाल करती हैं। हुमा कुरैशी आगे कहती हैं, 'यह सब ऐसा ही।' लेकिन, हुमा कुरैशी को उम्मीद है कि बातचीत करके, चर्चा करके इस स्थिति में बदलाव आएगा। हुमा कुरैशी की सीरीज 'महारानी' का चौथा सीजन भी जल्द आएगा, इसमें भी वह रानी भारती का रोल निभाएंगी। ओटीटी में फीस के अंतर की बात करने के अलावा हुमा कुरैशी ने इस प्लेटफॉर्म को सराहा भी है। हुमा का मानना है कि इस प्लेटफॉर्म ने जयदीप अहलावत, शेफाली शाह और उनके लिए नए दरवाजे खोले हैं। अब हुमा कुरैशी और ये एक्टर्स अच्छी कहानियों का हिस्सा बन रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# 'डाई माई लव' को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**पेरिस।** 78वें कान फिल्म फेस्टिवल में शनिवार को ट्विलाइट अभिनेता रॉबर्ट पैटिंसन रेड कार्पेट पर उतरे। उनके साथ अभिनेत्री जेनिफर लॉरेंस ने भी पोज दिए। कान फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्म 'डाई माई लव' का प्रीमियर हुआ। इस दौरान दोनों की फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। समारोह में रॉबर्ट पैटिंसन और जेनिफर लॉरेंस ने एक साथ पोज भी दिया। इस दौरान रॉबर्ट पैटिंसन ब्लैक सूट में नजर आए। वहीं, अभिनेत्री जेनिफर लॉरेंस व्हाइट कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहना था।




# 'हैरी पॉटर' के सेट पर पानी की तरह बहाया जा रहा पैसा

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' की जादुई दुनिया तो आपको याद ही होगी। इस सुपरनैचुरल सीरीज ने कहीं ना कहीं हम सभी के बचपन में रंग भरे हैं। अब हॉलीवुड की ये पॉपुलर सीरीज एक बार फिर से टीवी शो के रूप में वापसी कर रही है। 'वॉर्नर ब्रोज' इस टीवी शो को लेकर आ रहा है जिसके लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इस टीवी सीरीज को सात सीजन में दिखाया जाएगा। हर एक सीजन की कहानी किताब पर ही आधारित होगी। वॉर्नर ब्रोज ने इस सीरीज को बनाने के लिए भव्य सेट तैयार किया है जिसे बनाने में करीब 1 बिलियन यूरो (9,539 करोड़ रुपए) लगे हैं। यह सेट वार्नर ब्रोज के लीव्सडेन स्टूडियो में स्थित है, जिसमें नए सड़कों, पार्किंग और बच्चों के लिए एक स्कूल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा जीवों के लिए भी खास स्थान तैयार किया गया है।



# चिरंजीवी की फिल्म में नयनतारा की एंट्री

**मुंबई।** मेगा स्टार चिरंजीवी की फिल्मों का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। इन दिनों चिरंजीवी निर्देशक अनिल रविपुडी की फिल्म को लेकर चर्चाओं में हैं, जिसकी कास्टिंग पर काम चल रहा है। इस फिल्म को अभी 'मेगा157' के नाम से बुलाया जा रहा है। मेकर्स ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस का चयन कर लिया है। ये लीड एक्ट्रेस कोई और नहीं, बल्कि साउथ की फीमेल सुपरस्टार कही जाने वाली अभिनेत्री नयनतारा हैं। नयनतारा के फिल्म में शामिल होने की घोषणा मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए की। निर्देशक अनिल रविपुडी ने नयनतारा की फिल्म में एंट्री करने की घोषणा करते हुए एक प्रोमो एक्स पर साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरती की क्वीन नयनतारा का हमारे 'मेगा157' के सफर में स्वागत है।



# 'मिशन ...' की हुई शानदार शुरुआत

**मुंबई।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल : द फाइनल रेकनिंग' ने भारतीय सिनेमाघरों में शानदार कमाई के साथ अपनी शुरुआत की है। भारत में पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की टॉप 10 लिस्ट में इसने जगह बना ली है। वहीं, 'फाइनल डेस्टिनेशन' के कलेक्शन में वीकएंड में बढ़त हुई। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' भी धीमी रफ्तार के साथ आगे बढ़ रही है। टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल : द फाइनल रेकनिंग' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक शानदार शुरुआत की है। फिल्म ने पहले दिन ही 17.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म को अमेरिका से छह दिन पहले भारत में रिलीज किया गया। निर्माताओं को संभवतः भारतीय दर्शकों से काफी उम्मीद रही होगी।

टीवी मसाला




# एक महीने बाद फिर साथ आए टोनी, सोनू और नेहा कक्कड़

**नई दिल्ली।** पिछले महीने ये बात सामने आई थी कि गायिका नेहा कक्कड़ की बहन सोनू कक्कड़ का अपने भाई-बहनों से रिश्ता कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हालांकि, सोनू ने रिश्ते खत्म होने की बात भी कही थी, लेकिन बाद में उस पोस्ट को डिलीट कर दिया था। अब नेहा, सोनू समेत सभी भाई-बहनों को एक साथ उनके मम्मी-पापा के शादी की सालगिरह समारोह में देखा गया है, जिसकी तस्वीरें गायिका ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। देखें तस्वीरें। बॉलीवुड की मशहूर गायिका ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मम्मी-पापा की मैरिज एनिवर्सरी की तस्वीरें शेयर की हैं। शेयर की गई इस तस्वीर में नेहा कक्कड़ को कार्यक्रम का जश्न मनाते देखा जा सकता है। वहीं, इंस्टाग्राम पर शेयर की गई दूसरी तस्वीर में नेहा कक्कड़ अपने भाई-बहनों के साथ दिख रही हैं। इसमें वह टोनी कक्कड़ और सोनू कक्कड़ के अलावा अपने माता-पिता के साथ पारिवारिक समारोह में खुशी के पलों को साझा करती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर ने कई सवालों के जवाब दिए हैं। नेहा कक्कड़ ने तस्वीरों को पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 'क्या रात थी।' इस पर गायिका के फैंस ने भाई-बहनों को उनके सार्वजनिक झगड़े के बाद एक साथ देखकर अपनी खुशी व्यक्त की। नेहा की पोस्ट पर एक यूजर ने कमेंट किया, 'इन भाई-बहनों को फिर से एक साथ देखकर खुशी हुई।' करीब एक महीने बाद फिर से सोनू कक्कड़ को अपने भाई बहन नेहा और टोनी के साथ देखा गया है। हालांकि, नेहा की इस पोस्ट ने भाई-बहनों के बीच सुलह का संकेत दिया है, जो पहले के दावे का खंडन करता है।

## मंच पर जादू के करतब दिखाते नजर आए अमन

**नई दिल्ली।** पूर्व अभिनेता अमन वर्मा एक समय टीवी और सिनेमा की दुनिया में चर्चित एक्टर्स में शुमार थे। हाल ही में अभिनेता एक बार फिर से



सुर्खियों में आ गए हैं, वजह है उनका नया वीडियो, जिसमें वह जादू करते दिख रहे हैं। इसे देख नेटिजंस कह रहे हैं कि ये किस लाइन में आ गए हैं। अभिनेता अमन वर्मा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्टर मंच पर जादू के करतब दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। शेयर किए गए वीडियो में अमन एक बोतल को अखबार के पीछे कुछ जादू करके गायब कर देते हैं, जिसे देख वहां मौजूद सभी लोग उनकी सराहना करते हैं। इसके साथ ही अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'ठीक है, यहीं से मैंने जादूगर बनने के गुर सीखे। थोड़ा मुश्किल था लेकिन सफल रहा, यह सब हाथों की सफाई है। देवियों और सज्जनों, यहां जादूगर आ गया, जिसका नाम है अमन यतन वर्मा।' अभिनेता की ये वीडियो देखकर नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# कैंपस डायरी से लेकर मिसमैच्ड तक कॉलेज लाइफ दिखातीं ये वेब सीरीज

**मुंबई।** हाल ही में 12वीं का रिजल्ट आया है, अब कई बच्चे कॉलेज में एडमिशन लेंगे। कॉलेज लाइफ में जहां कॅरियर बनाने का दबाव होगा, वहीं खूब मस्ती-मजाक और दोस्ती के रिश्ते भी बनेंगे। हम आपको ऐसी ही कुछ वेब सीरीज के बारे में बता रहे हैं, जिनमें कॉलेज की जिंदगी को, दोस्ती को दिखाया गया है। कॉलेज के दिनों की याद हमारे मन में हमेशा के लिए बसी रहती है, यहां बने दोस्त भी कई बार जिंदगी भर साथ रहते हैं।

**हॉस्टल डेज :** साल 2019 में रिलीज हुई एक वेब सीरीज 'हॉस्टल डेज' में चार दोस्तों की कहानी थी जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं और हॉस्टल में रहते हैं। कॉलेज की जिंदगी की चुनौतियों का सामना करने के अलावा ये लोग खूब एंज्वॉय भी करते हैं। इस सीरीज में निखिल विजय, शुभम गौर, अहसास चन्ना जैसे एक्टर्स नजर आए।

**कैंपस डायरीज :** कैंपस डायरीज (2022) में भी छह दोस्तों की जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ावों की कहानी दिखी। कॉलेज की जिंदगी उन्हें कैसे जिंदगी के सबक देती है, यही इस सीरीज की कहानी है। इस सीरीज में हर्ष बेनिवाल, सृष्टि रिंढानी जैसे एक्टर्स नजर आए।




**कॉलेज रोमांस :** कॉलेज रोमांस का पहला सीजन 2018 में आया था। इस सीरीज में भी तीन दोस्त कॉलेज में प्यार, दोस्ती के खूबसूरत पलों को जीते हैं। सीरीज में गगन अरोड़ा, अपूर्वा अरोड़ा जैसे एक्टर्स नजर आए। सीरीज के कई और सीजन भी आए, जिन्हें ऑडियंस ने पसंद किया।

**मिसमैच्ड :** सीरीज 'मिसमैच्ड' के भी तीन सीजन आ चुके हैं। पहला सीजन 2020 में रिलीज हुआ। इस सीरीज की कहानी प्राजक्ता कोहली के कैरेक्टर के ईद-गिर्द घूमती है। कॉलेज लाइफ, प्यार कैसे उसकी जिंदगी में बदलाव लाता है, यही सीरीज की स्टोरी लाइन है। इस सीरीज में कई और एक्टर्स भी दिखे, जिसमें रोहित सराफ, मुस्कान जाफरी शामिल हैं।

# अमेजन के जंगलों में एनाकोंडा और तेंदुओं के साथ शूट होने वाली पहली भारतीय फिल्म

**नई दिल्ली।** अमेजन के जंगलों में शूटिंग करना आसान नहीं होता. लेकिन हॉलीवुड डायरेक्टर्स अक्सर इस मुश्किल काम को करते हुए नजर आते हैं। लेकिन, क्या आपको पता है कि साल 2017 में आई एक भारतीय फिल्म ने भी अमेजन के जंगलों में पैंथर, एनाकोंडा, मगरमच्छ, भ्रामक नदियां और आदिवासी बहुतायत में शूटिंग की है। इतना ही नहीं, यह पहली भारतीय और वर्ल्डवाइड आठवीं फिल्म है, जिसने यह खिताब हासिल किया है। हम बात कर रहे हैं कमलेश्वर मुखर्जी के निर्देशन में बनी अमेजन ओबीजान, जो 22 दिसंबर 2017 में रिलीज हुई थी। फिल्म का बजट था केवल 20 करोड़, लेकिन फिल्म ने 48.63 करोड़ की कमाई हासिल की थी।

अमेजन ओबीजान भारतीय बंगाली भाषा में बनी एक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसे कमलेश्वर मुखर्जी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। जबकि श्रीकांत मोहता और महेंद्र सोनी के बैनर श्री



वेंकटेश फिल्मस तले बनाया गया है। यह साल 2013 में आई चंदेर पहर का सीक्वल है। फिल्म शंकर नामक एक साहसी व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक महिला और उसके पिता के साथ सोने के शहर एल डोरैडो की खोज में अमेजन की यात्रा करता है।

अमेजन ओबीजान प्रोडक्शन हाउस की 100वीं फिल्म है। वहीं, यह अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बंगाली फिल्मों में से एक है। 5 जनवरी 2018 में इस फिल्म को पांच भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगू, ओडिया और असमिया भाषा में रिलीज किया गया था। वहीं, 30 वर्षों में 12 जनवरी 2018 को यूनाइटेड किंगडम में थियेटरों में रिलीज होने वाली पहली बंगाली फिल्म भी बन गई थी। कहा जाता है कि फिल्म साइबेरिया में शूट होनी थी। लेकिन, डायरेक्टर ने इसे अमेजन के जंगलों में शूट करने का प्लान किया. वहीं मई 2016 में इसकी शूटिंग शुरू हुई।

## बाहुबली का तोड़ा रिकॉर्ड

अमेजन ओबीजान का पहला पोस्टर और टीजर 21 सितंबर 2017 को जारी किया गया था, जो कि 320 फीट लंबा और 190 फीट चौड़ा था. पोस्टर 4 नवंबर 2017 को मोहन बागान ग्राउंड में लॉन्च किया गया और भारत के इतिहास में सबसे बड़े फिल्म पोस्टर का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जिसने पहले बाहुबली द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।

# सुष्मिता के मिस यूनिवर्स बनने के पीछे था उनके पहले बॉयफ्रेंड का हाथ...

*नई दिल्ली। सुष्मिता सेन बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में दी हैं सुष्मिता की खास बात ये है कि उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में हमेशा खुलकर बात की है। मिस यूनिवर्स बनने के बाद सुष्मिता एक शो में गई थीं। जहां पर उन्होंने सबसे अपने पहले बॉयफ्रेंड को मिलवाया था। सुष्मिता के मिस यूनिवर्स बनने के सफर में रजत उनके साथ खड़े रहे थे और मुंबई भी उनके साथ गए थे। सुष्मिता सेन ने खुद रजत के बारे में सभी को बताकर चौंका दिया था।*

## सुष्मिता के साथ रहे हमेशा

सुष्मिता का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वो कहती हैं- मां, पापा और ग्रैंडपा की परमिशन से मैं बताना चाहती हूं कि ये रजत हैं मेरे फर्स्ट बॉयफ्रेंड। जब मैं मिस इंडिया जीती और मुझे मिस यूनिवर्स के लिए ट्रेन करने के लिए मुंबई आना पड़ा तो बॉम्बे मेरे लिए एक बहुत ही फॉरन शहर था क्योंकि मैं दिल्ली में रही हूं। वहां फिर मैं रोने लग गई दिल्ली में कि मैं अकेले बॉम्बे नहीं जाऊंगी, मुझे नहीं जाना मिस यूनिवर्स।



ये उस समय बेनेटन के लिए काम कर रहे थे। रजत ने मम्मा से कहा ये तो मानेगी नहीं आंटी। सुष्मिता ने आगे कहा- इन्होंने ऑफिस में जाकर कह दिया कि या तो आप मुझे एक महीने की छुट्टी दे दो या फिर आपको जैसा सही लगे वैसा कर लो। इनको काम से निकाल दिया गया। रजत बहुत ज्यादा जिम्मेदार हैं। जिनके सपोर्ट के बिना मैं एक वो महीना बॉम्बे में नहीं गुजार पाती।

**फैंस ने किए कमेंट...**

एक फैन ने वीडियो पर कमेंट करके दोनों को लेकर सवाल किया। एक ने लिखा- फिर सुष्मिता ने उनसे शादी क्यों नहीं की। वहीं, दूसरे ने लिखा-हर कोई तुरंत सोचता है कि ये वही है जिसने उसे छोड़ दिया ,लेकिन यह दूसरी तरह से है, रजत ने उन्हें दूसरी महिला के लिए छोड़ दिया। क्योंकि, वो उसके शेड्यूल और ऑरा से मेल नहीं खा सकता था। वे आज भी सबसे अच्छे दोस्त हैं, रजत ने 2023 में जिस सर्बियाई महिला से उसने शादी की है, उसमें सुष्मिता भी मौजूद थी। 19 साल के लोग 47 साल के लोगों की तरह नहीं होते। हम सभी एक-दूसरे से आगे निकल जाते हैं।

# इस देश में बनी थी दुनिया की पहली फिल्म...



**नई दिल्ली।** राउंडहे गार्डन सीन यह दुनिया की सबसे पहली मोशन पिक्चर है, जिसे फ्रांसीसी आविष्कारक, निर्देशक और फोटोग्राफर लुइस ले प्रिंस ने बनाया था। यह एक बेहद छोटी फिल्म है, जो लीड्स (इंग्लैंड) में एक परिवार के साथ शूट की गई थी। इस फिल्म का रनटाइम 2.11 सेकंड है और इसमें इस इंग्लिश परिवार को गार्डन में चलते देखा जा रहा है। यह फिल्म 16 नवंबर 1888 में बनी थी। इस फिल्म को दुनिया की सबसे पुरानी और पहली फिल्म माना जाता है। यह पहली बार था, जब लोगों ने चलचित्र का अनुभव लिया था। यह एक मूक फिल्म थी।

***रहस्य बनकर रह गया डायरेक्टर :*** जब भी फिल्म के इतिहास के बारे में चर्चा होती है, तो कभी भी लुई ऐम ऑगस्टिन ले प्रिंस का नाम सुनने को नहीं मिलता है। क्योंकि, उनके निधन के दौरान हुई अजीबोगरीब घटनाएं और इससे पहले उनके लापता होने की खबरों ने उनके इस अचीवमेंट पर ध्यान नहीं जाने दिया और उनका यह आविष्कार एक रहस्य बनकर रह गया। हालांकि, वह फिल्म मेकिंग के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है, जिनका जिक्र किया जाना बेहद जरूरी है, क्योंकि ले प्रिंस वह व्यक्ति थे, जिन्होंने फिल्म पर चलचित्रों की पहली रिकॉर्डिंग की थी।




# लखनऊ को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए हैदराबाद के खिलाफ जीत की जरूरत

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अपने 'करो या मरो' मैच में जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश बड़े अंतर से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की होगी। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत अब तक के बेहद निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर बल्ले से भी लय हासिल करना चाहेंगे। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम के नाम 11 मैचों में 10 अंक है लेकिन नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा।



### लय हासिल करने का मौका

सनराइजर्स के कुछ खिलाड़ियों के लिए लय हासिल करने का एक अच्छा मौका होगा खासकर नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भारत ए के इंग्लैंड दौरे से पहले कुछ उपयोगी पारियां खेलना चाहेंगे।

### फार्म में नहीं कप्तान पंत

लखनऊ की टीम के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी निराशा कप्तान पंत का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन है। पिछले साल आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली के बाद वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से 128 रन ही बनाए है। यह इतना निराशाजनक है कि चीजों में यहां से सुधार की ही उम्मीद की जा सकती है।

### राठी ने किया प्रभावित

रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में विकेट चटकाने में नाकाम रहे हैं लेकिन दिग्वेश राठी ने अपने पहले सत्र में 12 लेकर प्रभावित किया है। चोटिल मयंक यादव की जगह न्यूजीलैंड के विलियम ओ राउरकी के टीम में आने से गेंदबाजी में पैनापन आयेगा। टीम हालांकि तेज गेंदबाजी में अनुभवी शारदुल ठाकुर, आवेश खान और आकाश दीप से बेहतर प्रदर्शन चाहेगी।

### पूरन नहीं बना पा रहे रन

लखनऊ की टीम हालांकि अपने मुख्य बल्लेबाज निकोलस पूरन (410 रन) से भी एक बार फिर से अच्छा प्रदर्शन चाहेगी। वह शुरुआती पांच-छह मैचों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बाद वह प्रभावित करने में नाकाम रहे। पूरन के अलावा टीम को अपने शीर्ष तीन क्रम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम (348 रन) और मिचेल मार्श (378) से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। मध्यक्रम में आयुष बडोनी (326 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी खेल नहीं दिखा पाया है।

खास खबर

## केकेआर अपनी हालत की खुद जिम्मेदार: फिंच



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया को पूर्व कप्तान एरोन फिंच ने केकेआर के प्लेऑफ से बाहर होने पर बड़ा बयान दिया है। फिंच का मानना है कि केकेआर अपनी हालत के खुद जिम्मेदार हैं। एरोन फिंच का कहना है कि केकेआर ने पिछले सीजन की अपनी कोर टीम को खो दिया, जिससे वह इस सीजन लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। आईपीएल 2025 में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती नजर आई। एक सप्ताह के लिए आईपीएल रोकने जाने से पहले केकेआर को घर में सीएसके के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। इसके चलते आरसीबी के खिलाफ वह करो या मरो की स्थिति में थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 13 | 3 | 10 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



यशस्वी जायसवाल
**523 रन**
राजस्थान

नूर अहमद
**20 विकेट**
चेन्नई

आईपीएल : नेहाल-शशांक ने ठोका तूफानी अर्धशतक

# पंजाब जीत से प्लेऑफ के करीब, 17 अंक से नंबर-2, बरार बने हीरो

एजेंसी ▸▸ जयपुर

पंजाब किंग्स की टीम नेहाल वढेरा और शशांक सिंह के आतिशी अर्धशतकों के बाद बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के तीन विकेट की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हराकर प्लेऑफ के करीब पहुंच गई। इस जीत से पंजाब किंग्स के 12 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरह 17 अंक हो गए है। इससे वह 2014 के बाद पहली बार तालिका में शीर्ष दो स्थान की दौड़ में शामिल है। कोच रिकी पोंटिंग की टीम को प्लेऑफ स्थान सुनिश्चित करने के लिए महज एक और जीत की जरूरत है।

पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए वढेरा (70 रन) और शशांक (नाबाद 59 रन) के आतिशी अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 219 रन बनाए। वढेरा ने महज 37 गेंद की पारी में पांच चौके और पांच छक्के जड़े। यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। उनके अलावा शशांक सिंह ने 30 गेंद की नाबाद पारी के दौरान पांच चौके और तीन छक्के जमाए। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की जगह उतरे बराड़ ने गजब की गेंदबाजी की और 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे राजस्थान रॉयल्स की टीम सात विकेट पर 209 रन ही बना सकी।





### पावरप्ले का तूफान बेकार

राजस्थान की अपने घरेलू दर्शकों के सामने आखिरी मैच में जीत की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी जबकि उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (50 रन) और ध्रुव जुरेल (53 रन) के अर्धशतक के बावजूद राजस्थान की टीम सात विकेट पर विकेट पर 209 रन ही बना सकी जबकि पावरप्ले में टीम इस आईपीएल में 89 रन बनाकर अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी (40 रन) ने पहले विकेट के लिए 29 गेंद में 76 रन की भागीदारी निभाकर अच्छी शुरुआत की।

### हेड को हुआ कोरोना आज करेंगे वापसी

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए बुरी खबर आई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हेड कोच डेनियल विटोरी ने बताया कि ट्रेविस हेड को कोरोना हो गया है। इसके चलते उनकी भारत वापसी में देरी हुई है। हालांकि, यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज को संक्रमण कब और कहां हुआ।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्य का हेटमायर बो देशपांडे | 09 | 07 | 1 | 0 |
| प्रभसिमरन का सैमसन बो देशपांडे | 21 | 10 | 3 | 1 |
| ओवेन का सैमसन बो मफाका | 00 | 02 | 0 | 0 |
| वढेरा का हेटमायर बो मधवा | 70 | 37 | 5 | 5 |
| अय्यर का जायसवाल बो पराग | 30 | 25 | 5 | 0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 59 | 30 | 5 | 3 |
| अजमतुल्लाह उमरजई नाबाद | 21 | 09 | 3 | 1 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 219/5
गेंदबाजी : फारुकी 3-0-39-0, देशपांडे 4-0-37-2, मफाका 3-0-32-1, पराग 3-0-26-1, हसारंगा 3-0-33-0, मधवाल 4-0-48-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का ओवेन बो बराड़ | 50 | 25 | 9 | 1 |
| सूर्यवंशी का बार्टलेट बो बराड़ | 40 | 15 | 4 | 4 |
| सैमसन का यानसेन बो उमरजई | 20 | 16 | 1 | 1 |
| रियान पराग बो बराड़ | 13 | 11 | 0 | 1 |
| ध्रुव जुरेल का ओवेन बो यानसेन | 53 | 31 | 3 | 4 |
| हेटमायर का बार्टलेट बो उमरजई | 11 | 12 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 07 | 07 | 0 | 0 |
| हसारंगा का प्रभसिमरन बो यानसेन | 00 | 01 | 0 | 0 |
| क्वेना मफाका नाबाद | 08 | 02 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 209/7
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-60-0, यानसेन 3-0-41-2, बार्टलेट 1-0-12-0, बराड़ 4-0-22-3, चहल 4-0-30-0, उमरजई 4-0-44-2.

## मनिका, मानव विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे



**दोहा।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रविवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि मानव ठक्कर ने भी अपने एकल अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की। बाईसवीं वरीयता प्राप्त मनिका ने महिला एकल मुकाबले में नाइजीरिया की फातिमा बेलो पर 4-0 (11-5, 11-6, 11-8, 11-2) से शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला सिर्फ 24 मिनट तक चला। अंतिम 64 दौर में उनके सामने कोरिया की पार्क गाहियोन की चुनौती होगा। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष एकल खिलाड़ी ठक्कर ने भी शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में न्यूजीलैंड के टिमोथी चोई को 4-1 (11-3, 11-8, 6-11, 11-7, 14-12) से हराया।

### देसाई और साथियान हारे

हरमीत देसाई और जी साथियान की पुरुष युगल जोड़ी को हालांकि ऑस्ट्रिया के मैसीज कोलोडिजिक और मोल्डोवा के व्लादिस्लाव उर्सु से 1-3 (9-11, 12-10, 14-16, 10-12) से हार का सामना करना पड़ा। देसाई को मिश्रित युगल में भी यशस्विनी घोरपड़े के साथ मिलकर हार का सामना करना पड़ा। 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी फ्रांस के थिबॉल्ट पोरेट और लीना होचार्ट के खिलाफ 2-0 की बढ़त का फायदा उठाने में विफल रही। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट भी गंवाते हुए 2-3 (11-8, 11-6, 10-12, 8-11, 10-12) से हार गई।

### खबर संक्षेप




### खेलो इंडिया : स्कूली खेल मार्शल आर्ट की शुरुआत

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को खेलो इंडिया पहल के दायरे को व्यापक बनाने की घोषणा की जिसमें इस साल से स्कूली खेल, मार्शल आर्ट, तटीय खेल और 'वाटर स्पोर्ट्स' शामिल होंगे। खेलो इंडिया का वार्षिक कैलेंडर लॉन्च करते हुए मांडविया ने कहा कि सरकार जल्द ही खेलो इंडिया खेलों और अन्य प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला शुरू करेगी जिसमें खेलो इंडिया 'नॉर्थ-ईस्ट गेम्स' भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, जमीनी स्तर पर प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देना और प्रतिभाओं की पहचान के लिए साल भर के लिए रणनीतिक कार्यक्रम प्रदान करना है।

### ईसीबी ने डेटा विश्लेषकों को बर्खास्त किया: रिपोर्ट

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से कुछ सप्ताह पहले अपने डेटा विश्लेषक फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया क्योंकि मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं।




इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी।'

### दीक्षा नौवें पायदान पर 3 भारतीयों ने बनाई कट

**हिल्वरसम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर डच लेडीज ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से नौवें पायदान पर है। दीक्षा ने आखिरी छह होल में तीन बर्डी और एक बोगी लगाई जिससे उनका कुल स्कोर तीन अंडर का है। अन्य भारतीयों में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर की नंबर एक खिलाड़ी हिताशी बक्शी ने 73 का कार्ड खेला।



हरभजन का बड़ा दावा

## असली फैन तो धोनी के, बाकी सोशल मीडिया वाले तो फर्जी




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं हैं। पूर्व भारतीय कप्तान करोड़ों लोगों के लिए एक भावना बन चुके हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी के फैंस को लेकर बड़ी बात कही है। भज्जी के अनुसार सिर्फ धोनी के फैंस ही असली हैं। धोनी ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। तब से वह सिर्फ आईपीएल में ही खेलते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस उन्हें प्यार से थाला कहते हैं और उनका जबरदस्त क्रेज है। जब भी धोनी बल्लेबाजी करने मैदान में उतरते हैं, तो स्टेडियम तालियों और शोर से गूंज उठता है। पीली जर्सी से भरे स्टैंड्स का नजारा किसी त्योहार से कम नहीं होता।

फैंस बस एक झलक पाने के लिए पागल हो जाते हैं और शोर का स्तर आसमान छूने लगता है। चाहे चेन्नई में हो या किसी और शहर में, जब सीएसके का मैच होता है और धोनी मैदान पर होते हैं, तो स्टेडियम खचाखच भर जाता है। घरेलू टीम से ज्यादा फैंस चेन्नई सुपर किंग्स के आते हैं। ये सब कुछ महेंद्र सिंह धोनी की वजह से ही होता है।

### सिर्फ धोनी के फैंस ही सच्चे

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी के फैंस को लेकर बड़ी बात कही है। भज्जी के अनुसार सिर्फ धोनी के फैंस ही असली हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा- अगर किसी खिलाड़ी के असली फैन हैं, तो वो धोनी के हैं। बाकी तो आजकल सोशल मीडिया पर आधे फैन तो पैसे देकर बनाए जाते हैं। कितना बचा हुआ है और जब तक दम है खेलो भाई। अगर मेरी टीम होती तो मैं कुछ और फैसला लेता। लेकिन बात साफ है कि फैन तो चाहेंगे कि वो खेले, क्योंकि उनके फैन सच्चे हैं। सीएसके के फैन जो हैं, वो असली हैं। बाकी जो सोशल मीडिया पर दिखाई देते हैं, उनके नंबरों को छोड़िए, उन पर कभी बैठकर बात करेंगे। इस बार देखा जाए तो धोनी ने ठीक-ठाक खेला है। हरभजन सिंह की बातें सुनकर उनके साथ बैठे आकाश चोपड़ा भी सहमत थे। उन्होंने कहा- इतना भी सच नहीं बोलना था।

## बाबर और रिजवान की टी20 टीम में हो वापसी

**कराची।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के नए कोच माइक हेसन चयनकर्ताओं द्वारा टी20 प्रारूप के लिए नजरअंदाज किये गये अनुभवी बल्लेबाजों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के करियर को खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एक बार फिर से परखना चाहते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि हेसन ने इस सप्ताह चयनकर्ताओं से बातचीत में बाबर और रिजवान की टी20 टीम में वापसी की वकालत की है।



इन दोनों पूर्व कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों को अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए बाहर कर दिया गया था। न्यूजीलैंड दौरे से पहले रिजवान को राष्ट्रीय टी-20 कप्तान के पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह सलमान अली आगा को कप्तान बनाया गया था। न्यूजीलैंड में पाकिस्तान की टीम 1-4 से हार गई थी। उससे पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में भी उसे हार सामना करना पड़ा था।

## भारत में खेलने के लिए वीजा गारंटी चाहता है पाकिस्तान

एजेंसी ▸▸ कराची

पाकिस्तान हॉकी महासंघ चाहता है कि एशियाई हॉकी महासंघ भारत में 27 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए उसके दल के लिए वीजा की गारंटी दे। यह जानकारी पीएचएफ के एक अधिकारी ने दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव के कारण राजगीर (बिहार) में होने वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी गंभीर संदेह में है और हॉकी इंडिया ने कहा है कि वह इस मामले पर सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी लेकिन हम इस मुद्दे पर सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे, जैसा कि पहले भी होता रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए बर्बर हमले और उसके बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद हम अभी कुछ भी भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं।' पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एशिया कप पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है।



## भांबरी और गैलोवे बोर्डो चैलेंजर में बने उपविजेता

**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे रविवार को यहां बोर्डो में एटीपी चैलेंजर स्पर्धा के रोमांचक खि ता बी मुकाबले की चुनौती से निपटने में नाकाम रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय और अमेरिकी खिलाड़ियों की जोड़ी पुर्तगाल के फ्रांसिस्को कैब्राल और ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-7(1), 6-7(2) से हार गई। भारत के एन श्रीराम बालाजी और सुमित नागल इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट का हिस्सा थे लेकिन वे अपने-अपने मुकाबलों में अलग-अलग चरणों में हार गए।



भारत के पूर्व कोच शास्त्री का फैसला साबित हुआ 'मास्टर स्ट्रोक'

# रोहित के मध्यक्रम में ऊबने पर बनाया सलामी बल्लेबाज

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते समय ऊब जाते थे इसलिए उन्होंने 2019 में 'हिटमैन' को सलामी बल्लेबाज बनाने का फैसला किया। शास्त्री का यह फैसला 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हुआ और इसने पारंपरिक प्रारूप में रोहित के करियर को नया मोड़ दिया। शास्त्री 2017 में भारत के मुख्य कोच बने और 2021 में उन्होंने राहुल द्रविड़ को कमान सौंप दी। उनके चार साल के कार्यकाल के दौरान रोहित भारत के सबसे आक्रामक टेस्ट सलामी बल्लेबाज में से एक बन कर उभरे।

### 2019 विश्व कप में किया पारी का आगाज

रोहित ने हाल ही में खेल के इस पारंपरिक प्रारूप को अलविदा कह दिया। उन्होंने अपने शानदार करियर में 67 मैचों में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 4,301 रन बनाए। शास्त्री ने कहा कि उन्होंने 2019 विश्व कप के दौरान ही रोहित का इस्तेमाल टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में करने का फैसला कर लिया था। वह इस विश्व कप में पांच शतक और 81 की औसत से 648 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि उन्होंने तत्कालीन कप्तान विराट कोहली के साथ रोहित को सलामी बल्लेबाज के तौर पर आगे बढ़ाने के विचार पर चर्चा की थी। रोहित को तुरंत सफलता मिली, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शीर्ष क्रम में अपने पहले टेस्ट में दो शतक जड़े।

### पहली बार पारी का आगाज करते बनाया शतक

शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'चार, पांच नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह लड़का ऊब जाता था। मैंने फिर इस पर विचार करना शुरू किया कि वह वनडे क्रिकेट में इतना सफल क्यों है? वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर जल्दी जाना पसंद करता है। मैंने सोचा कि अगर उसे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा जाए तो उसके पास तेज गेंदबाजों को खेलने, शॉट लगाने के लिए पर्याप्त समय होगा। मैं अगर गलत नहीं हूं तो यह फैसला अगस्त 2019 में लिया गया था। उस विश्व कप के बाद।



**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर**
**क्षेत्रीय बस स्टेंड के पीछे, दमोह नाका, शांतिनगर, जबलपुर म.प्र.**
E-mail cephedjab@nic.in, cejabalpur@gmail.com Phone No. 0761-2349927

क्रमांक/513/स्था./मु.अ./लो.स्वा.या./2025 **विज्ञप्ति** जबलपुर, दिनांक 13/5/25

श्री राजेन्द्र सिंह रघुवंशी, आत्मज स्व. श्री प्रेमसिंह रघुवंशी, सफाई कामगार, नियमित पदस्थापना में कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर दिनांक 01.11.2016 से निरंतर कार्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर द्वारा कई बार पत्राचार / विज्ञप्ति जारी किये जाने के उपरांत भी श्री राजेन्द्र सिंह रघुवंशी, सफाई कामगार अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। अतः म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के परिपत्र दिनांक 02 फरवरी 2000 एवं परिपत्र दिनांक 16 अगस्त 2000 में विहित प्रावधानो के तहत युक्तिसंगत विधिक निर्णय लेते हुए इस कार्यालय के आदेश क्र. 104 / स्था. / मु.अ./ लो.स्वा.यां.वि. / जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर दिनांक 08.05.2025 के द्वारा म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1) के भाग (एक) (दो) (तीन) एवं 7 तथा नियम 18 में नियम 18 में विहित प्रावधानो के तहत 07 वर्ष से अनाधिकृत रूप से कर्तव्य से अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 (9) के निहित प्रावधानो के तहत शासकीय सेवा से पदच्युत (Dismissal) किया जाता है।

(एच. एस. गौड़)
मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर,

G-12993/25




Cheil-26363/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240